वर्ष-07 · अंक 321
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शुक्रवार, 28 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित





लखनऊ मंडल में विकास योजनाओं की समीक्षा......... 3
शहरों में अतिक्रमण: कार्रवाई गरीब पर, संरक्षण प्रभावशाली को ......... 4
जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं की प्रगति की ........ 11







## आज से 60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं का रोडवेज बसों में सफर मुफ्त



**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को बड़ी राहत देते हुए शुक्रवार से साधारण रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया है। लोकमाता अहिल्या बाई मातृ शक्ति यात्रा योजना के तहत लागू होने वाली इस व्यवस्था को राज्यपाल की मंजूरी भी मिल चुकी है। योजना का उद्देश्य बुजुर्ग महिलाओं को सुरक्षित और सुगम सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराना है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि योजना का लाभ उत्तर प्रदेश की निवासी 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को मिलेगा। पात्र महिलाओं को बस में यात्रा के दौरान अपनी आयु और पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दिखाना होगा। पहचान पत्र के आधार पर परिचालक द्वारा ईटीआईएम मशीन से शून्य मूल्य का टिकट जारी किया जाएगा। मुफ्त यात्रा का लाभ लेने वाली महिलाओं के लिए यात्रा के दौरान पहचान पत्र साथ रखना जरूरी होगा। बस में परिचालक द्वारा पहचान पत्र की जांच के बाद ईटीआईएम मशीन से टिकट जारी किया जाएगा। इस टिकट का मूल्य शून्य होगा, लेकिन इसमें यात्रा से संबंधित आवश्यक जानकारी दर्ज रहेगी। टिकट पर बस संख्या के साथ यात्रा शुरू करने वाले स्थान और गंतव्य का विवरण भी दर्ज किया जाएगा। इससे मुफ्त यात्रा का रिकॉर्ड तैयार करने में परिवहन निगम को सुविधा होगी और योजना के तहत किए जा रहे व्यय का सही आकलन किया जा सकेगा। परिवहन निगम योजना के तहत मुफ्त यात्रा करने वाली महिलाओं का प्रत्येक महीने का सत्यापित विवरण तैयार करेगा। इसमें कितनी महिलाओं ने योजना का लाभ लिया और उनकी मुफ्त यात्रा पर कितना खर्च हुआ, इसका पूरा ब्योरा शामिल होगा। परिवहन निगम यह विवरण परिवहन विभाग को उपलब्ध कराएगा। इसके आधार पर शासन द्वारा योजना के तहत होने वाली यात्रा की प्रतिपूर्ति राशि सीधे परिवहन निगम को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे निगम पर मुफ्त यात्रा की वजह से पड़ने वाले वित्तीय भार की भरपाई की जा सकेगी। योजना के लाभार्थियों के लिए स्मार्ट कार्ड जारी करने की तैयारी भी परिवहन निगम की ओर से की जा रही है। स्मार्ट कार्ड व्यवस्था शुरू होने के बाद पात्र महिलाओं को यात्रा के दौरान सुविधा मिलने की उम्मीद है। विभाग जल्द ही स्मार्ट कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

# नेपाल बाढ़ में 359 मौतें, 285 भारतीय लापता, भारत ने कंट्रोल रूम बनाया

**काठमांडू(एजेंसी)।** नेपाल में बुधवार को आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन ने बड़े पैमाने पर तबाही मचा दी है। बाढ़ से अब तक 359 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। आपदा के बाद नेपाल के कई जिलों में राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। इस बीच नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए भारत सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय का 24 घंटे संचालित होने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 27 अगस्त की शाम 6:45 बजे तक 285 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पाया था। हालांकि राहत एवं बचाव अभियान के दौरान त्रिशूली-1 परियोजना में काम करने वाले 33 कर्मचारियों और तमिलनाडु के 21 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मंत्रालय ने नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों की सहायता के लिए फोन, व्हाट्सऐप और ई-मेल के माध्यम से संपर्क की सुविधा उपलब्ध कराई है। काठमांडू और



बीजिंग स्थित भारतीय दूतावासों में भी चौबीसों घंटे हेल्पलाइन शुरू की गई है। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित इलाकों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों के फंसे होने की सूचना के बाद भारतीय अधिकारियों ने नेपाली प्रशासन के साथ समन्वय बढ़ा दिया है। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और उनके परिजनों तक सही जानकारी पहुंचाना प्राथमिकता में रखा गया है। राहत अभियान के दौरान कई भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया है। अधिकारियों के अनुसार, त्रिशूली-1 परियोजना के 33 कर्मचारियों तथा तमिलनाडु के 21 लोगों को बचाया जा चुका है। वहीं एक रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि लापता लोगों में शामिल 100 भारतीय नागरिकों और 25 चीनी कामगारों का पता लगा लिया गया है। राहत और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रही हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित नुवाकोट जिले का दौरा कर राहत एवं बचाव अभियान की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बट्टार बाजार स्थित सेना प्रशिक्षण केंद्र में अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावित क्षेत्रों की मौजूदा स्थिति, खोज अभियान और राहत कार्यों की जानकारी ली। नुवाकोट के देवीघाट क्षेत्र में बाढ़ से व्यापक नुकसान हुआ है। कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बड़ी संख्या में परिवारों के सामने रहने और भोजन की समस्या खड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ लोग अभी भी लापता हैं और उनके परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे हैं। एक स्थानीय निवासी जनक बहादुर नेपाली ने बताया कि उनका घर पूरी तरह तबाह हो गया है। प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, पानी और सुरक्षित आवास की समस्या बनी हुई है। प्रशासन और राहत एजेंसियां प्रभावित लोगों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। नेपाल पुलिस के अनुसार बुधवार को आई भीषण बाढ़ में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती गई। गुरुवार को कई इलाकों से बड़ी संख्या में शव बरामद किए गए। चितवन और नवलपरासी ईस्ट में सबसे अधिक शव मिलने की सूचना है। पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवान मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

## रक्षाबंधन से पहले दिल्ली-जयपुर हाईवे पर 8 किमी लंबा जाम

**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को घर जाने वाले लोगों की भारी भीड़ के चलते दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर करीब आठ किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जबकि गाजियाबाद में भी कई प्रमुख मार्गों पर वाहन घंटों रेंगते नजर आए। सड़कों पर बढ़े यातायात दबाव के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में सामान्य से कहीं अधिक समय लगा। गाजियाबाद में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर लालकुआं से डासना तक लंबा जाम लगा रहा। जाम इतना भीषण था कि सड़क पर वाहनों की लंबी कतार दिखाई दी। डासना, लालकुआं और सेक्टर-62 के आसपास वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी रही। वेव सिटी के आगे एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई, जिससे यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए। रक्षाबंधन के चलते बड़ी संख्या में लोग दिल्ली-एनसीआर से अपने घरों और रिश्तेदारों के यहां जाने के लिए निकले थे। इसके कारण सुबह से ही प्रमुख राजमार्गों और संपर्क मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। शाम होते-होते स्थिति और बिगड़ गई। यातायात पुलिस ने रक्षाबंधन को देखते हुए 26 अगस्त से 28 अगस्त की रात तक एनएच-9 पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है। भारी वाहनों को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की ओर भेजने के लिए डायवर्जन की व्यवस्था की गई थी।

# भागवत के अमेरिकी दौरे से पहले विवाद

### आयोजक का ‘एक्स’ खाता निलंबित

**न्यूयॉर्क(एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के प्रस्तावित न्यूयॉर्क कार्यक्रम को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग (एहेड) का सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर मौजूद खाता अचानक निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी आरएसएस और प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सार्वजनिक रूप से अपना विरोध जता चुके हैं। वहीं, अमेरिका की धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी सलाहकार संस्था यूएससीआईआरएफ ने भी अमेरिकी प्रशासन से भागवत का वीजा रद्द करने की मांग की है। मोहन भागवत 29 अगस्त को



न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन स्थित इंफोसिस थिएटर में आयोजित होने वाले ‘यूनिवर्सल ऑननेस सेलिब्रेशन’ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। भागवत फिलहाल अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन की यात्रा पर हैं। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। इसी बीच आयोजक संस्था एहेड का ‘एक्स’ खाता निलंबित होने से कार्यक्रम को लेकर चल रहा विवाद और गहरा गया है। फिलहाल खाते के निलंबन का स्पष्ट कारण सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। एहेड की ओर से कहा गया है कि ‘एक्स’ खाते का निलंबन गलती से हुआ हो सकता है। संगठन का दावा है कि उसके सोशल मीडिया संचार में शांति, एकता, सद्भाव और विभिन्न धर्मों एवं संस्कृतियों के बीच संवाद को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। आयोजकों ने कहा कि उन्होंने मंच की नीतियों का पालन किया है। ऐसे में खाते के अचानक निलंबित होने को लेकर संगठन ने आश्चर्य जताया है। हालांकि, सोशल मीडिया मंच की ओर से निलंबन के कारणों को लेकर फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। भागवत के कार्यक्रम को लेकर न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी भी विरोध जता चुके हैं। उन्होंने कहा है कि वह आरएसएस या प्रस्तावित कार्यक्रम का समर्थन नहीं करते। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी निजी कार्यक्रम को रद्द करने का अधिकार शहर प्रशासन के पास है या नहीं, यह अलग कानूनी विषय है। ममदानी ने आरएसएस की विचारधारा पर भी सवाल उठाए और इसे देश की समावेशी सोच के लिए चिंताजनक बताया। उनके बयान के बाद भारत में भी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं और इस मुद्दे को लेकर बहस तेज हो गई है। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा गठित धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी सलाहकार संस्था यूएससीआईआरएफ ने अमेरिकी प्रशासन से मोहन भागवत का वीजा रद्द करने की मांग की है। संस्था ने आरएसएस से जुड़े संगठनों पर धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसक हमलों से जुड़े आरोप लगाए हैं। हालांकि, भारत सरकार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। भारत ने यूएससीआईआरएफ की विश्वसनीयता और उसके आकलन पर भी सवाल उठाए हैं।

# अमेठी में बनी स्वदेशी एके-203 ‘शेर’, सेना को मिलेंगी 6 लाख राइफलें

**अमेठी(एजेंसी)।** भारतीय सेना की दशकों पुरानी इंसास राइफल की जगह लेने वाली एके-203 असॉल्ट राइफल अब पूरी तरह स्वदेशी हो गई है। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के कोरवा स्थित संयंत्र में ‘शेर’ नाम की पहली पूरी तरह स्वदेशी एके-203 राइफल तैयार की गई है। इसमें एक भी विदेशी पुर्जा या कच्चा माल इस्तेमाल नहीं किया गया है। भारत-रूस सहयोग से शुरू हुई यह परियोजना अब पूर्ण स्वदेशी उत्पादन के चरण में पहुंच गई है। राइफल का मूल डिजाइन रूस से संबंधित है, लेकिन अब इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सभी पुर्जे और कच्चे माल भारतीय उद्योगों से लिए जा रहे हैं। यह उपलब्धि देश के रक्षा उत्पादन और आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



भारतीय सेना में लंबे समय से इस्तेमाल हो रही 5.56 मिलीमीटर इंसास राइफल को चरणबद्ध तरीके से हटाकर उसकी जगह 7.62м39 मिलीमीटर क्षमता वाली एके-203 को शामिल किया जा रहा है। सरकार ने वर्ष 2021 में एके-203 को इंसास के स्थान पर सेना में शामिल करने की योजना स्पष्ट की थी। रक्षा मंत्रालय और इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) के बीच 6,01,427 एके-203 राइफलों की आपूर्ति के लिए करीब 5,200 करोड़ रुपये का अनुबंध हुआ है। इन राइफलों की आपूर्ति भारतीय सेना को की जानी है। कोरवा संयंत्र में एके-203 का उत्पादन शुरू होने के समय रूस से प्राप्त तकनीकी हस्तांतरण का इस्तेमाल किया गया था। शुरुआती दौर में राइफल के निर्माण में स्वदेशी उपकरण और पुर्जों की हिस्सेदारी सीमित थी। धीरे-धीरे भारतीय कंपनियों ने इसके अलग-अलग हिस्सों के निर्माण की क्षमता विकसित की। अब आईआरआरपीएल के अनुसार पूरी तरह स्वदेशी संस्करण तैयार किया जा चुका है। इसमें इस्तेमाल होने वाला प्रत्येक पुर्जा और कच्चा माल भारतीय उद्योग से लिया गया है। राइफल के फायरिंग और बर्स्ट फायरिंग परीक्षण भी किए जा चुके हैं।

# नगर पालिका बस्ती का समस्त क्षेत्र अवैध होल्डिंग्स से पटा

## ईओ बस्ती की कार्यप्रणाली पर खड़ा हो रहा बड़ा सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती-** नगर पालिका बस्ती के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अवैध होल्डिंग/प्राइवेट होल्डिंग लगाए जाने का मामला सामने आया है। जगह-जगह लगे इन होर्डिंग्स को लेकर नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि नियमानुसार नगर पालिका क्षेत्र में निजी मकान, जमीन अथवा अन्य स्थान पर विज्ञापन संबंधी होल्डिंग लगाने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेना और निर्धारित शुल्क सरकारी खाते में जमा करना आवश्यक होता है। अनुमति एवं शुल्क जमा करने के बाद ही नियमानुसार होल्डिंग लगाने की अनुमति दी जाती है।



वहीं, बिना अनुमति के लगाए गए होल्डिंग्स के खिलाफ नगर पालिका द्वारा नियमानुसार कार्रवाई, जुर्माना लगाने तथा उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। इसके बावजूद नगर पालिका बस्ती क्षेत्र में जगह-जगह अवैध तरीके से लगी प्राइवेट होल्डिंग्स पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की लापरवाही के चलते बिना अनुमति लगाए गए होल्डिंग्स के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है और न ही संबंधित लोगों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जा रहा है।

अब सवाल यह है कि नगर पालिका प्रशासन इन अवैध होल्डिंग्स की जांच कराकर कितनी कार्रवाई करता है? क्या जिम्मेदार अधिकारी मौके पर अभियान चलाकर बिना अनुमति लगी होल्डिंग्स को हटवाएंगे और राजस्व की वसूली सुनिश्चित करेंगे? सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर जांच और विभागीय कार्रवाई करता है या फिर अवैध होल्डिंग्स का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है। मामला नगर पालिका बस्ती क्षेत्र में लगे अवैध होल्डिंग/प्राइवेट होल्डिंग्स से जुड़ा हुआ है।

**सुन्दर बस्ती स्वच्छ बस्ती को पलीता लगा रहे ईओ बस्ती**

# भैरोपुर में चल रहे विकसित भारत जी राम जी कार्यों में बड़े पैमाने पर जारी है फर्जीवाड़ा

## 146 मजदूरों की फर्जी हाजिरी को लेकर ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से की जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले ग्रामपंचायत भैरोपुर में विकसित भारत जी राम जी के तहत कराए जा रहे कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर पर्याप्त कार्य कराए बिना ही मजदूरों की हाजिरी दर्ज की जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक बरसात के मौसम में पटरी सफाई के नाम पर करीब 146 मजदूरों की हाजिरी दर्ज किए जाने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि इस हाजिरी के माध्यम से प्रतिदिन करीब 43 हजार रुपये के मजदूरी भुगतान का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आ सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यस्थल पर वास्तविक मजदूरों की संख्या और दर्ज की गई हाजिरी में अंतर है तथा बिना पर्याप्त कार्य के ही मस्टर रोल पर मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वहीं, ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से ग्राम पंचायत भैरोपुर में कराए जा रहे विकसित भारत जी राम जी के कार्यों, मस्टर रोल, मजदूरों की उपस्थिति और भुगतान की स्थलीय जांच एवं अभिलेखों के सत्यापन की मांग की है।

मामले में हरैया ब्लॉक के बीडीओ विनय कुमार द्विवेदी की निगरानी में कराए जा रहे कार्यों पर भी सवाल उठाए गए हैं। हालांकि, जिम्मेदार अधिकारियों या ग्राम पंचायत से इस संबंध में आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विकास कार्यों के नाम पर कागजों में ही मजदूरों की हाजिरी और भुगतान होता रहा तो ग्राम पंचायत का वास्तविक विकास प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तथा सरकारी धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**धरातल पर कार्य कराने के बजाए ग्राम प्रधान शीला सिंह कागज में करा रही विकास कार्य- ग्रामीण**
**महिला मेट आरती तिवारी के आईडी से धड़ल्ले से लग रही प्रतिदिन 43800 रुपये की फर्जी हाजिरी**

महिला मेट आरती तिवारी की आईडी से धड़ल्ले से बड़े पैमाने पर फर्जी हाज़िरी लग रही है। महिला मेट को ग्राम पंचायत भैरोपुर के विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं है मात्र अपने कमीशन से मतलब है। ग्राम प्रधान शीला सिंह उच्च अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर फर्जीवाड़ा करने में बाजी मार रही है जिसको लेकर जिले में तरह- तरह की चर्चाएं चल रही है।

## जिला मंत्री बनने पर सीपी पांडेय का हुआ स्वागत



**लालगंज (रायबरेली)।** वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं शिक्षक चंद्रप्रकाश पांडेय को भाजपा जिला कार्यसमिति में जिला मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। साकेत नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में समर्थकों और भाजपा नेताओं ने उन्हें फूल मालाओं से सम्मानित किया। साथ ही नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।चंद्रप्रकाश पांडेय बरातीलाल गंगाराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उप प्रधानाचार्य हैं। वह पूर्व में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक और सरेनी विधानसभा संयोजक की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संगठन ने उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें जिला कार्यसमिति में जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा मंडल महामंत्री राजेश कुमार निर्मल ने कहा कि पांडेय के जिला मंत्री बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उनके संगठनात्मक अनुभव का लाभ कार्यकर्ताओं को मिलेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार सिंह मुन्ना, जयशंकर चौधरी और संजय बाजपेई सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुकृति गुसाई के भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बनने पर किला मजदूर यूनियन ने दी बधाई

**कानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाई रावत को भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर किला मजदूर यूनियन, आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री कानपुर के महामंत्री समीर बाजपेई ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की हरी झंडी के बाद प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी कुंदन परिहार द्वारा 25 अगस्त 2026 को जारी आठ नए प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची में अनुकृति गुसाई रावत को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें कोटद्वार से प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है।

# गनेशपुर में अवैध पैथोलॉजी सेंटरों के संचालन का आरोप, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर पंचायत गनेशपुर क्षेत्र में कथित रूप से मानकों के विपरीत संचालित हो रहे पैथोलॉजी सेंटरों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में कई ऐसे सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां पंजीकरण, योग्य पैथोलॉजिस्ट, प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ और आवश्यक जांच सुविधाओं से जुड़े मानकों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिंडारी कोठी के सामने शिवानी, दिशा मैरेज हाल के सामने सिकटा रोड सहित अन्य स्थानों पर संचालित कुछ पैथोलॉजी सेंटरों की कार्यप्रणाली की जांच की आवश्यकता है। इश्रौंवी हिन्द तथा चंद्रा पैथोलॉजी सेंटर को लेकर भी जांच के नाम पर मनमानी वसूली किए जाने के आरोप सामने आए हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ स्थानों पर अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा जांच रिपोर्ट तैयार किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। आरोप है कि साधारण से लेकर जटिल रक्त व अन्य जांचों के नाम पर मरीजों से अलग-अलग और मनमानी रकम वसूली जा रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि गनेशपुर क्षेत्र में संचालित सभी पैथोलॉजी सेंटरों के पंजीकरण, मान्यता, संचालक की योग्यता, पैथोलॉजिस्ट की उपलब्धता, तकनीकी स्टाफ, जांच मशीनों तथा रिपोर्ट जारी करने की व्यवस्था की गहन जांच कराई जाए। यदि जांच में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की प्रभावी निगरानी नहीं होने के कारण ऐसे सेंटरों का संचालन बढ़ रहा है। उनका कहना है कि मरीजों के स्वास्थ्य से जुड़ी जांच में किसी भी तरह की लापरवाही गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। ऐसे में विभाग को शिकायतों का संज्ञान लेकर अभियान चलाकर जांच करनी चाहिए।

# 10 हजार से अधिक बहनों से समाजसेवी मनीष मिश्रा ने बंधाया रक्षाबंधन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में रक्षाबंधन पर्व के पहले आज बस्ती की अपनी बहनों के साथ राखी का यह पवित्र पर्व मनाने का सौभाग्य समाज सेवी मनीष मिश्रा को मिला। बहनों का स्नेह और अपनापन मेरे लिए केवल राखी का रिश्ता नहीं, बल्कि उस आत्मीय बंधन की अनुभूति है, जो बस्ती को मेरे लिए एक परिवार बनाता है। बहनों की राखी में प्रेम, स्नेह और अपनापन था, साथ ही इस रिश्ते को निभाने की जिम्मेदारी का भाव भी था। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने के लिए सदैव संकल्पित हूं।

योगीराज श्रीकृष्ण की कृपा से हमें इतना सामर्थ्य मिला कि जहां लगभग 5,000 बहनों के लिए आयोजन की तैयारी की गई थी, वहीं 10,200 से अधिक बहनों के पहुंचने के बावजूद प्रत्येक बहन का यथोचित सत्कार और सम्मान सुनिश्चित किया गया।

इस आयोजन में कुछ लोगों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने के प्रयास भी किए गए, लेकिन जब नीयत साफ हो और ईश्वर का आशीर्वाद साथ हो, तो कोई भी अड़चन सेवा और स्नेह के संकल्प को रोक नहीं सकती। हर परिस्थिति के बीच 10,200 से अधिक बहनों को नेग और साड़ी देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। हमारा प्रयास रहा कि किसी भी बहन के सम्मान और सत्कार में कोई कमी न रह जाए।बहनों का प्यार, उनका आशीर्वाद और यह पवित्र भाई-बहन का बंधन यूं ही मजबूत बना रहे, यही मेरी कामना है। समाज सेवी मनीष मिश्रा ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# महराजगंज तराई में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, हजारों अकीदतमंद हुए शामिल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर महराजगंज तराई।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी में गुरुवार को महराजगंज तराई क्षेत्र में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला। जुलूस-ए-मोहम्मदी की कयादत मौलाना मुर्तजा शरीफी, मौलाना फैयाज मिस्बाही, हाफिज रियाज अख्तर मिस्बाही, कारी नुरुद्दीन साहब सहित मदरसा अहले सुन्नत नुरुल उलूम अतिकिया महराजगंज तराई के तमाम उस्तादों ने की। जुलूस में शामिल लोगों ने नात-ए-पाक पढ़ते हुए पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में सलाम पेश किया। जुलूस के आयोजन में ताजदारे हिल्लो-हरम नौजवान कमेटी के सदर मो. सलीम, आफताब आलम, अफजल मंसूरी, ऐनुल हसन, निहाल अहमद, अब्दुल कय्यूम, मो. शफीक अंसारी, मो. इस्माइल सहित कमेटी के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जुलूस में महराजगंज तराई और आसपास के इलाकों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजकों ने लोगों से त्योहार को आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। जुलूस के दौरान अनुशासन और शांति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। हजारों लोगों की मौजूदगी से क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा।

# रक्षाबंधन पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 40 किलो फफूंदी युक्त खोया कराया नष्ट

## मिठाई प्रतिष्ठानों पर छापा, सात खाद्य पदार्थों के नमूने जांच को भेजे गए



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना एवं सहायक आयुक्त (खाद्य)-II के नेतृत्व में खाद्य सचल दल ने मुसाफिरखाना एवं अमेठी क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीकृष्ण चौहान ने मुसाफिरखाना स्थित पराग स्वीट्स कारखाने से खोया का नमूना संग्रहित किया। जांच के दौरान लगभग 40 किलोग्राम खोया में चीनी मिश्रित फफूंदी लगा हुआ पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। उक्त खोये का अनुमानित मूल्य लगभग 16 हजार रुपये बताया गया है। कार्रवाई के दौरान संबंधित प्रतिष्ठान से छोना मिठाई का भी नमूना संग्रहित किया गया। वहीं एक अन्य कारखाने में गंदगी पाए जाने पर संचालक को सुधारात्मक कार्रवाई हेतु नोटिस जारी किया गया। खाद्य विभाग की टीम ने मेसर्स धनेशा राजपूत के प्रतिष्ठान से छेना एवं मिल्क केक के नमूने भी लिए। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी पूजा गुप्ता द्वारा अमेठी स्थित बंगाली स्वीट्स हाउस, किसान डेयरी गौरीगंज तथा मधुसुदन स्वीट्स एंड डेयरी से क्रमशः छेना मिठाई, खोया तथा कलाकंद के नमूने संग्रहित किए गए। सहायक आयुक्त (खाद्य)-II सतीश कुमार शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान कुल सात खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रक्षाबंधन आजः भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पावन पर्व

## बहनें भाइयों की कलाई पर बांधेंगी रक्षासूत्र, भाइयों से मिलेगा प्रेम, स्नेह और रक्षा का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** भाई-बहन के असीम प्रेम, स्नेह, विश्वास और अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन पर्व आज पूरे देश के साथ क्षेत्र में भी श्रद्धा, उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर घर-परिवारों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक राखी बांधेंगी, वहीं भाई बहनों को उपहार भेंट कर उनके सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने तथा जीवनभर उनकी रक्षा और सुरक्षा का संकल्प लेंगे।रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के रिश्ते की गहराई और पवित्रता को अभिव्यक्त करने वाला प्रमुख पर्व है। इस दिन बहनें विधि-विधान से भाई की आरती उतारकर उसके माथे पर तिलक लगाती हैं और कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हैं। इसके बाद भाई अपनी बहन को उपहार देकर उसके सम्मान, सुरक्षा और खुशियों की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दोहराता है।पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक नजर आ रही है। राखी, मिठाइयों, उपहारों और पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी है। बहनों ने भाइयों के लिए आकर्षक राखियों और पसंदीदा मिठाइयों की खरीदारी की है। वहीं भाई भी अपनी बहनों के लिए उपहार खरीदने में जुटे हैं। रक्षाबंधन केवल एक धागा बांधने का पर्व नहीं, बल्कि यह भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, अपनत्व और जिम्मेदारी के मजबूत बंधन का प्रतीक है।



बदलते समय के साथ पर्व मनाने के तौर-तरीकों में भले बदलाव आया हो, लेकिन भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता आज भी उतनी ही गहरी है रक्षाबंधन का पर्व समाज को प्रेम, सौहार्द, पारिवारिक एकता और आपसी सम्मान का संदेश भी देता है। यह पावन अवसर भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करने के साथ परिवार में खुशियों और आत्मीयता का संचार करता है। रक्षाबंधन को लेकर कई पौराणिक मान्यताएं भी हैं जिसमें प्रमुख रूप से जब शिशुपाल वध के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की उंगली कट गई थी और खून बहने लगा था, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दिया था। तब श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हमेशा रक्षा करने का वचन दिया था। देवी लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी ताकि भगवान विष्णु को पाताल लोक से वापस वैकुंठ लाया जा सके। वर्तमान समय में रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का त्यौहार है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को उनका लाभ मिल सके। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा विभागीय स्तर पर विशेष प्रयास कर प्रगति को और बेहतर बनाया जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, मातृ एवं शिशु टीकाकरण, नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, आशा कार्यकर्ताओं की रिपोर्टिंग एवं भुगतान, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम तथा परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक योजना के निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा किया जाए तथा लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित टीकाकरण अभियान की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जनपद के कुछ विद्यालयों एवं मदरसों द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति प्रभावित हो रही है। समीक्षा में सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल गौरीगंज, सैनिक विद्यालय कौहार, मदरसा मोइनिया स्कूल रसूलाबाद, डिवाइन पब्लिक स्कूल मोहिउद्दीनपुर, मदरसा मटेरवा, पीएस/जूनियर हाई स्कूल तथा डीबीएस स्कूल नसरतपुर के नाम सामने आए। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों को चेतावनी दी कि यदि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, विशेषकर टीकाकरण अभियान में सहयोग नहीं किया गया तो उनकी मान्यता निरस्त करने की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

साथ ही जिन संस्थानों को शासकीय सहायता प्राप्त हो रही है, उनके संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में खराब प्रदर्शन करने वाली पांच सीएचओ, आशा एवं एएनएम कर्मियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्मिकों को कठोर चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, किशोर स्वास्थ्य तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाएं, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सहित पांच चिकित्सा अधीक्षकों (एमओआईसी) को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता में स्वास्थ्य विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एमओआईसीगण तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**टीकाकरण अभियान में सहयोग न करने वाले विद्यालयों पर सख्त रुख, मान्यता निरस्तीकरण तक की चेतावनी**

**स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश, खराब प्रदर्शन पर सीएचओ, आशा व एएनएम को चेतावनी**

# पुलिस कार्यालय में बच्चों ने बांधा रक्षा सूत्र, खाकी से जुड़ा अपनत्व का रिश्ता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर गुरुवार को वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल, कल्ला भट्ठा हरिहरगंज, बहराइच रोड बलरामपुर के नन्हे-मुन्ने बच्चे पुलिस कार्यालय पहुंचे। विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में पहुंचे बच्चों ने अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय समेत पुलिस परिवार के अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किए गए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड, रक्षा सूत्र और मिठाइयां पुलिस अधिकारियों को भेंट कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के इस स्नेह और अपनत्व से पुलिस कार्यालय का माहौल भी उल्लास और आत्मीयता से भर गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि एक-दूसरे की सुरक्षा, सम्मान और विश्वास के संकल्प का भी प्रतीक है। पुलिस समाज के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

एएसपी ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें खूब मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने सभी बच्चों को चॉकलेट और उपहार भेंट किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में पुलिस के प्रति मित्रता, विश्वास और सम्मान की भावना विकसित करना तथा पुलिस एवं आमजन के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करना रहा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज और पुलिस के बीच संवाद तथा विश्वास की कड़ी को और मजबूत करते हैं।

**वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे-मुन्नों ने एएसपी समेत पुलिसकर्मियों को बांधी राखी, चॉकलेट व उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे**

## निषाद समाज का महंत राजू दास की टिप्पणी पर प्रदर्शन



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना परिसर में गुरुवार को निषाद समाज ने महंत राजू दास की टिप्पणी का विरोध में प्रदर्शन कर किया।इस प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय पासवान और निषाद समाज के सदस्यों ने एक टीवी चैनल डिबेट में महंत राजू दास द्वारा अमर्यादित भाषा का इस्तमाल पर कड़ी आपत्ति जताई। सपा के पूर्व विधायक विजय पासवान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उसका बाजार थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने महंत राजू दास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ठोस कार्यवाही की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने जोर देकर कहा कि निषाद समाज हमेशा प्रभु श्री राम के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखता आया है। ऐसे में समाज के किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित अपमानजनक भाषा को स्वीकार नही किया जा सकता। इस दौरान मनोज कुमार सहानी, विनोद कुमार सहानी,राम लक्ष्मण साहनी, लवकुश सहानी,शिव कुमार साहनी,अशोक साहनी आदि लोगो ने थाने पर पहुंचकर ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग किया हैं।

# लखनऊ मंडल में विकास योजनाओं की समीक्षा, मण्डलायुक्त ने दिए समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ मंडल के सभी छह जनपदों–लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर और उन्नाव में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर जनपदवार प्रगति की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले क्षेत्रों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त शिवाकांत द्विवेदी के अलावा मंडल के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचना चाहिए। केवल वित्तीय खर्च को उपलब्धि का आधार न मानते हुए योजनाओं की वास्तविक भौतिक प्रगति और आमजन को मिल रहे लाभ पर विशेष ध्यान दिया जाए। अन्त्येष्टि स्थल निर्माण योजना के तहत मंडल में निर्धारित 112 लक्ष्यों के सापेक्ष 104 कार्य पूरे हो चुके हैं। इस तरह 92.86 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है। लखीमपुर खीरी और हरदोई में सभी कार्य पूरे हो चुके हैं। रायबरेली में 95, सीतापुर में 91.30, लखनऊ में 90.91 और उन्नाव में 77.78 प्रतिशत कार्य पूरे हुए हैं। मण्डलायुक्त ने कम प्रगति वाले जनपदों में शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिजिटल लाइब्रेरी योजना के तहत मंडल की 1,093 ग्राम पंचायतों में से 1,069 में फर्नीचर की आपूर्ति पूरी हो चुकी है। यह 97.80 प्रतिशत प्रगति है। हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और उन्नाव में शत-प्रतिशत आपूर्ति हो चुकी है। रायबरेली में 94.94 और लखनऊ में 86.73 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई। अन्य प्रकाशनों की पुस्तकों की आपूर्ति सभी 1,093 ग्राम पंचायतों में पूरी हो चुकी है। मण्डलायुक्त ने लंबित आपूर्ति और भुगतान संबंधी मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने को कहा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मंडल की 6,553 ग्राम पंचायतों में से 4,535 में जन सेवा केन्द्र के माध्यम से सेवाएं दी जा रही हैं, जबकि 2,018 ग्राम पंचायतों में अभी शून्य सेवा दर्ज है। मंडल की औसत प्रगति 69.20 प्रतिशत है। हरदोई 80.43 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है, जबकि लखनऊ की प्रगति 44.81 प्रतिशत है। मण्डलायुक्त ने कम प्रगति वाले जनपदों को विशेष अभियान चलाकर शून्य सेवा वाली ग्राम पंचायतों में सेवाएं शुरू कराने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए। मंडल में 6,553 स्वीकृत पंचायत सहायक पदों के सापेक्ष 6,450 पंचायत सहायक कार्यरत हैं। केवल 103 पद रिक्त हैं। मंडल स्तर पर उपलब्धता 98.43 प्रतिशत है। मण्डलायुक्त ने रिक्त पदों को जल्द भरने तथा ग्राम पंचायतों में सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। वर्ष 2010-11 से 2023-24 तक मंडल में कुल 8,162 ऑडिट प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें 1,592 का निस्तारण हो चुका है, जबकि 6,570 प्रकरण अभी लंबित हैं। मण्डलायुक्त ने लंबित मामलों की संख्या को गंभीरता से लेते हुए पुराने प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

# यूजीसी बिल के विरोध में प्रदर्शन, आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां, सीतापुर।** यूजीसी बिल के विरोध और जातिगत आरक्षण के स्थान पर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को बिसवां कस्बे में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पत्थर शिवालय से तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान 'यूजीसी रोल बैक' और 'काला कानून वापस लो' जैसे नारे लगाए गए। तहसील पहुंचकर क्षेत्रीय नागरिकों एवं प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां राहुल सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। साथ ही देश में वर्तमान जातिगत आरक्षण व्यवस्था को समाप्त कर आर्थिक स्थिति को आरक्षण का आधार बनाए जाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित यूजीसी बिल से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच असमानता और भेदभाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश को जाति, धर्म, भाषा, संप्रदाय और क्षेत्रवाद की संकीर्ण सीमाओं से ऊपर उठकर विकास की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। ऐसे में समाज में विभाजन और विषमता बढ़ाने वाले किसी भी प्रावधान को लागू नहीं किया जाना चाहिए। ज्ञापनकर्ताओं ने मांग की कि आरक्षण का आधार जाति के बजाय व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को बनाया जाए। इसके अलावा सरकारी एवं अर्धसरकारी संस्थाओं तथा निकायों में नियुक्तियों और चयन प्रक्रिया में योग्यता एवं मेरिट को प्रमुख आधार बनाए जाने की मांग की गई, ताकि योग्य उम्मीदवारों को निष्पक्ष अवसर मिल सके। इस मौके पर अश्वनी कुमार त्रिपाठी विजय अवस्थी , तुषार शर्मा, आशुतोष अवस्थी, उमेश कुमार अवस्थी, आमिर खान, गौरव सिंह, पंकज शुक्ला हरिओम बाजपेई आशीष मिश्रा नीरज मिश्रा, रवि अवस्थी, सानुज शुक्ला, भरत शुक्ला, अश्वनी मिश्रा, रूपेश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# क्रांतिकारी मंच का आरक्षण सुधार की मांग को लेकर पांच दिवसीय पदयात्रा 31 अगस्त से सुरु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** आरक्षण व्यवस्था में सुधार समेत विभिन्न मांगों को लेकर क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि मंच के द्वारा पांच दिवसीय पदयात्रा आयोजित की जा रही है। मंच की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार पदयात्रा 31 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगी। आयोजकों ने इसे 'स्वर्ण यात्रा-31' नाम दिया है।मंच के पदाधिकारियों के अनुसार पदयात्रा का उद्देश्य संविधान की मूल भावना में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को केंद्र में रखते हुए जातिगत कानूनों की समीक्षा तथा आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर जनजागरण करना है। आयोजकों ने अपने अभियान का नारा 'आरक्षण नहीं, किसी को संरक्षण मिले गरीबों को' रखा है।जारी कार्यक्रम के मुताबिक पदयात्रा के पहले दिन नेरी से बरगावां, पिसावां, कुतुबनगर, मिश्रिख होते हुए संदना तक पहुंचने और रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है। दूसरे दिन सिधौली, भदिया, रुड़वा, महमूदाबाद सहित अन्य गांवों से होते हुए रेउसा में रात्रि विश्राम प्रस्तावित है।तीसरे दिन तंबौर, लालपुर, लहरपुर तथा अन्य क्षेत्रों से होते हुए हरगांव के काजी कमालपुर में रात्रि विश्राम किया जाएगा। चौथे दिन बड़ागांव, बह्मावली सहित अन्य गांवों से होते हुए महोली और आसपास के क्षेत्रों से गुजरकर हेमपुर, सीतापुर में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम बताया गया है।पदयात्रा के अंतिम दिन सीतापुर के श्यामनाथ मंदिर से होते हुए चुंगी, जीआईसी चौक तक पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की बात आयोजकों ने कही है।

आयोजकों ने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर जनजागरण और रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। मंच ने आरक्षण व्यवस्था पर बहस और सुधार की मांग को लेकर लोगों से पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।यात्रा से जुड़ने के इच्छुक लोग अपना नाम और मोबाइल नंबर उपलब्ध करा सकते हैं। संपर्क के लिए मोबाइल नंबर 9958641970 जारी किया गया है।

# नीरज सिंह के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किए सेवा कार्य

**.....बच्चों को बांटी शिक्षा सामग्री, अस्पताल में मरीजों को फल-बिस्किट वितरित कर मनाया जन्मदिन ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिन पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य कर जन्मदिन मनाया। भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र पांडेय 'धीरू' की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों की मदद कर समाजसेवा का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुरसैनी स्थित विद्यालय से हुई। यहां छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन सहित अन्य शिक्षा सामग्री वितरित की गई। शिक्षा सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यकर्ताओं ने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम मोहनलालगंज स्थित विद्या हॉस्पिटल पहुंची। यहां भर्ती 50 से अधिक मरीजों को फल, बिस्किट, फ्रूटी, पानी सहित अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यकर्ताओं ने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मरीजों और उनके तीमारदारों ने सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर जिला महामंत्री धीरेन्द्र पांडेय 'धीरू' की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर नीरज सिंह का जन्मदिन मनाया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सनी पांडेय, अविनाश तिवारी, नवीन मिश्रा, अंकित मिश्रा, योगेंद्र तिवारी, मोहनलालगंज मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, बबलू तिवारी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत खुशी के अवसरों को सेवा, सहयोग और जरूरतमंदों की मदद के रूप में मनाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं और कार्यकर्ताओं को समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

# वन विभाग कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारी न मिलने पर भड़के किसान, एक सितंबर को घेराव की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नगराम, लखनऊ।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को नौवें दिन भी जारी रहा। किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर संगठन के पदाधिकारी वन विभाग के मोहनलालगंज कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से वार्ता का प्रयास किया, लेकिन बुलावे के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं मिला। इससे नाराज किसान नेताओं ने कार्यालय में ज्ञापन रिसीव कराते हुए जल्द मांगों का निस्तारण न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। प्रदेश महासचिव दिनेश यादव की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों की टीम वन विभाग के मोहनलालगंज कार्यालय पहुंची थी। किसान नेताओं के मुताबिक, पूर्व में वार्ता के लिए समय तय किए जाने के बावजूद कार्यालय में कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। काफी देर इंतजार के बाद किसानों ने अपना ज्ञापन कार्यालय में रिसीव कराया। संगठन के पदाधिकारियों ने वन विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते किसानों से वार्ता कर उनकी समस्या का समाधान किया जाए और अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) शनिवार तक धरना स्थल पर उपलब्ध कराया जाए। किसानों का कहना है कि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि यदि शनिवार तक एनओसी उपलब्ध नहीं कराया गया तो एक सितंबर को हजारों किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ वन विभाग के मोहनलालगंज कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को अपनी मांगों के लिए लगातार धरने पर बैठना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से वार्ता को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि एक सितंबर को प्रस्तावित घेराव में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से पहुंचेंगे। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि घेराव में शामिल किसानों के लिए पेयजल और भोजन की व्यवस्था वन विभाग के मोहनलालगंज कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों को करनी होगी। मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने की बात भी कही गई। मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने बताया कि कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर संगठन का धरना लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और अधिकारियों से वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान चाहते हैं। यदि मांगों की अनदेखी जारी रही तो संगठन आंदोलन को और बड़ा रूप देने के लिए मजबूर होगा। धरने में मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, केशव राम लोधी, पृथ्वीराज, राजकिशोर, डॉ. जंग बहादुर सिंह, करण सिंह, रामकुमार प्रधान पति समेत दर्जनों किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कोटेदारों के बकाया कमीशन का भुगतान जल्द कराने की मांग, जिला कार्यकारिणी की बैठक में उठे कई मुद्दे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मिश्रिख (सीतापुर)।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (इकाई) सीतापुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को मिश्रिख स्थित कलावती गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार द्वारा कोटेदारों के कमीशन में की गई वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन जिला महासचिव विशाल रस्तोगी ने किया। इस दौरान कोटेदारों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन पदाधिकारियों ने जूट के बोरों के बकाया भुगतान के साथ-साथ जनवरी और फरवरी माह के शेष बचे कमीशन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। पदाधिकारियों ने कहा कि कोटेदारों के बकाया कमीशन के भुगतान के लिए संगठन की ओर से जिलाधिकारी को पत्रक के माध्यम से अवगत कराया जाएगा और जल्द ही बकाया कमीशन का भुगतान कराने की मांग की जाएगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि कोटेदारों के हक और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष रामलखन,जिला महासचिव विशाल रस्तोगी, सिंह यादव, उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, अशोक रावत, राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मधुकर, संगठन मंत्री विजय वर्मा, संगठन सचिव अजय वर्मा, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सहित रामाकान्त अवस्थी, जयदयाल, अनिल सिंह, रमेश चंद्र राठौर, नसमीम,नंदलाल,बनवारी लाल, कृष्ण स्वरूप पांडेय,नवी अहमद, अजय वर्मा,राजकुमार गुप्ता, दिलीप गुप्ता समेत जनपद के कई कोटेदार एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बुलेट ने ऑटो में मारी जोरदार टक्कर, बाइक सवार घायल

बिसवां/सीतापुर तेज रफ्तार बुलेट ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने घायल युवक को सड़क से उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोतवाली बिसवां क्षेत्र के सिधौली मार्ग पर चौपान शहीद गेट के सामने ग्राम अमानाबाद निवासी शुभम यादव उम्र 25 वर्ष पुत्र सुरेश यादव की बुलेट की रफ्तार काफी तेज थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर बुलेट ऑटो से जा भिड़ी। हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। घायल बाइक सवार का प्राथमिक उपचार बिसवां में सीएससी में किया जा रहा है।



# 63 वर्षीय व्यक्ति की सर्पदंश से मौत

**बिसवां/सीतापुर।** बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भोलागंज निवासी 63 वर्षीय लालता प्रसाद की सर्पदंश से मौत हो गई। बताया जाता है कि लालता प्रसाद दिलीप किराना स्टोर पर साफ–सफाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक सांप ने उन पर हमला कर दिया। सांप ने उनके पैर और हाथ में दो–तीन बार काट लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी होने पर उन्हें तत्काल एक प्राइवेट वाहन से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस सीतापुर भेज दिया गया।

# पेट्रोल पंप कर्मचारियों से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, स्कॉर्पियो बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज करने और पेट्रोल भरवाने के बाद भुगतान न करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, 23 अगस्त को कानपुर रोड स्थित अश्विन ऊर्जा एचपी पेट्रोल पंप पर स्कॉर्पियो सवार तीन लोग अपने साथियों के साथ पहुंचे थे। आरोप है कि वाहन में पेट्रोल भरवाने के बाद उन्होंने भुगतान नहीं किया। कर्मचारियों ने जब पेट्रोल के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पेट्रोल पंप के मैनेजर चन्द्रमणि की तहरीर पर सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया। तकनीकी साक्ष्यों, मैनुअल प्रयास और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस ने बुधवार को इशांत सिंह सेंगर (30), निवासी अर्जुनगंज, लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में पहले से भी एक मुकदमा दर्ज है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने इस मामले में मु0अ0सं0 329/26 के तहत धारा 191(2), 115(2), 352 व 351(3) बीएनएस में कार्रवाई की है।

# खैराबाद की प्राचीन दरगाह हज़रत बड़े मखदूम साहब में 526 वां उर्स शुक्रवार से शुरू आज शाम से होंगे कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद सीतापुर।** स्थानीय दरगाह हज़रत बड़े मखदूम साहब के सज्जादा नशीन नजमुल हसन उस्मानी शोएब मियां ने बताया कि दरगाह में 526 वें तीन दिवसीय उर्स के पहले दिन आज सांय काल पांच बजकर तीस मिनट पर दरगाह के लंगर खाना में तथा 7 बजे पूर्व सज्जादा नशीन स्वर्गीय सज्जाद मियां के निवास पर तथा रात 9 बजे सैय्यद मोईन अलवी के निवास पर ख़्वाजा क़ुतुब साहब का फतेहा होगा। इसके बाद दस बजे रात से दरगाह पर कव्वाली शुरू होंगी जो देर रात तक चलेंगी इसके बाद पुनः ख़्वाजा क़ुतुब साहब का फातेहा होगा। श्री उस्मानी ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हमेशा की तरह इस वर्ष भी सभी लोग पूर्ण अनुशासन के साथ उपस्थित होकर दरगाह के सभी कार्यक्रमों में शामिल हों, सज्जादा नशीन के सुपुत्र क़ारी हसन साकिब और हाफ़िज़ अरसलान हसनी ने भी यही अपील की है।

# संपादकीय

## आकाश छूने को तैयार नई पीढ़ी

इस समय जेन-जी बहुत चर्चा में है। पिछले दिनों एक बैठक में इस नई पीढ़ी पर चर्चा चल निकली। किसी ने इनकी कार्यशैली के लिए मोबाइल को दोषी ठहराया तो किसी ने बदल रहे संस्कारों पर चिंता व्यक्त की। एक सज्जन ने बेहद सहजता से कहा, 'अरे, ये जेन-जी लोग...' उनके ये शब्द मेरे मन में गहराई तक ठहर गए। 'ये जेन-जी लोग...' का 'ये' शब्द मुझे बेचैन करता रहा। ऐसा क्यों हुआ कि हमारे और हमारे बच्चों के बीच दूरी दर्शाने वाला 'ये' शब्द खड़ा हो गया? जब देश के प्रधानमंत्री युवाओं को मेरे युवा मित्र कहकर संबोधित करते हैं, तो उसके पीछे गहरी दृष्टि छिपी होती है। वह दृष्टि युवा को खुद से सामने कुर्सी पर बैठाने की नहीं, बल्कि अपने पास बैठाने की होती है। वह युवा को संवाद का बराबर का साथी मानने का भाव है। जेन-जी को लेकर हमारी सबसे बड़ी उलझन वह पुराना और संकुचित चश्मा है जिसके जरिये हम उन्हें देखने की कोशिश कर रहे हैं। हर नई पीढ़ी अपने समय से कड़े सवाल करती रही है। वह हर बात पर पूछती है कि ऐसा क्यों है? जब महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह ने देश की स्वतंत्रता को सर्वोच्च और एकमात्र ध्येय मान लिया था, तब वे भी युवा ही थे, लेकिन उनके भीतर वही ज्वाला धधक रही थी, जो आज के युवाओं में है- व्यवस्थाओं को जस का तस स्वीकार न करने की जिद। युवा जानना चाहते हैं कि जो नियम तय किए गए हैं, वे वैसे ही क्यों हैं? यही प्रश्न पुरानी पीढ़ी को चुभने वाले लगते हैं। कल जब हम युवा थे, तब हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्न हमारे बुजुर्गों को बेचैन कर देते थे। इस अंतर को हम साधारण शब्दों में जेनरेशन गैप यानी पीढ़ियों का अंतर कहते हैं। नई पीढ़ी पर आरोप है कि यह मोबाइल स्क्रीन में डूबी रहती है, लेकिन आरोप का एक सिरा हमारी ओर मुड़ता नजर आता है। क्या हमारे बच्चे हमें हाथ में कोई पुस्तक लिए देखते हैं? क्या खाने की टेबल पर स्मार्टफोन हमसे दूर रहता है? क्या हमने कभी उन्हें गांव की कच्ची पगडंडियों पर घुमाया है? क्या उन्हें दादी-नानी की स्मृतियों में छिपी पारिवारिक कथाएं सुनाई हैं? हमें एक कड़ा प्रश्न स्वयं से भी पूछना होगा- हमने मोबाइल फोन के बाहर की दुनिया को उनके लिए कितना सुंदर और आकर्षक बनाकर दिखाया है? इसलिए बच्चों से केवल शिकायत करना बहुत सरल है, लेकिन उनके सामने एक सही और प्रेरणादायक उदाहरण बनकर खड़ा होना बेहद कठिन कार्य है। बेशक उनका तरीका हमसे अलग है, उनकी बात कहने की भाषा अलग है और उनकी जिज्ञासा का दायरा भी भिन्न है। वे इसके पीछे का तर्क मांगेंगे और पूछेंगे कि 'क्यों'। और हमें उस 'क्यों' शब्द से डरना नहीं चाहिए। हमें उन्हें परंपराओं के पीछे छिपा हुआ गहरा दर्शन समझाना होगा, धर्म के मूल मर्म से परिचित कराना होगा, और अपनी संस्कृति को केवल किताबी न रखकर कर्म में उतारकर दिखाना होगा। जेन-जी को केवल रील्स बनाने-देखने तक सीमित कर देना अन्याय होगा। यही युवा पीढ़ी आज सीमाओं पर मुस्तैदी से खड़ी है। यही युवा आज शतरंज की बिसात पर पूरी दुनिया को बौद्धिक क्षमता से चकित कर रहे हैं। डी. गुकेश जैसे कम उम्र के युवा भारत की नई प्रतिभा का एक ऐसा गौरवशाली परिचय पूरी दुनिया के सामने लिख रहे हैं, जिस पर पूरे देश को गर्व है। तकनीक, विज्ञान, और उद्यमिता के क्षेत्र में ये युवा लगातार नए रास्ते खोल रहे हैं। नई पीढ़ी केवल अपने बारे में नहीं सोचती, बल्कि अपने साथ-साथ दूसरे इंसानों के दर्द और तकलीफों को भी बखूबी पहचानना चाहती है। चाहे पर्यावरण संरक्षण की गंभीर चिंता हो, बेजुबान पशु-पक्षियों के अधिकारों की बात हो, युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे हों, समाज में समान अवसरों की मांग हो, या फिर किसी कमजोर और लाचार व्यक्ति के पक्ष में खड़े होने का सवाल हो- आज का युवा इन तमाम संवेदनशील विषयों पर बहुत अधिक सहजता और मुखरता के साथ अपनी बात रखता है। हमें हर बार उन्हें यह पुरानी कहानी सुनाने की आवश्यकता नहीं है कि हमारे जमाने में तो हालात ऐसे हुआ करते थे...। हमारा रिश्ता किसी उपदेश देने वाले और सुनने वाले का नहीं, बल्कि आपसी संवाद का होना चाहिए। इसलिए अगली बार जब किसी औपचारिक बैठक में कोई व्यक्ति मुस्कुराते हुए यह कहे कि 'अरे, ये जेन-जी लोग...', तो शायद हमें भी कहना चाहिए- हां, वे जेन-जी हैं, लेकिन वे 'ये लोग' नहीं हैं। हमारे अपने ही जिगर के टुकड़े, हमारे बच्चे हैं। स्वाभाविक है कि उनकी हर बात हमेशा सही नहीं होगी, ठीक वैसे ही जैसे हमारी भी हर बात अपने समय में सही नहीं हुआ करती थी। वे अपने जीवन में तमाम गलतियां करेंगे, बिल्कुल वैसे जैसे गलतियां हमने भी की थीं। हमें समझना होगा कि अब इस देश की अगली यात्रा इन्हीं मजबूत कंधों पर बढ़ेगी। उन्हें किसी कठघरे में खड़ा करने के बजाय उनके साथ पूरी ताकत से खड़े होइए। बच्चों से संवाद अधिक से अधिक बढ़ाइए। उन्हें ध्यान से सुनिए, उनकी भावनाओं को समझिए, और उन पर पूरा भरोसा रखिए। क्योंकि भविष्य को कभी भी अतीत के पुराने सांचे में ढाला नहीं जा सकता। हमेशा यह बात याद रखिए कि भारत की अगली कहानी किसी और को नहीं, बल्कि इन्हीं हाथों को मिलकर लिखनी है।

# शहरों में अतिक्रमण: कार्रवाई गरीब पर, संरक्षण प्रभावशाली को क्यों?



राजीव शुक्ला -(संपादक)

शहरों की सड़कें किसी भी महानगर की पहचान होती हैं। सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि शहर की अर्थव्यवस्था, रोजगार और नागरिक जीवन की धड़कन होती हैं। लेकिन जब इन्हीं सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण बढ़ता जाता है तो सबसे पहले प्रभावित होता है आम आदमी। पैदल चलने की जगह खत्म होती है, यातायात की रफ्तार थमती है, पार्किंग की समस्या बढ़ती है और छोटी-सी सड़क भी घंटों के जाम में बदल जाती है। अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाना निश्चित रूप से जरूरी है। सवाल अभियान चलाने पर नहीं, बल्कि उसके तरीके और निष्पक्षता पर है। आम धारणा यह बनती जा रही है कि जब कार्रवाई होती है तो सबसे पहले ठेला लगाने वाला, फुटपाथ पर छोटी दुकान चलाने वाला या रोज कमाकर परिवार पालने वाला व्यक्ति इसकी चपेट में आता है। दूसरी तरफ बड़े और प्रभावशाली अतिक्रमणों को लेकर कार्रवाई की गति कई बार उतनी तेज दिखाई नहीं देती। यही वह सवाल है जिसे प्रशासन और नगर निकायों को गंभीरता से लेना चाहिए-क्या कानून सबके लिए समान है? अतिक्रमण सिर्फ गरीब की समस्या नहीं, अतिक्रमण को केवल फुटपाथ पर बैठे छोटे दुकानदार की समस्या मानना वास्तविक तस्वीर को छोटा कर देना है। शहरों में अतिक्रमण कई स्तरों पर होता है। कहीं सड़क किनारे दुकानें फैल जाती हैं, कहीं व्यापारिक प्रतिष्ठान अपनी सीमा से बाहर सामान रख देते हैं, कहीं पार्किंग के नाम पर सार्वजनिक स्थान घेर लिया जाता है और कहीं निर्माण सामग्री लंबे समय तक सड़क पर पड़ी रहती है। कुछ स्थानों पर सार्वजनिक भूमि का स्थायी अथवा अस्थायी उपयोग भी विवाद का कारण बनता है। इसलिए अतिक्रमण की कार्रवाई भी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति देखकर नहीं, अतिक्रमण की प्रकृति और कानूनी स्थिति देखकर होनी चाहिए। अगर एक गरीब का ठेला सड़क घेरने के कारण हटाया जाता है तो उसी नियम के तहत बड़े प्रतिष्ठान द्वारा घेरा गया सार्वजनिक स्थान भी खाली कराया जाना चाहिए। तभी प्रशासन की कार्रवाई पर जनता का विश्वास कायम होगा। रोजी-रोटी और कानून के बीच संतुलन जरूरी यह भी सच है कि शहरों में हजारों परिवार छोटे व्यापार, ठेले, खोमचे और फुटपाथी कारोबार पर निर्भर हैं। उनके लिए सड़क किनारे की छोटी-सी जगह ही दुकान, रोजगार और परिवार की आय का साधन होती है। इसका अर्थ यह नहीं कि उन्हें सार्वजनिक रास्ता रोकने की अनुमति मिलनी चाहिए। लेकिन समाधान केवल सामान जब्त करने या दुकान हटाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। नगर निकायों को चाहिए कि वे व्यवस्थित वेंडिंग जोन, बाजार क्षेत्र और पार्किंग व्यवस्था विकसित करें। छोटे दुकानदारों का नियमन हो, लेकिन उनकी रोजी-रोटी भी सुरक्षित रहे। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना है तो गरीब को हटाना नहीं, बल्कि व्यवस्था को बेहतर बनाना होगा। इससे साफ है कि समस्या केवल अतिक्रमण हटाने की नहीं, बल्कि दोबारा अतिक्रमण रोकने की व्यवस्था बनाने की है। यदि किसी स्थान से अतिक्रमण हटाने के बाद वहां दोबारा कब्जा हो जाता है तो सवाल केवल कब्जा करने वाले पर नहीं, निगरानी व्यवस्था पर भी होना चाहिए। आखिर नियमित निरीक्षण किसकी जिम्मेदारी है? भ्रष्टाचार की आशंका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, जहां नियम जटिल हों, निरीक्षण कमजोर हो और कार्रवाई में भेदभाव की धारणा पैदा हो, वहां भ्रष्टाचार की आशंका भी जन्म लेती है। यदि किसी को हटाया जाता है और किसी दूसरे को उसी स्थान पर बने रहने दिया जाता है तो नागरिक स्वाभाविक रूप से पूछता है कि इसके पीछे कारण क्या है? ऐसी स्थिति प्रशासन के लिए बेहद नुकसानदेह है। इसलिए अतिक्रमण अभियान में डिजिटल रिकॉर्ड, फोटो-वीडियोग्राफी, स्पष्ट नोटिस प्रक्रिया और कार्रवाई की सार्वजनिक जानकारी जैसी व्यवस्थाएं अपनाई जानी चाहिए। अधिकारी बदलते रहते हैं, लेकिन रिकॉर्ड व्यवस्था को स्थायी बनाया जा सकता है। यह प्रश्न केवल सड़क का नहीं, शहर की सोच का है। क्या शहर केवल बड़े बाजारों, मॉल और चौड़ी सड़कों के लिए हैं? या उस मजदूर के लिए भी हैं जो सुबह ठेला लगाकर अपने बच्चों का पेट पालता है? क्या फुटपाथ केवल पैदल यात्रियों के लिए हैं? निश्चित रूप से हां। लेकिन क्या छोटे दुकानदारों के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराना भी नगर प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है? एक बेहतर शहर वह नहीं जहां केवल अतिक्रमण हटाने की तस्वीरें दिखाई दें। बेहतर शहर वह है जहां सड़कें भी खुली हों, पैदल यात्रियों को जगह भी मिले और छोटे व्यापारियों को सम्मानजनक आजीविका का अवसर भी। शहरों को अतिक्रमण से मुक्त करना जरूरी है, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि इस अभियान में किसी गरीब की रोजी-रोटी अनावश्यक रूप से न छीनी जाए और किसी प्रभावशाली व्यक्ति को उसके रसूख के कारण विशेष सुविधा न मिले। आखिर सड़क जनता की है, फुटपाथ जनता का है और सार्वजनिक भूमि भी जनता की है। उस पर कब्जा करने वाला चाहे कमजोर हो या शक्तिशाली-कानून की नजर में पैमाना एक ही होना चाहिए। अतिक्रमण हटे, लेकिन इंसानियत के साथ। कार्रवाई हो, लेकिन समान रूप से। तभी शहर साफ भी होगा और व्यवस्था पर जनता का भरोसा भी कायम रहेगा।

### कार्रवाई में भेदभाव की धारणा खत्म करनी होगी

**प्रशासन के पास कानून की ताकत है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून की ताकत से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका निष्पक्ष इस्तेमाल है। अगर कार्रवाई गरीब पर हो और बड़े अतिक्रमण पर चुप्पी रहे तो कानून का भय नहीं, अविश्वास पैदा होता है। इसके विपरीत यदि नियम सभी पर समान रूप से लागू हों तो सबसे कठिन कार्रवाई भी जनता स्वीकार कर लेती है। इसलिए अतिक्रमण विरोधी अभियान को तीन सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए-निष्पक्षता, पारदर्शिता और पुनर्वास/वैकल्पिक व्यवस्था।**

### प्रभावशाली अतिक्रमण पर भी वही पैमाना हो

**सबसे बड़ा सवाल उस समय खड़ा होता है जब जनता को कार्रवाई में असमानता दिखाई देती है। यदि सड़क किनारे गरीब का अस्थायी ढांचा तुरंत हट जाता है, लेकिन बड़े प्रतिष्ठान द्वारा वर्षों से घेरा गया सार्वजनिक स्थान कार्रवाई से बचा रहता है, तो लोगों के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है। प्रशासन के लिए इससे बड़ी चुनौती कोई नहीं कि कानून की निष्पक्षता पर ही सवाल उठने लगें। जरूरत इस बात की है कि अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरुआत सर्वेक्षण और पारदर्शी सूची से हो। किस स्थान पर किस प्रकार का अतिक्रमण है, उसकी स्थिति या है, संबंधित व्यति या संस्था को या नोटिस दिया गया और कार्रवाई यों की जा रही है-इन सबका रिकॉर्ड सार्वजनिक होना चाहिए। अभियान दिखावे का नहीं, व्यवस्था सुधारने का हो, असर देखा जाता है कि अभियान शुरू होते ही कुछ दिनों तक सड़कों पर सती दिखाई देती है। फुटपाथ खाली हो जाते हैं, सड़कें खुल जाती हैं और यातायात बेहतर होने लगता है। लेकिन कुछ समय बाद वही स्थिति लौट आती है।**

# प्रदेश सरकार ने प्रदेश में स्थित आस्था स्थलों का कायाकल्प कर सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर दिया है बल

उत्तर प्रदेश की पहचान इसकी समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली विरासत, उत्कृष्ट इतिहास और प्रगतिशील सोच से है। यह भूमि कला, साहित्य, संगीत और धर्म की महान विभूतियों की जन्मस्थली रही है। प्रदेश का संस्कृति विभाग समृद्ध इतिहास के संरक्षण, संवर्धन और विकास हेतु सतत् प्रयासरत है, ताकि इसकी बिरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संस्कृत्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की मूर्त-अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों को संरक्षित संवर्धित एवं जनमानस में प्रचारित-प्रसारित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। एडॉप्ट-ए-हेरिटेज नीति अपनी धरोहर, अपनी पहचान के अंतर्गत अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से अब तक 04 स्मारकों पर स्मारक मित्र के रूप में 05 वर्ष के लिए एम.ओ.यू. संपादित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार प्रदेश की प्राचीन धरोहरों का बृहद अनुरक्षण कार्य भी करा रही है। प्रदेश के लोक कलाकारों और उनकी प्रतिभा को देश दुनिया के समक्ष लाने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों की संख्या मात्र 415 थी वहीं, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हजारों कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित कराये जा रहे है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले लगभग 300 कलाकारों द्वारा कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया जाता था। 2017 के बाद ''उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव'' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी कलाकारों को खोज कर उनका पंजीकरण कराया गया। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की आर्टिस्ट डायरेक्टरी में अब तक कुल 9532 कलाकार दलों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें लगभग 24,750 कलाकार पंजीकृत हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों सहित विभिन्न सांस्कृतिक महत्वों का केन्द्र होने के कारण देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित होकर प्रदेश में आते है। वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश में कुल 01 अरब 58 करोड़ से अधिक पर्यटक भ्रमण हेतु उत्तर प्रदेश में आकर पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया है। उत्तर प्रदेश को घरेलू पर्यटक आगमन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार महापुरूषों तथा राष्ट्रनायकों को युवा पीढ़ी से जोड़ने तथा सांस्कृतिक पुनरोत्थान का कार्य कर रही है, ताकि भावी पीढ़ी अपने महापुरुषों एवं राष्ट्रनिर्माताओं पर गर्व कर सके। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल की स्थापना करते हुए तीन महापुरुषों, राष्ट्रनायकों की कांस्य प्रतिमा स्थापित की गयी है, जिसका उद्घाटन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने दिसम्बर, 2025 को किया है। प्रदेश सरकार ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की है। गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण किया गया है। सिंधी समाज के सिंधु दर्शन के तीर्थ यात्रियों के लिए 20 हजार रुपये प्रतियात्री अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गई है। सरकार बुजुर्ग संतों, पुरोहितों एवं पुजारियों के लिए विशेष बोर्ड गठन की कार्यवाही कर रही है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद, श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद, ब्रज तीर्थ विकास परिषद, विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद, श्री चित्रकूट धाम तीर्थ एवं नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद, श्री शुक तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केन्द्र की स्थापना भी कराया गया है। जनपद मिर्जापुर स्थित मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर, मां अष्टभुजा मन्दिर व मां कालीखोह मन्दिर के परिक्रमा पथ के साथ मथुरा व संभल के तीर्थस्थलों को विकसित करने का कार्य गतिमान है। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, अयोध्या दीपोत्सव, ब्रज रंगोत्सव, काशी की देव दीपावली, नैमिष तीर्थ व शुक तीर्थ पुनरुद्धार, मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का 100 साल बाद पुनः प्रतिस्थापन तथा सोरों सूकर क्षेत्र विकास आदि अद्भुत कार्य किये गये है। अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर 17 से 19 अक्टूबर, 2025 को 26 लाख से अधिक दीप जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। काशी में देव दीपावली का आयोजन 03 से 05 नवम्बर 2025 को हुआ, जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक वाराणसी आए। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बेस्ट टूरिज्म विलेज कम्पटीशन 2024 में हेरिटेज कैटेगरी में गांव पुरामहादेव, बागपत को पुरस्कृत किया गया है। प्रदेश में वर्ष 2026-27 में एक लाख अतिरिक्त कमरे जोडने के उद्देश्य से रू0 45 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 2026-27 में 50,000 नए होम-स्टे कमरों का लक्ष्य रखा गया है। ब्रांडेड आपरेटरों को होम स्टे पट्टे पर लेने की अनुमति दी जा रही है। स्थानीय रोजगार व महिला भागीदारी बढ़ाने हेतु महिला पर्यटक गाइडों का रू0 10,000 लाइसेंस शुल्क माफ किया गया है। बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना के अन्तर्गत भारतीय-विदेशी पर्यटकों को भारतीय परिवारों के साथ आवास-भोजन-की सुविधा सुलभ करायी जा रही है। इससे उन्हें भारतीय परम्पराओं एवं रीति-रिवाजों से परिचित कराया जा रहा है। वर्ष 2017 के बाद उ0प्र0 में पर्यटन का परिवेश लगातार बदल रहा है। नये-नये विकल्पों एवं संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। कोरोना के दौरान हुई त्रासदी को देखते हुए इको टूरिज्म के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग किये गये। उ0प्र0 सरकार ने पर्यटकों के आगमन के दृष्टिकोण से उच्चस्तरीय पर्यटन सुविधाओं का सृजन तथा पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में पर्यटक स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 50 करोड़ रूपये के बजट का प्राविधान किया है। इसके माध्यम से 23 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

**मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संस्कृाि विभाग उार प्रदेश द्वारा प्रदेश की मूर्त-अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों को संरक्षित संवर्धित एवं जनमानस में प्रचारित-प्रसारित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। एडॉप्ट-ए-हेरिटेज नीति अपनी धरोहर, अपनी पहचान के अंतर्गत अभिरुचि की अभिव्यति के माध्यम से अब तक 04 स्मारकों पर स्मारक मित्र के रूप में 05 वर्ष के लिए एम.ओ.यू. संपादित किया जा चुका है।**

# अमेठी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संवरी रेनू देवी की जिंदगी

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत निर्धन एवं वंचित वर्ग की महिलाओं के सर्वांगीण सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आज धरातल पर व्यापक एवं दूरगामी परिवर्तन ला रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समन्वित दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण महिलाओं को केवल आर्थिक रूप से सक्षम बनाना ही नहीं, अपितु उन्हें निर्णय लेने की क्षमता, सामुदायिक नेतृत्व और सतत स्वावलंबन से युक्त करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ग्रामीण अंचल के पारंपरिक सामाजिक ढांचे में महिलाओं की आर्थिक सक्रियता को बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के गठन और उनके क्षमता संवर्धन की एक सुव्यवस्थित संस्थागत प्रणाली स्थापित की गई है। इस वृहद अभियान के अंतर्गत राज्य के सभी जनपदों में त्रिस्तरीय सामुदायिक संस्थागत ढांचे का निर्माण किया गया है। ग्राम स्तर पर दस से पंद्रह महिलाओं को जोड़कर प्राथमिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाता है। इन प्राथमिक समूहों को संगठित कर ग्राम संगठन और न्याय पंचायत अथवा विकास खंड स्तर पर संकुल स्तरीय संघों का सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित किया गया है। यह व्यवस्था ग्रामीण महिलाओं को एक ऐसा लोकतांत्रिक और संस्थागत मंच प्रदान करती है, जहां वे अपनी सामूहिक शक्ति के माध्यम से न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करती हैं, बल्कि विभिन्न सामाजिक विषयों पर भी संगठित होकर कार्य करती हैं। मिशन की संपूर्ण कार्यप्रणाली पांच मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है, जिसे पंचसूत्र के रूप में अंगीकार किया गया है। इसके अंतर्गत समूह की नियमित साप्ताहिक बैठकें सुनिश्चित करना, सदस्यों द्वारा अनिवार्य रूप से अल्प बचत करना, समूह के भीतर सदस्यों की आवश्यकतानुसार नियमित आंतरिक लेन-देन करना, लिए गए ऋण की समयबद्ध अदायगी सुनिश्चित करना तथा समस्त वित्तीय गतिविधियों का पारदर्शी लेखा-जोखा नियमित रूप से संधारित करना अनिवार्य किया गया है। यह पंचसूत्रीय व्यवस्था ग्रामीण महिलाओं में वित्तीय अनुशासन, पारस्परिकता और बैंकिंग प्रक्रियाओं की गहरी समझ विकसित करने में आधारशिला का कार्य करती है। समूहों के गठन और प्रारंभिक अनुशासन के सत्यापन के उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें प्रारंभिक कार्यशील पूंजी के रूप में रिवाल्विंग फंड उपलब्ध कराया जाता है। इसके पश्चात उनकी आजीविका योजनाओं को गति देने और सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना हेतु सामुदायिक निवेश निधि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही राष्ट्रीयकृत बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के साथ समूहों का सघन बैंक लिंकेज स्थापित कराया जाता है। इस वित्तीय व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को साहूकारों और अनौपचारिक ऋणदाताओं के अत्यधिक ब्याज दर वाले चंगुल से पूर्णतः मुक्ति मिली है और उन्हें अत्यंत रियायती दरों पर संस्थागत ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। जनपद अमेठी में जिला प्रशासन के सतत पर्यवेक्षण, रणनीतिक मार्गदर्शन और प्रभावी अनुश्रवण के फलस्वरूप इस मिशन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिशीलता प्रदान की है। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त विकास खंडों में मिशन के कार्यों की नियमित मासिक और पाक्षिक समीक्षा की जाती है। अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय किया गया है। जनपद में महिलाओं को आजीविका के नए स्रोतों से जोड़ने, उनके कौशल विकास हेतु विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने और बैंकों के माध्यम से ऋण वितरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जनपद अमेठी के विकास खंड संग्रामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भौसिंहपुर का उदाहरण इस परिवर्तनकारी प्रक्रिया का सजीव प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसी ग्राम पंचायत की निवासी रेनू देवी का जीवन संघर्ष से सफलता की ओर अग्रसर होने की एक अत्यंत प्रेरक गाथा है। रेनू देवी एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखती हैं और उन्होंने आठवीं कक्षा तक की औपचारिक शिक्षा प्राप्त की है। कुछ वर्ष पूर्व तक उनका परिवार अत्यधिक आर्थिक तंगी और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। परिवार के भरण-पोषण की संपूर्ण जिम्मेदारी उनके पति की अनियत मजदूरी पर टिकी हुई थी, जिससे होने वाली आय दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी अपर्याप्त सिद्ध होती थी। मजदूरी से मिलने वाली अल्प और अनियमित आय के कारण परिवार का घरेलू बजट निरंतर संकट में रहता था। ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों की कमी और स्वरोजगार के अवसरों का अभाव उनके समक्ष एक बड़ी बाधा बना हुआ था। इसी विषम परिस्थिति के बीच ग्राम पंचायत में संचालित आजीविका मिशन के प्रचार-प्रसार और जागरूकता बैठकों के माध्यम से रेनू देवी को महिला स्वयं सहायता समूहों के महत्व की जानकारी प्राप्त हुई। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित इस कल्याणकारी अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने फरवरी 2023 में गांव के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की सदस्यता ग्रहण की। समूह से जुड़ना उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन में एक सकारात्मक मोड़ साबित हुआ, जिसने उनकी सोच और आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान की।

समूह की नियमित बैठकों में प्रतिभाग करते हुए रेनू देवी ने बैंकिंग लेन-देन, वित्तीय प्रबंधन, नियमित अल्प बचत के महत्व, ऋण के समुचित उपयोग और पुनर्भुगतान की बारीकियों को भली-भांति समझा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न क्षमता संवर्धन और उद्यमिता विकास सत्रों के माध्यम से उनमें व्यावसायिक दृष्टि का विकास हुआ। सामूहिक विचार-विमर्श और अन्य सदस्यों के परस्पर सहयोग ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि यदि सुनियोजित ढंग से कार्य किया जाए, तो सीमित संसाधनों में भी स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। समूह के आंतरिक वित्तीय सहयोग, रिवाल्विंग फंड और अपनी संचित अल्प बचत के समन्वय से रेनू देवी ने आत्मनिर्भर बनने का दृढ़ संकल्प लिया। वर्ष 2023 में उन्होंने अपने ही गांव में सौंदर्य प्रसाधन और दैनिक उपभोग की सामान्य वस्तुओं की एक छोटी दुकान स्थापित की। प्रारंभ में अत्यंत सीमित स्टॉक और बुनियादी संसाधनों के साथ यह उद्यम शुरू किया गया था। रेनू देवी ने ग्राहकों की मांग को समझा, गुणवत्तापूर्ण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की और अपने सौम्य व्यवहार से स्थानीय उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित किया। उनकी निरंतर मेहनत और लगन के बल पर दुकान का संचालन निरंतर सुदृढ़ होता गया।

वर्तमान समय में उनकी यह दुकान ग्राम पंचायत भौसिंहपुर एवं आसपास के मजरों की महिलाओं और ग्रामीणों की दैनिक प्रसाधन आवश्यकताओं की पूर्ति का एक प्रमुख केंद्र बन चुकी है। इस सूक्ष्म व्यवसाय के माध्यम से रेनू देवी को प्रतिमाह लगभग चार से पांच हजार रुपये की निश्चित और नियमित शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। जहां पहले उनका परिवार केवल मजदूरी की अनिश्चित आमदनी पर निर्भर था, वहीं अब इस अतिरिक्त आय ने उनके पारिवारिक जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार ला दिया है। परिवार की नियमित आय में इस वृद्धि ने उन्हें आर्थिक असुरक्षा के भय से मुक्त किया है। इस आत्मनिर्भरता का सर्वाधिक सकारात्मक प्रभाव उनके बच्चों की शिक्षा और पारिवारिक स्वास्थ्य पर दृष्टिगोचर हो रहा है।

**सूचनाधिकारी जनपद अमेठी / डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**




**मेष**-मेष राशि के जातकों की नई नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। जो लोग रोजगार के अवसरों की तलाश में हैं, उन्हें आज अच्छे प्रस्ताव मिलने की पूरी संभावना है। हालांकि पारिवारिक जीवन में थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है, क्योंकि अपनों के साथ संबंधों में कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृषभ**-वृषभ राशि के जातकों को जीवन के सभी क्षेत्रों में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता होगी। आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। भाई-बहनों के व्यवहार में कुछ रूखापन देखने को मिल सकता है, इसलिए बातचीत में मधुरता बनाए रखें।

**मिथुन**-मिथुन राशि के जातकों को अपने काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने से बचना होगा, अन्यथा कार्यों की गति धीमी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठोर और निर्णायक फैसले लेने की आवश्यकता होगी।

**कर्क**-कर्क राशि के जातकों को उनकी मेहनत और बौद्धिक क्षमता का सही संतुलन समाज में मान-प्रतिष्ठा दिलाएगा। राजनीति से जुड़े जातकों के लिए नए प्रयोग सफल साबित होंगे। हालांकि किसी महत्वपूर्ण कार्य में परिवार के सदस्यों का पूर्ण समर्थन मिलने में थोड़ा समय लग सकता है।

**सिंह**-सिंह राशि के जातकों को दूसरों को अवसर देते हुए धैर्य बनाए रखना होगा और नतीजों का सकारात्मक रूप से इंतजार करना होगा। इस दौरान आपकी पुरानी बचत का कुछ हिस्सा खर्च हो सकता है, लेकिन इससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या**-कन्या राशि के जातक आज अपने शैक्षणिक और बौद्धिक कार्यों में बेहतर एकाग्रता महसूस करेंगे। यदि आप अपने दैनिक कार्यों का समयबद्ध नियोजन करते हैं तो उच्च स्तर की सफलता प्राप्त होगी। अपनी ऊर्जा और सोच को सकारात्मक बनाए रखने के लिए नकारात्मक विचारों वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखें।

**तुला**-तुला राशि के जातक अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए अत्यधिक मेहनत करेंगे और बेहतर परिणाम देने का प्रयास करेंगे। इवेंट प्रबंधन और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन नए अनुबंध और बड़े अवसर दिलाने वाला सिद्ध हो सकता है।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि के जातकों का संपत्ति से जुड़े विवादों में पलड़ा भारी रहेगा। निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े व्यवसाय में सफलता मिलने के प्रबल योग हैं। प्रेम संबंधों में चल रही पुरानी समस्याओं के स्थाई समाधान पर सकारात्मक बातचीत हो सकती है।

**धनु**-धनु राशि के जातकों के लिए जिद और टकराव का रास्ता छोड़कर सरलता और सहनशीलता से काम लेने का समय है। माता-पिता के स्वास्थ्य को लेकर मन में कुछ चिंता रह सकती है। अनजान या अपरिचित लोगों पर बहुत जल्दी भरोसा करने से बचें।

**मकर**-मकर राशि के जातकों की कार्यक्षमता और निष्ठा देखकर उच्च अधिकारियों का विश्वास आप पर बढ़ेगा। व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों में अपने साथी को भी अपनी बात खुलकर कहने का पूरा अवसर दें। आज आपका आत्मविश्वास उच्च स्तर पर रहेगा।

**कुंभ**-कुंभ राशि के जातकों को राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। करीबी लोगों से धोखा मिलने की संभावना बन रही है, इसलिए सतर्क रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, हालांकि पारिवारिक मोर्चे पर परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन**-मीन राशि के जातकों को कार्यस्थल पर सहकर्मियों और मेहनती लोगों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। पुराना रुका हुआ धन वापस मिलने के आसार हैं, जिसके लिए थोड़ा प्रयास करना होगा। इसके अतिरिक्त अचल संपत्ति में वृद्धि के नए अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अंकल को राखी बांध छात्राओं ने मांगी सुरक्षा -सावन उत्सव में झूमे लोग



**रूद्रपुर, देवरिया।** विजयम् पब्लिक हाई स्कूल नारायणपुर में गुरुवार को छात्राओं ने राखी उत्सव एवं सावन महोत्सव मनाया। इस अवसर पर थाना एकौना के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनीष सिंह यादव सहित पुलिस के जवानों को छात्रों ने राखी बांधकर सुरक्षा मांगी। सावन उत्सव में कजरी का आयोजन भी किया गया। खुशी यादव और जोया साहनी ने कैसे खेलन जयबू सावन में कजरिया, बदरिया घिर आइल ननदी गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद गौरा नैहर मत जा गाकर छात्राओं ने शिव भक्ति की याद दिला दिया। विद्यालय में कक्षा 3 से लेकर 10 तक के छात्र-छात्राओं ने राखी बनाया और पुलिस अंकल को बांधा। इस दौरान एस एस आई मनीष यादव ने बच्चों के कला की जमकर सराहना की और उन्हें समाज में सुरक्षित रहने के टिप्स दिए। वही महिला कांस्टेबल रंजू देवी ने मिशन शक्ति के बारे में भी छात्रों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि लड़कियां असुरक्षित महसूस ना करें वे खतरे की आशंका पर पुलिस को कॉल करें। कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका सुनीता भारती व सुप्रिया पांडे की रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अश्विनी द्विवेदी ने उपस्थित छात्राओं को और शिक्षकों को रक्षाबंधन त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शुभम तिवारी बसंत यादव सुखसागर शुक्ला पंकज राव,के एम उपाध्याय,तारकेश्वर यादव वंदना यादव शिवांगी राव सहित शिक्षक गण एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

### मनबढ़ों का आतंक दिवाल गिरा मजदूरों को मारपीट कर किया घायल

**सहजनवा/गोरखपुर:** सहजनवा थाना क्षेत्र के पिपरा में मकान का निर्माण रहे पीड़ित और इनके मजदूरों को आधा दर्जन की संख्या में मनबढ़ों ने हमला बोल दिया। और उन्हें जातिसूचक गालिया देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मिली जानकारी से हरपुर बूदहट थाना क्षेत्र के बुदहट निवासी गिरिजेश शुक्ला का पिपरा में मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। ज्ञानदास, इंद्र कुमार पासी,मेवालाल, टहलु,आदि मजदूर मजदूरी कर रहे थे। उसी दौरान आधा दर्जन की संख्या में मनबढ़ पहुंचे और जातिसूचक गालिया देते हुए। मारते पीटते हुए दिवाल को गिरा दिए। घटना में एक अपराधिक व्यक्ति भी शामिल था। जिस पर कई मुकदमे दर्ज । उसने असलहा लहराते हुए असलहे के बट से मार कर घायल कर दिया। पीड़ित ज्ञानदास ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में सीओ गीडा आभा सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### मुकेश बने राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद का प्रदेश अध्यक्ष

**मनकापुर गोण्डा:** बभनजोत ब्लॉक के ग्राम पंचायत कचरौली निवासी मुकेश प्रताप मिश्र को राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव परिषद में अच्छे कार्य को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति किया है। मिश्र भविष्य में संगठन के प्रति अच्छा कार्य कर संगठन को मजबूत करेंगें। मनोनयन पर प्रज्वल प्रताप सिंह जी, धीरज सिंह, बब्लू खान, मनीष मिश्रा, अरविंद यादव, दयाशंकर पांडे ने बधाई दी है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 4 सितंबर तक मौका

**देवरिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026 में प्रवेश के लिए प्रथम चरण का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थी चयन पत्र प्राप्त कर अपने आवंटित संस्थान एवं व्यवसाय में 27 अगस्त से चार सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं। अवकाश के दिनों में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया केके राम ने बताया कि प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को सभी मूल अभिलेखों की एक-एक प्रमाणित छायाप्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित चयनित संस्थान में उपस्थित होना होगा। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

# पीपीगंज में 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** पीपीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये के इनामी वांछित बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। घायल बदमाश को पुलिस ने तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा। उसके कब्जे से .12 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान पीपीगंज थाना क्षेत्र के भरोहिया गांव निवासी गुड्डू ढाढ़ी पुत्र गोबरी प्रसाद के रूप में हुई है। आरोपी थाना पीपीगंज में वर्ष 2023 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को पीपीगंज पुलिस टीम और स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी बदमाश सिसई पुल के आसपास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर उसकी गिरफ्तारी का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान पुलिस का आरोप है कि आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। गोली आरोपी के बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। बरामदगी के आधार पर पीपीगंज थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 322/2026 दर्ज किया गया है। इसमें बीएनएस की धारा 132, 109 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3/25/27 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बरामद तमंचे, कारतूस और दोपहिया वाहन को कब्जे में ले लिया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गुड्डू ढाढ़ी के खिलाफ लंबे समय से आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध पीपीगंज थाने में हत्या, लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और गुंडा अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। खलीलाबाद थाने में भी हत्या और आर्म्स एक्ट से संबंधित मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। वर्ष 2004 से उसके खिलाफ लगातार आपराधिक मामले दर्ज होते रहे हैं। कार्रवाई में पीपीगंज थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक कुशवाहा, स्वाट टीम प्रभारी पुरुषोत्तम आनंद सिंह समेत पीपीगंज पुलिस और स्वाट टीम के जवान शामिल रहे।

## सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए डेडलाइन से पहले काम पूरा करने के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** मुख्यमंत्री के 29 अगस्त को प्रस्तावित मझौलीराज कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समय से पहले सभी काम पूरा करने के निर्देश दिए।

डीएम ने हेलीपैड निर्माण, मंच, पंडाल, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा मानकों के अनुरूप पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था करने तथा लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सुविधाजनक स्थान पर पार्किंग तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हेलीपैड से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के साथ कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पहले पूरी कराने को कहा। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जिसे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी गंभीरता से निर्वहन किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्राम्य विकास राज्यमंत्री एवं सलेमपुर विधायक विजयलक्ष्मी गौतम, भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर, मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह समेत लोक निर्माण विभाग, राजस्व और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाढ़ के मोर्चे पर जिला प्रशासन अलर्ट, नीचे गिरा गुर्रा- राप्ती का जलस्तर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** बाढ़ की संभावित स्थिति को लेकर प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम शंकर ने बुधवार को रुद्रपुर तहसील क्षेत्र में बाढ़ चौकियों और नदियों के जलस्तर का औचक निरीक्षण कर जमीनी तैयारियों की हकीकत परखी। एडीएम ने पचलड़ी, करहपुल और पिंडरा स्थित बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान गुर्रा और राप्ती नदी के जलस्तर की स्थिति की जानकारी लेने के साथ चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती, उपस्थिति और उपलब्ध व्यवस्थाओं की जांच की।

पिंडरा घाट पर गुर्रा नदी का जलस्तर 67.90 मीटर दर्ज किया गया, जो सुबह की तुलना में पांच सेंटीमीटर कम रहा। वहीं राप्ती नदी का जलस्तर 67.20 मीटर दर्ज हुआ, इसमें भी सुबह के मुकाबले पांच सेंटीमीटर की कमी मिली। दोनों नदियों का जलस्तर फिलहाल उतार पर है। एडीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दियाश कि बाढ़ राहत चौकियों पर जरूरी संसाधन और व्यवस्थाएं हर समय दुरुस्त रहें। जलस्तर पर लगातार नजर रखी जाए और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पहले से पूरी रखी जाएं। उन्होंने लापरवाही पर सख्त चेतावनी देते हुए जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

## बीआरडी पीजी कॉलेज में खेल गतिविधियों का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत विभिन्न खेल गतिविधियों के आयोजन की कड़ी में गुरुवार को खेलों से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. प्रताप नारायण सिंह के दिशा- निर्देशन में हुई प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एमएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर के अब्दुल लैश ने प्रथम स्थान हासिल किया। बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर के सुधीर कुमार द्वितीय तथा इसी कक्षा के अतुल बरनवाल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं तनुश्री भास्कर (बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर) और मुस्कान पटेल (बीएससी गणित तृतीय सेमेस्टर) को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. प्रताप नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। नियमित खेलकूद से स्वास्थ्य बेहतर रहता है और व्यक्ति में अनुशासन एवं सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से खेल मैदान से जुड़ने का आह्वान किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ. अभिनव सिंह ने विद्यार्थियों से खेल और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल गतिविधियों के लिए जरूर देना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. रजनीश कुमार, प्रो. प्रदीप द्विवेदी, प्रो. संध्या उपाध्याय, डॉ. दिलीप शर्मा, डॉ. अमरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. विजय पाल, डॉ. ओम प्रकाश यादव, डॉ. विवेकानंद , डॉ. शुभम मिश्रा, डॉ. राणा प्रताप सिंह, डॉ. महबूब आलम, डॉ. सानिया त्यागी, रोहित कुशवाहा सहित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।स

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति हिरासत में, महिला की मौत

**चलती गाड़ी से धकेलने का आरोप, खामपार पुलिस ने शुरू की विधिक कार्रवाई**

**देवरिया।** जिले के खामपार थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के आरोप में एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। महिला के पिता ने 26 अगस्त को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बेटी को पति दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। आरोप है कि पति ने महिला को चलती गाड़ी से धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर खामपार पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी पति निखिल यादव को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल पर शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम है। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को पुलिस हिरासत में लिया गया है। प्रकरण की जांच एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

## प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का भव्य स्वागत, खरोह चौराहा पर उमड़ा कांग्रेसियों का हुजूम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के देवरिया आगमन पर गुरुवार को देवरिया-गोरखपुर सीमा स्थित खरोह चौराहा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार एवं भव्य स्वागत किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में जुटे कांग्रेसजनों ने फूल-मालाओं और नारों के बीच प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं के उत्साह से खरोह चौराहा पूरी तरह कांग्रेसमय नजर आया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिलाध्यक्ष ने अजय राय का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का देवरिया आगमन संगठन के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आत्मीय स्वागत के लिए कांग्रेसजनों का आभार जताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए पूरी ताकत के साथ तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, राधवेंद्र सिंह , धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, आनंददेव गिरी 'चुन्नू', भरत मणि त्रिपाठी, रामअशीष साहनी, राजेश सिंह, जयप्रकाश धनगर, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, संजीव कुमार मिश्रा, चंदन वर्मा, हरिहर त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी, शहनाज जफर, मनोज मणि त्रिपाठी, रामप्रवेश सिंह, नीलेश त्रिपाठी, आनंद श्रीवास्तव 'सोनू', शाकिर हुसैन, रीता देवी, सत्य प्रताप मिश्रा 'अंशु', राजकुमार यादव, दीनदयाल प्रसाद, गोविंद मिश्रा, धनंजय यादव, बदरे आलम, प्रेमलाल भारती, रजनीश उपाध्याय समेत विभिन्न फ्रंटल संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### बिस्कोहर में श्रावणी पर्व उपाकर्म पारंपरिक श्रद्धा के साथ संपन्न

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर )।** गुरुवार को नगर पंचायत बिस्कोहर के शिवचरन पोखरा स्थित श्रीराम जानकी दुर्गा धाम मंदिर में श्रावणी पर्व उपाकर्म पारंपरिक श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। काशी से आए आचार्य अवधेश शुक्ल के निर्देशन में विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दशविधि स्नान किया। इसके बाद देव, ऋषि और पितृ तर्पण कर विधि-विधान से नया यज्ञोपवीत धारण किया गया। अनुष्ठान में अरुन्धती सहित सप्त ऋषियों का पूजन कर सनातन परंपराओं का निर्वहन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में आचार्य दयानन्द शुक्ल, सुधीर तिवारी, चन्द्रशेखर तिवारी, रामबोल पाठक, सूर्य नारायण दुबे, सत्यमणि तिवारी, राममणि तिवारी, विजय मिश्र, सुरेश तिवारी, मुनीन्द्र रवि तिवारी, कमलेश, अमर पाठक, चमन तिवारी, राम कृपाल तिवारी, केदारनाथ मिश्र, राम अनुराग, वायुनन्दन मिश्र, सत्यप्रकाश, प्रद्युम्न, अमित मिश्र, प्रियांशु पांडे और अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 से 31 अगस्त तक स्टेडियम में खेलों का होगा महासंगम

**हॉकी, ताइक्वांडो, कुश्ती और साइकिलिंग समेत होंगी फिटनेस गतिविधियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में 29 से 31 अगस्त तक खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्व. रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ फिटनेस और खेल जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी। कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त को सुबह 10 बजे जूनियर बालकों की हॉकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। 30 अगस्त को सुबह 10 बजे बालक-बालिकाओं की ताइक्वांडो और कुश्ती प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं 31 अगस्त को सुबह सात बजे साइकिलिंग प्रतियोगिता कराई जाएगी।

खेल प्रतियोगिताओं के साथ सामूहिक वार्म-अप एवं स्ट्रेचिंग, वॉक-जॉगिंग, फिटनेस गतिविधियां और खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। 'एक घंटा खेल के मैदान में', 'पास द बॉल', 'स्पोर्ट्स बंधन' और '29 चैलेंज' जैसी गतिविधियां भी आयोजन का हिस्सा रहेंगी। क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने संबंधित प्रशिक्षकों, खेल संघों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर स्टेडियम पहुंचकर आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।

## खुलासा: पेंड्राल क्लिप चोरी कर ले जा रहे दो युवक गिरफ्तार, 59 क्लिप बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** रेल संपत्ति की चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन रेल सुरक्षा के तहत आरपीएफ देवरिया सदर की टीम ने बैतालपुर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से रेलवे लाइन में इस्तेमाल होने वाली 59 पेंड्राल क्लिप बरामद हुई हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 5,015 रुपये बताई गई है। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त मॉडिफाइड मोटरसाइकिल को भी कब्जे में लिया है। आरपीएफ के अनुसार, 26 अगस्त को आईपीएफ अमरनाथ के नेतृत्व में टीम चौरीचौरा, गौरीबाजार और बैतालपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में निगरानी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बैतालपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण रेलवे रोड स्थित समपार संख्या 133 एसी के पश्चिम की ओर दो व्यक्ति मॉडिफाइड मोटरसाइकिल से रेलवे का लोहा चोरी कर कहीं बेचने के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर आरपीएफ टीम ने गोविंदपुर गंज रोड के आसपास निगरानी शुरू की। इसी दौरान रेलवे स्टेशन बैतालपुर की ओर जाने वाली पक्की रेलवे रोड के पास एक मॉडिफाइड मोटरसाइकिल दिखाई दी। मोटरसाइकिल के पीछे सामान ढोने के लिए डोंगानुमा हिस्सा बना था। उसमें एक व्यक्ति बैठा था, जबकि दूसरा सामान ढोने वाले हिस्से में बैठा था। टीम को वर्दी में देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के पीछे बने डोंगे में रखी तीन प्लास्टिक की बोरियों से 14, 20 और 25 पेंड्राल क्लिप, कुल 59 क्लिप, बरामद हुई। पूछताछ एवं बरामदगी के आधार पर मामला रेल संपत्ति की चोरी का पाए जाने पर दोनों आरोपियों को शाम 4:50 बजे हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पप्पू खान (23) पुत्र स्व. भरत खान, निवासी वर्तमान पता तरकुलहा, थाना चौरीचौरा, गोरखपुर तथा स्थायी पता छोटा तेलपा, थाना भगवान बाजार, छपरा (बिहार) और समीर अंसारी (19) पुत्र स्व. उमेश अंसारी, निवासी वर्तमान पता तरकुलहा, थाना चौरीचौरा, गोरखपुर तथा स्थायी पता छोटा तेलपा, थाना भगवान बाजार, छपरा (बिहार) के रूप में हुई है। आरपीएफ के मुताबिक, आरोपी स्टोर के बाहर पड़ी तथा रेलवे लाइन से निकली रेल संपत्ति को चोरी कर उसे बेचने का काम करते थे। मामले में आरपीएफ पोस्ट देवरिया सदर पर अपराध संख्या 05/26 के तहत धारा 3 आरपी(यू.पी.) एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक पूनम पाठक द्वारा की जा रही है।

### खाद्य विभाग की छापेमारी, मिठाई और दूध के 11 नमूने लिए

**रुद्रपुर, बरहज और सलेमपुर तहसील क्षेत्रों में चला सघन प्रवर्तन अभियान**



**देवरिया।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को रुद्रपुर, बरहज और सलेमपुर तहसील क्षेत्रों में सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान मिठाई और दूध के कुल 11 नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ-सफाई की स्थिति भी देखी। अधिकारियों ने मिठाई विक्रेताओं को प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने और ग्राहकों को ताजी मिठाइयां ही बेचने के निर्देश दिए। साथ ही रक्षाबंधन पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर दुकानदारों को जागरूक किया गया। विभाग की कार्रवाई से मिठाई और दूध कारोबारियों में खलबली रही। इस सम्बन्ध में हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट और मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का मंडलायुक्त व डीआईजी ने लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के सलेमपुर तहसील के मझौलीराज में 29 अगस्त को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह, डीआईजी गोरखपुर एस. चन्नप्पा, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंच, पंडाल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रवेश एवं निकास मार्ग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी तैयारियां सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर कमी अथवा चूक नहीं होनी चाहिए।

मंडलायुक्त ने कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए पार्किंग, पेयजल, शौचालय और आवागमन से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को कहा। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर विद्युत व्यवस्था की सुरक्षा एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीआईजी गोरखपुर एस. चन्नप्पा ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम स्थल को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के साथ ही प्रमुख मार्गों एवं निर्धारित रूटों पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी स्थिति में जाम न लगने देने के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा।

इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, प्रवेश-निकास, वीआईपी आवागमन, कानून-व्यवस्था तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ निर्वहन करें। कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए क्यूआरटी, अग्निशमन, चिकित्सा एवं अन्य आपातकालीन व्यवस्थाएं भी पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### माई भारत पोर्टल पर जिले का एकमात्र सूचीबद्ध महाविद्यालय हुआ बद्रीप्रसाद

**कोंच(जालौन)-** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय ने एक बार फिर जिले में अपना मान बढ़ाते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। माई भारत पोर्टल पर जिले का एकमात्र सूचीबद्ध महाविद्यालय बनकर संस्थान ने अपनी उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने बताया कि यह उपलब्धि कोई संयोग नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन, समर्पण, बेहतर प्रबंधन और विद्यार्थियों को नई दिशा देने की सोच का परिणाम है। संस्थान ने शिक्षा को केवल कक्षाओं तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों, युवा गतिविधियों, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया है।

### कला के रंग, रिश्तों के संग



**कानपुर।** भारतीय संस्कृति एवं त्योहारों से विद्यार्थियों को जोड़ने तथा उनकी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों के लिए मेहंदी एवं राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस. दुरई कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), एनयूपीपीएल एवं शिवंतई, अध्यक्षा (यमुना लेडीज़ क्लब) उपस्थित रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए हाथों पर सुंदर एवं आकर्षक डिज़ाइन उकेरे। वहीं राखी निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी एवं मनमोहक राखियाँ तैयार कर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का उत्साह एवं उमंग देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में ममता खटुआ, उपाध्यक्ष( यमुना लेडीज़ क्लब) तथा काकोली भर उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि, सभी प्रतिभागियों ने इतनी सुंदर एवं रचनात्मक कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं कि विजेताओं का चयन करना बेहद कठिन रहा। विद्यार्थियों की मौलिकता, कलात्मकता एवं सृजनात्मकता ने निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

# श्मशान घाट न होने पर प्रधान के घर के दरवाजे पर शव रखकर किया प्रदर्शन

## नदीगांव ब्लॉक की ग्राम पंचायत खैराबर के मजरा गांव ब्यौना का है पूरा मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मामले में नदीगांव ब्लॉक के बीडीओ नरेश पाल का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है, एडीओ पंचायत के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी जांच हेतु बनाई गई है जो जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत खैराबर में श्मशान घाट बना हुआ है लेकिन इस गांव की ब्यौना रियासत गांव से करीब 10 किमी दूरी होने से समस्या होने की बात वहां के ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है तो ब्यौना रियासत गांव में भी श्मशान घाट बनाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

**इस पूरे मामले में महिला ग्राम प्रधान सावित्री देवी का कहना है कि बुधवार की शाम अरविंद के निधन की जानकारी मिलने पर उन्होंने मृतक के परिजनों से कहा था कि यहां खैराबर गांव में आकर शमशान घाट के गेट की चाबी ले जाकर शव का अंतिम संस्कार कर लीजिए, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने घर के दरवाजे पर शव रखकर फालतू में ही प्रदर्शन किया है।**

**कोंच(जालौन)-** तहसील कोंच और ब्लॉक नदीगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैराबर के मजरा गांव ब्यौना रियासत में श्मशान घाट न होने और लगातार हो रही बारिश के बीच मृतक एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए गांव में ही जगह न मिलने से आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। दर्जनों ग्रामीण गांव से करीब 10 किमी दूरी का लंबा चक्कर लगाकर खैराबर गांव पहुंचे और ग्राम प्रधान के घर के दरवाजे पर शव रखकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं दूरभाष पर एसडीएम अभिनव कुमार को समस्या से अवगत कराने के करीब आधा घंटे के बाद परिजन और ग्रामीण मौके से शव उठाकर श्मशान घाट लेकर गए जहां मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम ब्यौना रियासत निवासी अरविंद उर्फ रिंकू जाटव (38) पुत्र कृष्णगोपाल का बीमारी के चलते बुधवार की शाम निधन हो गया था। गुरुवार की सुबह परिजन और ग्रामीण उसके अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे, लेकिन गांव में श्मशान घाट न होने और अपनी ग्राम पंचायत खैराबर में बने श्मशान घाट तक के करीब 4 किमी शॉर्टकट कच्चे चकरोड के रास्ते पर लबालब पानी भरे होने से उनके सामने विकट समस्या खड़ी हो गई। परिजनों ने बारिश के बीच ही शव ट्रेक्टर-ट्रॉली में रखा और पक्की सड़क के रास्ते करीब 10 किमी दूर स्थित खैराबर गाँव में प्रधान सावित्री देवी के घर के दरवाजे जा पहुंचे। पीछे से बाइकों पर सवार होकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए। यहां पर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रॉली पर से शव उतारकर प्रधान के घर के दरवाजे पर रख दिया और अपने गांव में श्मशान घाट बनवाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। करीब आधा घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने दूरभाष पर एसडीएम को अपनी समस्या/शिकायत बताई। जिसके बाद परिजन मौके से शव उठाकर खैराबर गांव के बाहर बने श्मशान घाट पर शव ले गए और वहां शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों सहित ग्रामीणों का आरोप है कि उनके गांव में श्मशान घाट से लेकर सरकारी हैंडपंप, नाली, खड़ंजा, आम रास्ता और पानी की निकासी की हालत बेहद खराब है और बार बार कहने पर भी प्रधान द्वारा इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रधान ने श्मशान घाट खुद के गांव में बनवा दिया है जबकि उनके गांव में शमशान घाट बनवाए जाने की जरूरत ही नहीं समझी गई।

# बारिश में मंदिर की दीवार ढह कर गिरी

## मलबे के नीचे कार क्षतिग्रस्त



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** बीते दो दिन से लगातार हो रही बारिश के बीच गुरुवार की सुबह नगर के मोहल्ला तिलक नगर में स्थित प्राचीन रामजानकी मंदिर के आगे का हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। मंदिर का हिस्सा गिरने से मौके पर हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हादसे के कुछ ही समय पहले मंदिर की पुजारिन उर्मिला देवी निवासी जवाहर नगर पूजा-पाठ करने के बाद मंदिर से बाहर निकल चुकी थी जिससे बड़ा हादसा टल गया, लेकिन मंदिर का मलबा बाहर खड़ी एक स्विफ्ट कार के ऊपर गिर पड़ा जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि गांधीनगर में धनुताल के समीप रहने वाले अतुल कुशवाहा की उक्त स्विफ्ट कार ग्राम बड़ी दोहर निवासी चालक दिनेश कुमार बाजार किसी काम से लेकर गया था। उसने खाली जगह देख कार मंदिर के बाहर पार्क कर दी और पैदल बाजार चला गया था। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जुट गई। कार चालक ने प्रशासन और पुलिस को घटना की सूचना दी है। हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम अभिनव कुमार ने नगर पालिका प्रशासन को निर्देशित कर मंदिर का मलबा मौके से शीघ्र ही हटवाये जाने के निर्देश दिए।

# बीबीएल स्कूल में द्वितीय केके अग्रवाल अंतर-विद्यालय बैडमिंटन स्पर्धा 29 से



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** बीबीएल पब्लिक स्कूल (डीडीपुरम) के सभागार में बृहस्पतिवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें पीलीभीत रोड स्थित द्वितीय शाखा में आयोजित होने वाली 'द्वितीय केके अग्रवाल अंतर-विद्यालय बैडमिंटन स्पर्धा (केके अग्रवाल कप 2026)' की विस्तृत जानकारी साझा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार शर्मा ने बताया कि 29 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे इस खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) आईपीएस अंशिका वर्मा करेंगी। प्रतियोगिता का समापन 31 अगस्त को होगा, जिसका निमंत्रण प्रबंधक सर्वेश कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न कराया जाएगा। खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु कोई भी शुल्क नहीं रखा गया है। शहर के लगभग 35 केंद्रीय और आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इसमें अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। यह स्पर्धा बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में 11, 13, 15 और 17 वर्ष से कम आयु श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का संयोजन सचिव विनय शर्मा करेंगे। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी दीपक गुप्ता, जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर तथा सचिव अनिल मेहरोत्रा भी मौजूद रहे।

### रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर 111 मोबाइल लौटाकर पुलिस ने लौटाई अपनों से जुड़ने की खुशियां

**कानपुर।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कानपुर पुलिस ने 111 लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटाते हुए उनके गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर वास्तविक स्वामियों को सौंपे। गुरुवार को थाना बर्रा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दक्षिण जोन सर्विलांस टीम एवं विभिन्न थानों की सीईआईआर पोर्टल टीम द्वारा बरामद किए गए 111 मोबाइल फोन उनके मालिकों को सुपुर्द किए गए। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण सुमित सुधाकर रामटेके एवं सहायक पुलिस आयुक्त बर्रा की मौजूदगी में मोबाइल फोन वितरित किए गए। लंबे समय बाद अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया। कई लोगों ने पुलिस की इस पहल के लिए आभार जताया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की तलाश एवं बरामदगी के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। बरामद मोबाइल फोन को उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाना पुलिस की जनसेवा के साथ-साथ आमजन में विश्वास मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# रेलवे अस्पताल टूण्डला को हेल्थ यूनिट में बदलने के प्रस्ताव का NCRMU ने किया विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन (NCRMU) टूण्डला शाखा ने रेलवे अस्पताल टूण्डला को हेल्थ यूनिट में परिवर्तित करने तथा अस्पताल की 75 बेड की क्षमता घटाकर 25 बेड किए जाने की प्रस्तावित योजना का कड़ा विरोध किया है। यूनियन पदाधिकारियों ने टूण्डला आगमन पर उप महाप्रबंधक अतुल कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने की मांग की। यूनियन ने कहा कि रेलवे अस्पताल टूण्डला से लगभग 12 हजार कार्यरत एवं सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी तथा उनके आश्रित चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेते हैं। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 500 से 600 मरीज उपचार एवं दवा के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में अस्पताल को हेल्थ यूनिट में परिवर्तित करना अथवा बेड की संख्या कम करना रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हितों के विपरीत होगा।

**NCRMU ने रखीं प्रमुख मांगें**



यूनियन ने मांग की कि रेलवे अस्पताल टूण्डला को हेल्थ यूनिट में परिवर्तित न किया जाए और अस्पताल की वर्तमान 75 बेड की क्षमता को यथावत रखा जाए। इसके अलावा फार्मासिस्ट के कम से कम एक अतिरिक्त पद पर तत्काल नियुक्ति करने तथा लैब अधीक्षक एवं अन्य आवश्यक लैब स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। NCRMU ने कहा कि कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की संख्या को देखते हुए अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं को कम करने के बजाय उनका विस्तार किया जाना चाहिए। साथ ही दवा वितरण एवं जांच सेवाओं में मरीजों को होने वाली लंबी प्रतीक्षा और अव्यवस्था को दूर करने की भी मांग की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रेल प्रशासन की जिम्मेदारी है। अस्पताल की क्षमता कम होने से मरीजों को उपचार के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर होना पड़ेगा, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी**

NCRMU ने चेतावनी दी कि यदि रेलवे अस्पताल को समाप्त करने, हेल्थ यूनिट में परिवर्तित करने अथवा बेड की संख्या घटाने का निर्णय लिया गया तो यूनियन लोकतांत्रिक एवं संगठनात्मक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी। इस अवसर पर भारत सिंह यादव, केंद्रीय उपाध्यक्ष, शाखा मंत्री सरदार सिंह, ओमवीर सिंह, नाहर सिंह मीना, सतेंद्र यादव, जितेंद्र कन्नौजिया, सुशील कुमार, सत्य नारायण मीना, सतीश मीना, मोहित कुमार सहित कई यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सफलता के लिए निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास जरूरी: आईआरएस सुनीति यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शिकोहाबाद।** ''सफलता का मार्ग अधिकारियों के साथ'' श्रृंखला के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नसीरपुर शिकोहाबाद में आईआरएस सुनीति यादव ने छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, चिकित्सा सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान सुनीति यादव ने कहा कि युवाओं को अपने मार्ग में आने वाली छोटी-मोटी कमियों और अवसरों की कमी को कभी भी अपनी सफलता के रास्ते में बड़ा नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी खेल अथवा प्रतियोगिता में अवसर, पुरस्कार या तुरंत सफलता नहीं मिलती है तो इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि प्रयास करना छोड़ दिया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता और असफलता से परे हटकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए आंतरिक प्रेरणा बेहद जरूरी है। यदि किसी परीक्षा या खेल में मनचाहा परिणाम प्राप्त नहीं होता है तो तैयारी छोड़ने के बजाय अपनी कमियों को पहचानकर उनमें सुधार करें और नए उत्साह के साथ पुनः प्रयास करें।

**छात्र-छात्राओं का बढ़ाया आत्मविश्वास**

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय दिया तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सुनीति यादव ने उनकी रुचियों और भविष्य के लक्ष्यों को समझने का प्रयास किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब बेटियां आगे बढ़ती हैं तो बहुत खुशी होती है। उन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्हें किसी भी क्षेत्र में स्वयं को कम नहीं समझना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा और सपनों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगन और मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसलिए कभी भी लिंग भेद को अपनी प्रगति में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देने के साथ-साथ असफलताओं से सीख लेकर निरंतर प्रयास करने और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### ओवर स्पीड में 420 वाहनों के हुए चालान

कानपुर। कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

आज दिनांक 27.08.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 57 ट्रक, 09 बस, 146 चार पहिया/ दो पहिया 212 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 ट्रक, 07 बस, 136 चार पहिया/ दो पहिया 146 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर कुल 62 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं।

# आगरा से आने वाले पनीर-खोया लदे वाहनों की रातभर सघन चेकिंग, 600 किलो खाद्य पदार्थ नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** आगामी पर्वों के दृष्टिगत मिलावटी एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री और आपूर्ति पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 26 अगस्त 2026 की देर रात खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने आगरा की ओर से जनपद फिरोजाबाद में आने वाले पनीर एवं खोया लदे वाहनों की सघन चेकिंग की। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशों के क्रम में की गई कार्रवाई के दौरान विभिन्न वाहनों एवं प्रतिष्ठानों से पनीर एवं खोया के कुल 08 नमूने संग्रहित किए गए। वहीं मौके पर संदिग्ध पाए गए लगभग 600 किलोग्राम पनीर एवं खोया को नियमानुसार नष्ट कराया गया।

**दो वाहनों से 600 किलो खाद्य पदार्थ कराया नष्ट**

चेकिंग के दौरान मुनेश कुमार पुत्र राज बहादुर सिंह, निवासी बिजकौली, पोस्ट बटेश्वर, थाना बाह, जनपद आगरा के वाहन संख्या UP 83 AT 1532 की जांच की गई। वाहन से पनीर की आपूर्ति की जा रही थी। टीम ने पनीर के 05 नमूने संग्रहित किए। मौके पर उपलब्ध लगभग 250 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 60 हजार रुपये थी, को नियमानुसार नष्ट कराया गया। इसी प्रकार नीरज सिंह पुत्र अतार सिंह, निवासी ग्राम फरेरा, थाना बाह, जनपद आगरा के वाहन संख्या UP 80G1233 की जांच की गई। वाहन से पनीर एवं खोया की आपूर्ति की जा रही थी। टीम ने पनीर के 02 तथा खोया का 01 नमूना, कुल तीन नमूने लिए। मौके पर लगभग 100 किलोग्राम खोया, जिसकी अनुमानित कीमत 25 हजार रुपये थी, को नष्ट कराया गया। इसके अलावा करीब 250 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 60 हजार रुपये बताई गई, को भी नियमानुसार नष्ट कराया गया। वहीं आकाश कौशिक पुत्र माता प्रसाद कौशिक, निवासी मक्खनपुर रोड, खैरगढ़, फिरोजाबाद के प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना संग्रहित किया गया।

**जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई**

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संग्रहित सभी खाद्य नमूनों को नियमानुसार जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अधीन नियमों एवं विनियमों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी पर्वों के मद्देनजर मिलावटी एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त (खाद्य) चन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. तुलिका शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल, संदीप, रमेश, विनोद, अरुण एवं अनिल शामिल रहे।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेशवासियों को दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद-** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों, खासतौर से भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश की महिलाओं के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत विविध संस्कृतियों एवं त्योहारों का देश है। प्रत्येक पर्व समाज को अपनी गौरवशाली परंपराओं, संस्कृति एवं विरासत पर गर्व करने का अवसर प्रदान करता है। रक्षाबंधन भाई-बहनों के असीम प्रेम, सुरक्षा एवं समर्पण का पवित्र पर्व है। यह हमारी जीवंत संस्कृति एवं समृद्ध परंपराओं का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही रक्षाबंधन के पर्व को मर्यादा एवं प्रेम के साथ मनाने तथा बहनों के प्रति स्नेह एवं सम्मान की परंपरा रही है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप मानकर सम्मान दिया गया है। रक्षाबंधन का पर्व हम सभी को यह संदेश देता है कि महिलाओं, विशेषकर बहनों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित कर रही है। महिलाओं को समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस पर्व पर हम सभी मिलकर आधी आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बहनों को सुरक्षित एवं सशक्त होने का विश्वास दिलाएं।

# जुलूस ए मोहम्मदी सरकार की आमद मरहबा के मजहबी नारे आसमान में गूंजे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/क्योलड़िया।** जुलूस ए मोहम्मदी क्षेत्र में बड़े अदवो एहतराम के साथ मनाया गया। सुबह से ही जुलूस में शामिल होने के लिए बच्चे और जवान सर पर टोपी और अमामा बांधकर पहुंचे। क्योलड़िया में जुलूस ए मोहम्मदी जमा मस्जिद से शुरू हुआ, जहां पर तिलावत ए कुरान ए पाक के बाद इसका आगाज हुआ। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ दरिया शाह बाबा की दरगाह पर संपन्न हुआ। रास्ते में जगह-जगह जुलूस का भव्य स्वागत किया गया और अकीदतमंदों के लिए मिठाई, शरबत, फल आदि के लंगर का विशेष इंतजाम किया गया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर क्योलड़िया की सभी गलियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरा गांव रंगीन रोशनी में नहाया हुआ था। हर तरफ 'सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा' के नारे गूंज रहे थे। थाना क्षेत्र के अन्य गांवों जैसे वहर जागीर, भौआ बाजार, परसरामपुर, ठिरिया बन्नौजान, अटंगा, चांदपुर, करूआ साहिबगंज आदि में भी जुलूस ए मोहम्मदी बड़ी शानो शौकत से निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह इंस्पेक्टर अपराध श्रवण कुमार उप निरीक्षक सौरभ सिंह कांस्टेबल सुमित कुमार सचिन कुमार नवीन कुमार लोकेंद्र सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस प्रशासन ने जुलूस के रूट पर कड़ी निगरानी रखी और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैदी दिखाई। स्थानीय वॉलिंटियर्स ने भी यातायात और व्यवस्था संभालने में पुलिस का पूरा सहयोग किया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से आयोजक पीर मोहम्मद, लाल मोहम्मद, सूफी समसुल हसन, इशहाक अहमद, पूर्व प्रधान एडवोकेट अखलाक अहमद, एडवोकेट इम्तियाज अहमद, नजमुल हसन अंसारी, दीन मोहम्मद, मोहम्मद आजम, मोहम्मद तस्लीम, रियाजउद्दीन, हाफिज कमालुद्दीन, हाफिज अब्दुल वाहिद, हाफिज सहाबुद्दीन और शमशीर अहमद समेत हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने शिरकत कर कौमी एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

### पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने छात्राओं से बंधवाई राखी



**कानपुर।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर रघुबीर लाल द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर आजाद नगर, कानपुर नगर की विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित केंद्र की छात्राओं से राखी बंधवाई गई। इस अवसर पर छात्राओं से बातचीत कर रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की गई।

# जलभराव और गंदगी पर तत्काल कार्रवाई करें, नगरों में न दिखे कूड़े का ढेर : ए.के. शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को जनपद में विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं की समीक्षा करते हुए बरसात के मौसम में जलभराव, साफ-सफाई और संक्रामक रोगों की रोकथाम को लेकर अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों से कहा कि किसी भी नगर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। जहां जलभराव है, वहां तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कर समस्या का समाधान कराया जाए। मंत्री ने कहा कि बरसात में जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरजनित और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए नगर निकायों में नियमित एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग कराई जाए। जलजमाव वाले स्थानों को चिह्नित कर प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। कहा कि नगर क्षेत्र में कहीं भी कूड़े का ढेर दिखाई नहीं देना चाहिए। नियमित सफाई, कूड़ा उठान और निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख मार्गों, बाजारों और आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संचारी रोग नियंत्रण अभियान गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में अतिरिक्त बेड, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की व्यवस्था तैयार रखने को कहा, ताकि आकस्मिक स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और लोगों को बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने पर जोर देते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्धारित समयसीमा में योजनाएं पूरी कराने और अधिक से अधिक घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर जल की उपलब्धता शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश देते हुए ए.के. शर्मा ने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंत्री को आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याएं एवं विकास कार्यों को बैठक में रखा, जिस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# खेलो इंडिया संवाद में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** खेलो इंडिया संवाद के अंतर्गत 'खेल की बात, पीएम के साथ' कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्र) के स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मीरजापुर से दो कॉलेज को कैटिगरी, एवं क्रमें चयनित किया गया था।जिसमें महाविद्यालय कैटिगरी क्र में चयनित है। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा तथा खेलों के महत्व, फिटनेस, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से संबंधित विचारों को सुना। विद्यार्थियों ने खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लिया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. माधवी शुक्ला ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के संयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।सह संयोजक डॉ शिखा तिवारी एवं डॉ विद्या सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ नलिनी सिंह,डॉ स्मिता, डॉ गुरु प्रसाद सिंह, डॉ रीता मिश्रा, डॉ रमेश चंद, डॉ अमित यादव, डॉ चन्दन द्विवेदी, डॉ शैलेंद्र कुमार, धर्मचंद, धर्मेंद्र सिंह, डॉ रामानंद पुजारी, कमलेश शुक्ला सहित छात्र छात्राये उपस्थित रही।

## भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान और देववाणी के संरक्षण को समर्पित एक सप्ताह का भव्य अनुष्ठान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़।** जोखन राम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा बगहा में संपन्न हुआ। आजके विश्ववृद्ध का कारण हमारी संस्कृति और संस्कृत को न समझने के कारण हो रहा है,भौतिकतावादी और आधुनिक चकाचौंध के इस दौर में नई पीढ़ी को अपनी प्राचीन जड़ों और शाश्वत मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस संस्कृत सप्ताह के कार्यक्रम द्वारा कि मानो पुरातन गुरुकुल परंपरा सजीव हो उठी हो। सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण में भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए इस आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वेदोक्त मंगलाचरण के साथ किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की बौद्धिक क्षमता को निखारने के लिए संस्कृत भाषण, श्लोक वाचन, निबंध लेखन और तार्किक वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने जिस

संस्कृति उत्थान और वैचारिक पुनर्जागरण पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा और जीवन-दर्शन से होती है। संस्कृत केवल बातचीत का साधन नहीं, बल्कि भारतीय अध्यात्म, विज्ञान, नैतिकता और संपूर्ण जीवन- पद्धति का आधारस्तंभ है। वर्तमान समय में अपनी मूल संस्कृति और संस्कारों को पुनर्जीवित करना ही समाज का सबसे बड़ा दायित्व है, ताकि आधुनिक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और मानवीय गुणों का समावेश हो सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती माधुरी तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे संस्कृत को केवल एक विषय के रूप में न पढ़ें, बल्कि इसे अपने आचार, विचार और दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। ऐसे आयोजनों से बच्चों के भीतर आत्मविश्वास का संचार होता है और वे अपनी समृद्ध विरासत के प्रति अधिक जागरूक बनते हैं। उक्त अवसर पर अध्यापिका कंचन मिश्रा अध्यापक बलभद्र शुक्ल सहित छात्र उपस्थित रहे।

## छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर की दी गई जानकारी



**मंडुवाडीह, वाराणसी।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय डी.एल.डब्ल्यू. वाराणसी में छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में मडुवाडीह थाना के एस. एच.ओ.अजय राज वर्मा एवं सब इंस्पेक्टर सुश्री खुशबू राय के द्वारा छात्राओं को 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 112(आपातकालीन पुलिसेवा), 1090 (वीमेन पावर लाइन), 108(एम्बुलेंस नंबर), 181(वीमेन हेल्प लाइन), 102 आदि के उपयोग के सन्दर्भ में जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो बृजकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि छात्राओं को सदैव सतर्क रहना चाहिए विपरीत परिस्थितियों में सजग रहें व आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करें। हेल्पलाइन नंबर से संबंधित पम्पलेट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ शेफालिका राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो उमा श्रीवास्तव, प्रो रचना शर्मा, प्रो रजनीश चन्द्र त्रिपाठी, डॉ कमलेश कुमार तिवारी, डॉ मृत्युंजय सिंह, निरंजन पांडे, हरे कृष्ण मिश्रा के साथ थाने से तनुजा, जूली सहित 64 छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# संक्षिप्त खबरें

## पीसकॉन्टेज स्कूल में रक्षा बंधन पर्व से पहले राखी प्रतियोगिता का आयोजन



**सुरियावां।** गुरुवार को सुरियावा स्थित पीस कॉटेज स्कूल में रक्षाबंधन पर्व से पूर्व राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सफल रहे विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक डॉ. अजय कुमार पांडेय और मैनेजर श्रीमती माया पांडेय ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नीरज दुबे, प्रशासक बी. एस. दुबे, स्वागता साहा, नितेश उपाध्याय सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति एवं त्योहारों के प्रति जुड़ाव को बढ़ावा देती हैं।

## यूपी-112 ने बचाई युवक की जान, फंदे से उतारकर पहुंचाया अस्पताल



**भदोही।** थाना सुरियावां क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 में यूपी-112 की पीआरवी टीम ने तत्परता और सूझबूझ दिखाते हुए आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक की जान बचा ली। घटना 25 अगस्त की रात करीब 8:20 बजे की है। यूपी-112 को सूचना मिली कि एक युवक कमरे का दरवाजा बंद कर आत्महत्या का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही पीआरवी-7675 तत्काल मौके पर पहुंची। परिजनों ने पुलिसकर्मियों को बताया कि पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया है और छत के पंखे से फंदा लगाने का प्रयास कर रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए कमरे का दरवाजा तोड़ा और युवक तीर्थराज उपाध्याय को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद परिजनों की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां में भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में हुई इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की। पीआरवी टीम में कमांडर आरक्षी श्याम जी रावत, पायलट होमगार्ड जीत नारायण तथा थाना सुरियावां के हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार तिवारी शामिल रहे।

## डीएम की समीक्षा में लापरवाही पर सख्ती, दो अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, स्टाफ बैठक एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व की समीक्षा बैठक हुई। 32 मदों में जनपद को ए श्रेणी मिलने पर उन्होंने संतोष जताया, जबकि खराब प्रगति वाले अधिकारियों को अगले माह तक सुधार के निर्देश दिए। बैठक से अनुपस्थित अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा परियोजना अधिकारी डूडा का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। डीएम ने राजस्व वसूली में तेजी लाने, बड़े बकायेदारों से वसूली, भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई तथा लंबित निर्विवाद उत्तराधिकार मामलों को 31 अगस्त तक निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# लाइव टीवी डिबेट में कथित अभद्र भाषा के विरोध में कांग्रेस ने दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** लाइव टीवी डिबेट के दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के साथ महंत राजू दास द्वारा कथित तौर पर गाली-गलौज एवं अभद्र भाषा के प्रयोग के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने दुर्गागंज थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटीके जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बिंद ने अपने नाम से थाना दुर्गागंज पहुंचकर थाना प्रभारी को तहरीर दी। तहरीर में उल्लेख किया गया है कि 24 अगस्त को लाइव टीवी डिबेट के दौरान महंत राजू दास ने कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की। डिबेट का प्रसारण सार्वजनिक रूप से हुआ तथा बाद में इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हुई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कथित आपत्तिजनक भाषा और व्यवहार का वीडियो बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं एवं निषाद समाज के लोगों में आक्रोश है। तहरीर में मामले की जांच कर आरोप सही पाए जाने पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। थाना प्रभारी ने तहरीर प्राप्त कर पीली पर्ची उपलब्ध कराई। पुलिस की ओर से बताया गया कि प्रकरण की जांच के बाद नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक मंच पर किसी व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक एवं सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी कानून और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करती है, इसलिए मामले में विधिक प्रक्रिया का सहारा लिया गया है। पुलिस से निष्पक्ष जांच कर आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बिंद, रमाशंकर बिंद, सुरेश चौहान, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह टोनी, राजदेव बिंद, मकोइ लाल बिंद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जीटी रोड पर खड़े ऑटो से बैटरी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित राजपूत ढाबा के पास प्रेम सदन के सामने खड़े एक ऑटो से बीती रात चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। चोरी की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में तीन युवक ऑटो के पास पहुंचकर उसकी बैटरी निकालते दिखाई दे रहे हैं। वाहन स्वामी कनिष्क पांडेय निवासी कौलापुर के अनुसार, उन्होंने रोज की तरह अपना ऑटो उक्त स्थान पर खड़ा किया और पास स्थित कमरे में चले गए। सुबह ऑटो के पास पहुंचे तो बैटरी गायब मिली। इसके बाद उन्होंने गोपीगंज पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान और उनकी तलाश में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर चला 'वन डे विशेष अभियान', 263 वाहनों के चालान

## तीनों तहसीलों में एक साथ हुई चेकिंग, 3.32 लाख रुपये का जुर्माना; स्कूल वाहन चालकों की भी हुई आंखों की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में गुरुवार को जनपदभर में सड़क सुरक्षा का 'वन डे विशेष अभियान' चलाया गया। अभियान के दौरान जिले की तीनों तहसीलों में एक साथ जागरूकता और प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 263 वाहनों का चालान किया गया, जबकि एक वाहन को निरुद्ध कर दिया गया। विभिन्न मामलों में कुल 3 लाख 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोपहर 12 से एक बजे तक चले विशेष अभियान के तहत जिले के प्रमुख चौराहों और अधिक आवागमन वाले स्थानों पर अधिकारियों ने वाहनों की जांच की। वीर विनय चौराहा, फुलवरिया बाईपास चौराहा, सेखुईया चौराहा, कलश चौराहा तुलसीपुर, आसाम चौराहा उतरौला समेत विभिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सड़क पर स्वयं के साथ अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

### 76 स्कूल वाहन चालकों की हुई नेत्र जांच

सड़क सुरक्षा अभियान को छात्र सुरक्षा से जोड़ते हुए स्कूल वाहन चालकों के लिए विशेष नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर में डॉ. महेश गुप्ता ने 76 स्कूल वाहन चालकों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान वाहन चालकों को नेत्र स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल वाहनों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे आवागमन करते हैं। ऐसे में वाहन चालक की दृष्टि का बेहतर होना छात्र परिवहन की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए चालकों की आंखों की जांच कराई गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि अभियान के माध्यम से प्रवर्तन कार्रवाई के साथ लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना और जनपद में सुरक्षित यातायात व्यवस्था को मजबूत करना है।

# रक्षाबंधन पर मिलावटखोरों के खिलाफ छापेमारी, 12 खाद्य नमूने जांच को भेजे




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में अभियान चलाया। जिलाधिकारी के निर्देश एवं सहायक आयुक्त खाद्य-2 शशि शेखर के नेतृत्व में नई बाजार, भदोही, चौरी, देवनाथपुर, इंदिरा मिल, भरोसेगंज और महाराजगंज में दुकानों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान बर्फी, लड्डू, दूध, छेना मिठाई, मैदा, खोया, रसगुल्ला और पेड़ा सहित कुल 12 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने खाद्य कारोबारियों को मिलावट से दूर रहने तथा प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। थोक विक्रेताओं को केवल लाइसेंस एवं पंजीकरण प्राप्त कारोबारियों को ही खाद्य सामग्री बेचने की हिदायत दी गई। अभियान की जानकारी मिलते ही कुछ दुकानदारों द्वारा प्रतिष्ठान बंद कर दिए जाने से बाजार में हड़कंप की स्थिति रही।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय के मातृ शोक पर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे गणमान्य लोग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर, संवाददाता।** सीखड़ विकास खंड अंतर्गत पिपराही ग्राम पंचायत निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष, सीखड़ एवं जिला कार्यसमिति सदस्य प्रमोद कुमार पाण्डेय की माता स्वर्गीय सावित्री देवी (83) का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान बीएचयू, वाराणसी में निधन हो गया। वह पिछले करीब दो माह से अस्वस्थ चल रही थीं स्वर्गीय सावित्री देवी के निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा सागर दूबे एवं बालेन्दु मणि त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख इंद्र बहादुर पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य के.के. सिंह एवं संजय पटेल, नैनागढ़ पैलेस के संस्थापक सुरेश मिश्रा, वाराणसी मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कछवां दीपक उपाध्याय, भाजपा नेता शिवप्रसाद दुबे, गुड्डू प्रधान एवं मंडल अध्यक्ष पवन उपाध्याय सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग पिपराही स्थित प्रमोद कुमार पाण्डेय के आवास पर पहुंचे।

सभी ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की तथा स्वर्गीय सावित्री देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की।इस अवसर पर लोगों ने शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की तथा ईश्वर से स्वर्गीय सावित्री देवी की आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# एनसी रजिस्ट्रेशन में लापरवाही पर अभोली व डीघ अधीक्षक को नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा एवं आयुष विभाग की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। खराब प्रगति वाले संकेतकों में सुधार न होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक में एएनसी रजिस्ट्रेशन और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अपेक्षित रुचि न लेने तथा खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधीक्षक अभोली और डीघ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने सभी एमओआईसी को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए आशा और एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को जागरूक कर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के लिए प्रेरित करने को कहा। डीएम ने सभी एमओआईसी को आशा और एएनएम के साथ साप्ताहिक बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। मातृ मृत्यु दर से संबंधित आंकड़ों की रिपोर्टिंग में पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखने को कहा। उन्होंने पीएचसी और सीएचसी के खराब भवनों एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के साथ सभी चिकित्सालयों में साफ-सफाई और बायो-मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लैब स्लैब और बेसिन की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने व्यवस्थाएं बेहतर करने को कहा। चिकित्सकों की उपस्थिति की नियमित जांच और उनके कार्य एवं दक्षता का सतत मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की प्रभावी क्रियाशीलता सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बिजली, पानी और आवश्यक दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अटेंडेंस की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के इन स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लोगों को बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में निर्देशों के अनुपालन में भी जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाई। उन्होंने बैठक की कार्यवृत्ति और अनुपालन आख्या अगले दिन तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का वास्तविक लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं सहित आमजन को समय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी टीम भावना से कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला अस्पतालों के सीएमएस, सभी एमओआईसी, एमओआईसी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 29 अगस्त को 14 वर्षीय बालको की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस स्टेडियम में

**प्रतापगढ़।** उपक्रीड़ा अधिकारी रंजीत कुमार यादव ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय स्टेडियम के तत्वावधान में 29 अगस्त को स्व0 मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस आगामी 29 अगस्त को 14 वर्षीय बालको की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस स्टेडियम प्रतापगढ़ में पूर्वान्ह 10 बजे कराया जायेगा। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमो को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को विभाग द्वारा किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की प्रविष्टि प्रतियोगिता के एक दिन पूर्व कर करा लें।

### किसान सम्मान निधि योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, 60 करोड़ से अधिक के नुकसान की आशंका

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि बुधवार को साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रतापगढ़ पर दी गई। तहरीर के आधार पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में तहसील कुण्डा की आईडी/लॉगिन का दुरुपयोग कर अपात्र व्यक्तियों, नाबालिगों तथा जनपद/प्रदेश से बाहर के व्यक्तियों के संदिग्ध एवं फर्जी पंजीकरण कराये जाने के संबंध में सुसंगत अभियोग पंजीकृत किया गया है।उक्त पंजीकरणों के माध्यम से शासकीय पोर्टल का दुरुपयोग कर पात्रता के विपरीत सरकारी धनराशि का भुगतान कराया गया, जिसमें लगभग 03 लाख लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक योजना का लाभ प्राप्त किया जाना भी प्रकाश में आया है। प्रकरण में बड़े पैमाने पर अनियमितता एवं संगठित रूप से फर्जी पंजीकरण कराये जाने के तथ्य प्रकाश में आए हैं तथा लगभग 60 करोड़ रुपये से अधिक की शासकीय धनराशि के दुरुपयोग/क्षति की आशंका व्यक्त की गई है। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान ने कारागार में आयोजित किया रक्षासूत्र एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**प्रतापगढ़।** कारागार में बंदियों को नशे की लत से दूर रखने और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारी संस्थान प्रतापगढ़ की ओर से रक्षासूत्र एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रतिनिधियों ने बंदियों को आजीवन नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई। ब्रह्माकुमारी संस्थान की हेमा, संजीवनी, सीमा, राकेश एवं रितुल विश्वकर्मा ने बंदियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ, संयमित एवं सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से बंदियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उन्हें नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर 300 पुरुष बंदियों ने उत्साहपूर्वक रक्षासूत्र बंधवाया और आजीवन नशामुक्त रहने की शपथ ली। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अवसर पर वीरेन्द्र कुमार वर्मा जेलर, शारदा देवी तथा कमलेश कुमार डिप्टी जेलर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पावन पर्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बाँधी तथा भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और आपसी विश्वास का संदेश दिया। शिक्षक आदित्य कुमार ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय में आलिमा, सौम्या, सृष्टि, एंजल, राधिका, आयरा, स्वास्तिक, अनुराधा, अंशुमान, संदर्भ, अश्वनी, कृष्णा, नित्यम आदि छात्र- छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य राजीव सिंह, प्रधानाचार्य एस.एल.प्रजापति व उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव ने वृक्ष को राखी बांधकर वृक्षों के संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय की छात्रा खुशी, समीक्षा, प्रज्ञा, अनन्या, नित्या, साक्षी ने उप-जिलाधिकारी महराजगंज चंद्र प्रकाश गौतम, थाना प्रभारी महराजगंज जगदीश यादव, तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा, नायब तहसीलदार महराजगंज उमेश त्रिपाठी को राखी बांधकर स्नेह, विश्वास एवं सुरक्षा के पवित्र रिश्ते को प्रशस्त किया। सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने व अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व ही नहीं, बल्कि यह आपसी सम्मान सुरक्षा, विश्वास और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं, छात्र -छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाद्य विभाग की छापेमारी में 09 खाद्य पदार्थो के नमूने जांच के लिए लिये गये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने 26 और 27 अगस्त को जिले की विभिन्न तहसीलों में रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की।खाद्य सचल दल ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए कुल 09 खाद्य पदार्थो के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। खाद्य सचल दल की टीम ने मानिकपुर कुंडा स्थित जीवन स्वीट्स से पेड़ा, रेड़ीगारापुर पट्टी स्थित संदीप कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान से खोया व चीनी से निर्मित मिठाई रोल तथा बाबूगंज स्थित शुभम धुरिया मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना लिया। इसी क्रम में कुशवापुर संग्रामगढ़ स्थित दिलीप गुप्ता के प्रतिष्ठान से बर्फी और बाबागंज कुंडा स्थित बंगाली सौरभ मिष्ठान से छेना रसगुल्ला का नमूना संग्रहित किया गया। इसके अलावा पट्टी स्थित श्री खाटू श्याम डेयरी से पनीर, बाघराय कुंडा स्थित बॉम्बे वड़ा पाव से गुलाब जामुन, बाघराय स्थित सपना मिष्ठान भंडार से छेना की मिठाई तथा लालगंज अजहरा स्थित चंदन कौशल के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना लिया गया। सभी 09 नमूनों को विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, डॉ. यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी एवं डॉ. शमशुन नेहा उपस्थित रहे।

## पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दहेज उत्पीड़न को लेकर पीड़ित की तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे रमन मेढ़ावां निवासी तीर्थराज वर्मा पुत्र रामसनेही वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी का विवाह बीते वर्ष 2025 में सांगीपुर थाना क्षेत्र के सराय लालशाह में सूर्य प्रकाश वर्मा पुत्र अमरजीत के साथ हुई। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सूर्यप्रकाश वर्मा, ससुर अमरजीत, जेठानी राधा तथा सूर्यलाल वर्मा पुत्र अमरजीत व संगीता देवी पत्नी सूर्यलाल आदि द्वारा दहेज को लेकर पन्द्रह लाख रूपये की मांग की गयी। तहरीर के मुताबिक दहेज की मांग पूरी न होने पर पीड़ित की बेटी को ससुरालीजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति सूर्यप्रकाश वर्मा समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा मारपीट व प्रताड़ना समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# खेलो इण्डिया संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन, मेधावी हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में गुरूवार को खेलो इण्डिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 ऋचा सुकुमार एवं स्पोर्टस विशेषज्ञ श्याम शंकर मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। संवाद कार्यक्रम में सफल मेधावियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्यामशंकर मिश्र ने खेल भावना की महत्वता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो0 डॉ0 ऋचा सुकुमार ने छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल से भी जुड़े रहने के प्रति अभिरूचि बनाए रखने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 अभिषेक पाण्डेय ने खेल के नियमों की छात्र छात्राओं को जानकारियां प्रदान की। छात्रा मनीषा सरोज, आकांक्षा, साक्षी, श्रद्धा पटेल ने भी अपने विचार रखे। संचालन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ0 ऐश्वर्य त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 प्रियंका शुक्ला, शुभम सिंह आदि रहे।

## जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में मनाया गया भाई बहन का पावन पर्व रक्षाबंधन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गुरुबक्सगंज रायबरेली।** स्थित सीएस सी बाल विद्यालय (जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल) में आज रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला, प्रबन्धक मोहित शुक्ला, डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा सभी नन्हे बच्चों भाई बहनों को इस पावन पर्व की बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अपनी अपनी कक्षाओं को विभिन्न प्रकार के पोस्टर, रंग बिरंगे गुब्बारों से सुसज्जित कर बड़े ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को मनाया। रक्षाबंधन के अवसर पर राखी व गिफ्ट कार्ड्स मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्राओं द्वारा मनमोहक राखी बनाई गई। सभी छात्राओं ने राखी बांधकर व मिठाई खिलाकर भाई बहन के स्नेह का संदेश दिया। विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला ने बताया कि रक्षाबंधन केवल एक रेशम का धागा नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के आपसी प्रेम, अटूट विश्वास और समर्पण का प्रतीक है व रक्षाबंधन के इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने बताया कि यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि भाइयों का कर्तव्य केवल अपनी बहनों की रक्षा करना नहीं, बल्कि समाज की हर बेटी और महिला का सम्मान व सुरक्षा करना है व सभी को इस पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही इस आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की शिक्षिकाएं अर्चना, आस्था, आकृति, हर्षिता, रेहा, सिमरन, दामिनी, पूजा शर्मा, भावना, किरन, पूजा दीक्षित, रंजना, नाजिया आदि समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## ईद मिलादुन्नबी पर बाल्हेमऊ ऐहार में निकला जुलूसे मोहम्मदी, अमन-चैन की मांगी दुआ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** लालगंज क्षेत्र के बाल्हेमऊ ऐहार गांव में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को जुलूसे मोहम्मदी शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया। हाथों में झंडियां लिए बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चे, युवा और बुजुर्ग पूरे उत्साह के साथ जुलूस में शामिल हुए।जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। आपसी सौहार्द की मिसाल देखने को मिली, जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ हिंदू समुदाय के लोगों ने भी दुकानों के सामने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। बच्चों को टॉफी, कोल्ड ड्रिंक, स्नैक्स, समोसे और मीठी खीर वितरित की गई।

मौलानाओं ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। दरोगा रवीन्द्र तिवारी पुलिस बल के साथ जुलूस की अगवानी करते रहे। प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।इससे पहले मंगलवार शाम को क्षेत्र में जगह-जगह मजलिस और जलसों का आयोजन किया गया। मौलाना हारुन ने तकरीर में देश के प्रति वफादारी और जरूरत पड़ने पर देश के लिए बलिदान देने की बात कही इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी, आशीष पाण्डेय, हाफिज अब्दुल जलील, हाफिज हारुन, समीम, मोहम्मद इस्माइल उर्फ भुट्टों, मोहम्मद शकील, मोहम्मद सरताज उर्फ सलमान, कादिर, अफरोज, जीशान, चांद मोहम्मद उर्फ छोटू, सलमान मास्टर, वारिस, नकील सहित समस्त वारसी अंजुमन कमेटी बाल्हेमऊ ऐहार के सदस्य और अन्य लोग मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन आज:खरीदारों से गुलजार रहे बाजार दिन भर रहा भीड़



**सिद्धार्थनगर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार शुक्रवार को है।इसे लेकर लोग काफी उत्साहित हैं।त्योहार से एक दिन पहले गुरुवार को बाज़ार में खरीदारों से खचाखच भरे रहे।खरीदारों की सबसे ज्यादा भीड़ आभूषण, कपड़े, जूते-चप्पल, मिठाई, किराना, सौंदर्य प्रसाधन, उपहार और राखियों की दुकानों पर रही। भाई-बहन का पवित्र प्रेम वैसे तो केवल एक रेशम की डोर से ही बंधा हुआ है।अब रेशमी राखी के अलावा सोने-चांदी की राखियों का भी काफी ज्यादा रिवाज बढ़ गया है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में रेशमी राखियों के अलावा कई प्रकार की पारंपरिक एवं फैंसी राखियों की खरीदारी के साथ सोने-चांदी की राखी भी बहनें अपने भाईयों की कलाई पर बांधने के लिए बढ़चढ़ कर खरीदती रही।

### सूनी न रहे सैनिको की कलाई महावीर स्टडी इस्टेट के बच्चों ने भिजवाई राखी

**महराजगंज/रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेण्ड्री कालेज महराजगंज में रक्षाबंधन के शुभअवसर पर निष्प्रयोज्य सामान से बच्चों ने अपने नन्हे-नन्हे हॉथो से राखियों बनाकर सीमा पर अपने जवानो को राखी भिजवायी। बच्चों ने श्रावण मास एवं रक्षाबंधन पर मेंहदी प्रतियोगिता जिसमें बच्चों ने बहुत ही कलात्मकता दिखाई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि हमारे सनातन में रक्षाबंधन के दिन बच्चों को ऋषियों के आश्रम में विद्याध्ययन हेतु भेजा जाता था। रक्षाबंधन के विषय में बताया कि राजा बलि की माँ ने पुत्र रक्षा हेतु उसके हाँथों में राखी बाँधी थी। राणा सांगा की पत्नी कर्मावती ने मेवाड़ की रक्षा हेतु हुमायूँ को राखी भेजी तदोपरांत हुमायूँ ने मेवाड की रक्षा हेतु भाईचारा निभाते हुए बहादुर शाह से युद्ध किया। यम तथा यमुना में रक्षाबंधन पर मनमुटाव समाप्त हुआ। कृष्ण को द्रोपदी ने चीर फाड़कर पट्टी बाँधी जिसे उन्होने चीर हरण में पूर्ण किया। इंद्र तथा इंद्राणी (शची) ने देव दानव युद्ध में रक्षा हेतु इंद्र को रक्षा सूत्र बाँधा था। तभी से रक्षा बंधन को हमारे देश में भाई बहन के पवित्र प्रेम के रूप में देखा जाता है। भाई आजीवन बहन की रक्षा का वचन लेता है। तथा पूर्ण करता है। सभी अध्यापकों ने बच्चों के कौशल विकास में अपनी भागीदारी की। प्रधानाचार्य ने सभी कालेज स्टाफ, अभिभावकों तथा बच्चों को रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

## छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर बांधी राखी, मिठाई खिलाकर कर मुंह मीठा कराया






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में बर्डपुर ब्लाक के कम्पोजिट जूनियर हाई स्कूल काशीपुर में गुरुवार को विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर प्रेम एवं स्नेह का प्रतीक राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।इस दौरान प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज ने बताया कि रक्षाबंधन से पूर्व विद्यालय में बच्चों द्वारा यह पर्व हर साल मनाया जाता है उधर रक्षाबंधन के पावन पर्व के पूर्व संध्या पर आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय, बर्डपुर में गुरुवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा बहनों ने अपने छात्र भाइयों की कलाई पर प्रेम एवं स्नेह का प्रतीक रक्षासूत्र बांधकर उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में राखी निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल एवं कल्पनाशक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने कहा कि 'रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ा पर्व है।

इस अवसर पर विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय, शोभनाथ यादव, उमेश यादव, संतोष यादव, संदीप राव, राममिलन शुक्ला, रुचि उपाध्याय, श्वेता पटवा, पवन पाठक, अन्नू जायसवाल, संगीता मौर्य, शालू उपाध्याय, विनय कुमार वर्मा, राकेश कुमार, सरिता जायसवाल,अजय कुमार ,चंद्रावती देवी एवं निर्मला देवी सहित विद्यालय के शिक्षक- शिक्षकाएं, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे।

# चोरी की 32.5 मीट्रिक टन सरिया बरामद

» चोरी के माल को खरीदकर खपाने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रातापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना मान्धाता पुलिस द्वारा चोरी की 32.5 मीट्रिक टन सरिया के साथ 05 अभियुक्तों धर्मेन्द्र पटेल, अरविन्द यादव, नौशाद, संजय शुक्ला उर्फ सुशील शुक्ला, रामअजोर पटेल को गिरफ्तार किया गया।वादी निवासी ग्राम सुल्तापुर, थाना मऊआइमा, जनपद प्रयागराज द्वारा झुमरी तिलैया, कोडरमा, झारखण्ड से 41.760 मीट्रिक टन सरिया ट्रक संख्या क्र70क्ष8849 पर चालक गुलजार के माध्यम से मंगाई गई थी। वादी के अनुसार चालक को सरिया सतारा, महाराष्ट्र में उतारने हेतु बताया गया था, किंतु चालक द्वारा माल को निर्धारित स्थान पर न पहुंचाकर उत्तर प्रदेश ले आया गया। बाद में वादी के कहने पर सरिया गुप्ता ट्रेडर्स, बहरिया, प्रयागराज में उतारने को कहा गया, परंतु गुप्ता ट्रेडर्स द्वारा सरिया प्राप्त होने से इंकार किया गया। चालक द्वारा वादी को लगातार गुमराह करते हुए अलग-अलग स्थानों की जानकारी दी गई तथा बाद में सरिया किसी पार्टी को उतार देने की बात कही गई, जिसकी पुष्टि संबंधित पार्टी द्वारा नहीं की गई। 21अगस्त से 25अगस्त तक सरिया न पहुंचने एवं चालक द्वारा संतोषजनक जानकारी न देने पर वादी को आशंका हुई कि चालक द्वारा सरिया को किसी अज्ञात स्थान पर चोरी से बेच दिया गया है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मान्धाता पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।मान्धाता पुलिस द्वारा मुकदमा से संबंधित 05 अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु प्रभावी कार्यवाही की गई।पुलिस टीम द्वारा पूछताछ एवं अभियुक्त रामअजोर पटेल की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर दबिश/तलाशी लेते हुए चोरी की सरिया खरीदने एवं अपने पास रखने वाले अभियुक्तों के कब्जे/दुकान/गोदाम से कुल 32.5 मीट्रिक टन चोरी की सरिया बरामद की गई। बरामद सरिया पर 'गिरधर एनईएक्सटी' अंकित है, जिसकी पहचान वादी मुकदमा द्वारा चोरी गए माल के रूप में की गई। इस कार्यवाही के दौरान चोरी के माल को खरीदने व रखने के आरोप में 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## घर मे रखीं दीमक की दवा पीने से किसान की हालत बिगड़ी

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के रमईपुर रालपुर गांव निवासी एक किसान ने मंगलवार देर शाम गलती से लोटे में रखी दीमक मारने की दवा पी ली। इससे उसकी हालत बिगड़ गई।

परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। गांव निवासी बचोले (55) ने बताया कि खेत में डालने के लिए ट्यूबवेल पर एक लोटे में दीमक मारने की दवा निकालकर रखी थी। देर शाम वह ट्यूबवेल पहुंचा।

उस समय उसे दवा रखे होने की बात याद नहीं रही। उसने गलती से लोटे में रखी दवा पी ली। दवा पीने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां उसका उपचार किया गया।

## 5.94 करोड़ की लागत से दो सड़कों के निर्माण कार्यों की मिली स्वीकृति



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ अंतर्गत 5.94 करोड़ के लागत की दो सड़कों के निर्माण कार्यो को स्वीकृति लोक निर्माण विभाग से मिलने पर क्षेत्रवासियों में खुशी है। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के गाँवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, किसानों, व्यापारियों और आमजन को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी पत्र के मुताबिक विधायक विनय वर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के नौडिहवा पुल एप्रोच से जीतपुर चौराहा तक मिसिंग लिंक मार्ग का निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 3.700 किलोमीटर व लागत रुपये 321.99 लाख तथा बानगंगा कैनाल पटरी सम्पर्क मार्ग से परासपिंडा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 2.900 किलोमीटर तथा लागत रुपये 271.69 लाख यानी कुल लागत रुपये 593.68 लाख (लगभग 5.94 करोड़ रुपये) है। विधायक ने कहा कि इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के गाँवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, किसानों, व्यापारियों और आमजन को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।अभी इसी तरह की और सड़कों की स्वीकृति भी शीघ्र मिलने वाली है। शोहरतगढ़ के सर्वांगीण विकास का यह क्रम लगातार जारी रहेगा। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।

# खेलो इंडिया संवाद में सांसद जगदंबिका पाल ने युवाओं से खेल को जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु में मेरा युवा भारत सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। उन्होंने युवा खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न जिलों के एथलेटिक खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया है। प्रधानमंत्री का यह प्रयास देश के युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और विश्वास पैदा करने वाला है। उन्होंने कहा कि मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री है जो अपने देश के खिलाड़ियों से सीधे संवाद कर रहे है। सांसद जगदंबिका पाल ने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्वयं हॉकी खेल चुके हैं तथा स्टेट और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज भी उनकी फिटनेस के पीछे खेलों का बड़ा योगदान है। युवाओं को प्रेरित करते हुए सांसद ने कहा कि यदि मन में जुनून और लक्ष्य को हासिल करने का जज्बा हो तो कोई भी मंजिल असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप 2036 के ओलंपिक में भारत के युवा अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतें, इसके लिए आज से ही 5 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों को अपना लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत और तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। सांसद ने मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने खेल कौशल से देश को विश्व पटल पर गौरव दिलाया। संजय साहनी धावक तथा धाविका मोनिका शर्मा को अपने खेल के क्षेत्र में योगदान देने के लिए सांसद जगदंबिका पाल ने पुरस्कृत भी किया इस अवसर पर स्पोर्ट ऑफिसर चंदन सिंह, डॉक्टर निशांत कुमार चौहान जिला युवा अधिकारी, डॉक्टर अश्वनी कुमार रजिस्टार विश्वविद्यालय, डॉक्टर देवबक्स सिंह एनएसएस समन्वयक, अपर जिला अधिकारी गौरव श्रीवास्तव, अमित उपाध्याय, रमेश मणि त्रिपाठी, राजेश शर्मा , सबलू साहनी, विजय कश्यप, मंगेश शुक्ला, रामदेव कनौजिया, धनंजय सिंह, रमेश गुप्ता, रेनू त्रिपाठी, डॉक्टर अमित साहनी आदि उपस्थित रहे।

## कपडा प्रेस करते समय करंट की चपेट में आई युवती, झुलसी

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ले में बुधवार को प्रेस करते समय एक युवती करंट की चपेट में आ गई। हादसे में वह झुलस गई। भवन स्वामी और पड़ोसी किरायेदारों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सलोन थाना क्षेत्र के धराई गांव निवासी महक (21) साकेत नगर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती है। बुधवार को वह कमरे में अकेली थी। कपड़ों पर प्रेस करते समय अचानक वह करंट की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह झुलस गई। घटना की जानकारी होने पर पड़ोसी किरायेदार और भवन स्वामी मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवती को सीएचसी पहुंचाया। वहां उसका उपचार किया गया।

# सीईआईआर पोर्टल की मदद से हजारीबाग पुलिस ने बरामद किए 65 गुम मोबाइल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अमन कुमार के निर्देशानुसार जिले में गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए कुल 65 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन को गुरुवार को पुलिस कार्यालय हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया गया। मोबाइल वितरण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की विशेष मौजूदगी रही। इस दौरान अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बरामद किए गए मोबाइल उनके सत्यापन के बाद संबंधित वास्तविक धारकों को सुपुर्द किए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक,



अभियान हजारीबाग अमित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर को ट्रैक करने में पुलिस को काफी मदद मिलती है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए मोबाइलों की जानकारी सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज की गई थी। तकनीकी शाखा द्वारा लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई करते हुए इन मोबाइल फोन को अलग-अलग स्थानों से बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कहा कि गुम या चोरी हुए मोबाइल की सूचना तत्काल संबंधित थाना में दर्ज कराएं और मोबाइल का आईएमईआई नंबर उपलब्ध कराएं, ताकि उसे सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रैक कर बरामद करने की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से पुलिस आम लोगों की संपत्ति की बरामदगी में लगातार सफलता हासिल कर रही है। एसपी ने कहा कि गुम हुए मोबाइल की बरामदगी के लिए हजारीबाग पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। सीईआईआर पोर्टल के जरिए अब तक 65 मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए हैं। आम लोगों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करना पुलिस की प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि इसकी सूचना पुलिस को दें और आवश्यक दस्तावेज एवं आईएमईआई नंबर उपलब्ध कराएं।

हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने मोबाइल बरामदगी अभियान में सहयोग के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों और तकनीकी शाखा की टीम के कार्य की सराहना की। उनके अनुसार, विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए मोबाइल की पहचान, तकनीकी निगरानी और बरामदगी में संबंधित थाना प्रभारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि आमजनों के गुम हुए मोबाइल की बरामदगी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जनगणना को लेकर नारायणपुर में हुई समीक्षात्मक बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** भारत की जनगणना 2026 को लेकर गुरुवार को नारायणपुर बीडीओ कमलेश कुमार दास के कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ कमलेश कुमार दास ने कहा कि सभी लोग आपसी समन्वय के साथ जनगणना के कार्य को बेहतर ढंग से पूरा करें। कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल जानकारी दें, ताकि उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रगणक घर-घर जाकर बुनियादी जानकारी एकत्र कर रहे हैं। इसमें मकान, पेयजल, शौचालय, गैस कनेक्शन सहित अन्य आवश्यक जानकारियां शामिल हैं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रगणकों का सहयोग करते हुए सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना के माध्यम से देश के नागरिकों की वास्तविक स्थिति



से संबंधित आंकड़े तैयार किए जाएंगे, जो भविष्य में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। बैठक में बताया गया कि जनगणना के दौरान विद्यालय, सड़क एवं रास्ते सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को भी चिह्नित किया जाना है।

प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर पहचान एवं संपर्क स्थापित करने के साथ भवन और मकानों की नंबरिंग भी की जाएगी। इसके लिए डिजिटल ऐप का उपयोग किया जाएगा। साथ ही डाटा सीडिंग का कार्य करने तथा जिन लोगों ने स्व-गणना की है, उसका सत्यापन भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि नागरिकों से प्राप्त सभी जानकारियों की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य पूरा किया जाए। बैठक में वैद्यनाथ हेम्ब्रम, बादल मंडल, अजय दास, पानेश्वर मरांडी, मो. हैदर, मो. मजहर, मो. इदरीश, मनोज खां, उमेश रवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

# छात्राओं ने बिना हेलमेट बाइक सवारों को बांधी राखी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार के धर्मपुर चौक पर रक्षाबंधन के मौके पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित इस पहल में सीएम एक्सीलेंट विद्यालय की छात्राओं ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले लोगों को राखी बांधी और सुरक्षित यातायात का संदेश दिया। छात्राओं ने वाहन चालकों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहनें और पीछे बैठने वाले सहयात्री की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। राखी बांधते हुए उन्हें सड़क पर सावधानी बरतने तथा परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को तेज रफ्तार, लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने से बचने की सलाह दी गई। इसके अलावा नशे की स्थिति में वाहन नहीं चलाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार तथा प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राम लखन बर्नवाल मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से सड़क सुरक्षा को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाने और यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करने की अपील की। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों ने छात्राओं से भविष्य में बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम लोगों के बीच सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश देने की अनोखी पहल के रूप में सामने आया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** मलकोको स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वयं आकर्षक राखियां बनाई और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने हाथों से विभिन्न रंगों एवं सजावटी सामग्रियों का प्रयोग कर सुंदर-सुंदर राखियां तैयार कीं। इसके बाद बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। विद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका बबिता कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बच्चों को स्वयं राखी



बनाने के लिए प्रेरित किया तथा राखी तैयार करने में उनका सहयोग और मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित होती है। विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने सभी बच्चों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल भाई की कलाई पर राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, स्नेह और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा बनाए रखने तथा आपसी प्रेम और सहयोग के साथ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व और भाई-बहन के अटूट प्रेम के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने बताया कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन का पर्व पारिवारिक प्रेम, आपसी विश्वास और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। बच्चों को त्योहार की परंपरा के साथ-साथ इसके सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं दिनेश कुमार यादव, दिनेश कुमार दास, सकलदेव कुमार यादव, मनु दास, अनिल कुमार, बबिता कुमारी, नीतू कुमारी, ममता कुमारी एवं राहुल कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

# बसरिया में दुर्गा पूजा को लेकर समिति का हुआ गठन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** बसरिया में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति एवं मनोरंजन समिति का गठन किया गया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया नरेश पासवान, उपाध्यक्ष रामधनी दांगी, सचिव दामोदर केशरी एवं कोषाध्यक्ष विजय साव बनाए गए। वहीं, मनोरंजन समिति के अध्यक्ष आकाश सोनी, सचिव विकाश दांगी, कोषाध्यक्ष राजेश दांगी तथा मंच संचालक प्रेम प्रजापति चुने गए। बैठक की अध्यक्षता कृष्णा कसेरा ने की। समिति के अध्यक्ष बनने के बाद पूर्व मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आपसी भाईचारा, एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। इस बार बसरिया में दुर्गा पूजा को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। ग्रामीणों के सहयोग से भव्य पंडाल, आकर्षक प्रतिमा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं, बुजुर्गों एवं समाजसेवियों से पूजा आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि शिव पासवान, दयानंद दांगी, शिक्षक भुवनेश्वर साव, संजय बिहारी, पंकज सोनी, उमेश साव, रवि सोनी, अजय प्रजापति, मुकेश केशरी, चंदन राणा, फलेंद्र दांगी, अभय पासवान, भोला साव, विपिन दांगी, प्रमोद शर्मा, चंदन दांगी, दुलार साव, मदन साव, छोटन दांगी, नंदू साव, राजू दांगी, निरंजन दांगी, मंटू केशरी, आशीष प्रजापति, रोहित केशरी, आदित्य, रविन्द्र राणा, नितेश साव, ढालो दांगी, करू साव, लखन दांगी, पिंटू सोनी, गगन सोनी, विनय दांगी, मुन्ना केशरी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने की गौ सेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** भक्ति की राह में हर कोई बाबा श्याम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करना चाहता है। कोई राजस्थान से सीकर जिले स्थित खाटू धाम में पदयात्रा कर बाबा श्याम का दर्शन करना चाहता है तो कोई अपने घरों में ज्योत प्रज्वलित कर बाबा की आराधना कर रहा है। इसी कड़ी में हजारीबाग के श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा पंचम श्री श्याम मनोहर महोत्सव का आयोजन 30 अगस्त को अग्रसेन भवन प्रांगण में किया जा रहा है। कार्यक्रम से पूर्व गुरुवार को सदस्यों ने हजारीबाग से लगभग 5 से 7 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंचरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता को गुड़,चोकर,फल एवं सब्जी सहित अन्य खाद्य सामग्री खिलाकर सेवा तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत गौशाला परिसर में सभी भक्तों ने बाबा श्याम के भजनों का गुणगान कर भक्ति रस में डुबकी लगाई। परंपरा के अनुसार हर वर्ष महोत्सव से पहले गौ सेवा कर कार्यक्रम को मंगलमय बनाने की कामना



करते हैं। इसके बाद आयोजक मंडली ने उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडे से मुलाकात कर भव्य कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र दिया। 30 अगस्त को अग्रसेन भवन में दोपहर 2:15 से प्रारंभ बाबा श्याम की भव्य महोत्सव बाबा की पूजा-अर्चना के साथ होगी। राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाएगी। इसके बाद अखंड ज्योत प्रज्वलित होगी और भव्य भजन-कीर्तन का सिलसिला प्रारंभ होगा। सर्वप्रथम स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, तत्पश्चात देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। महोत्सव में जयपुर के अभिषेक नामा, कटिहार के आदर्श दाधीच एवं जयपुर के दीपांशु अग्रवाल अपनी भजन प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर बाबा श्याम के दरबार की अलौकिक झांकी भी सजाई जाएगी, जिसकी छटा भक्तों को मंत्रमुग्ध करेगी। आयोजन में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, रामगढ़ कैंट का विशेष सहयोग रहेगा, जबकि श्री श्याम परिवार तुलसीधाम, कोलकाता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 35 एमएम के माध्यम से भी किया जाएगा, जिससे हजारीबाग से बाहर रहने वाले श्याम भक्त भी बाबा के दरबार से जुड़ सकेंगे। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की नौ सदस्यीय टोली पिछले पांच वर्षों से बाबा श्याम की भक्ति, सेवा और सामाजिक समर्पण के साथ इस आयोजन को आगे बढ़ा रही है। पंचम वर्ष के आयोजन को विशेष और यादगार बनाने के लिए सदस्य लगातार तैयारियों में जुटे हैं। आयोजकों ने हजारीबाग सहित आसपास के सभी श्याम भक्तों से 30 अगस्त को अग्रसेन भवन पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

# रक्षाबंधन आज, मिठाइयों का सजा बाजार

## मिलावट का खतरा बरकरार, खाद्य विभाग व प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** आज रक्षाबंधन है। त्योहार को लेकर बाजारों में मिठाइयों की मांग बढ़ गई है। जीटी रोड चौपारण, बसरिया, महराजगंज,बारा रामपुर, पाण्डेयबारा, सिंघरावा सहित अन्य क्षेत्रों में मिठाई की दुकानों पर रंग-बिरंगी मिठाइयों की भरमार है। लेकिन इनकी गुणवत्ता और शुद्धता की जांच को लेकर खाद्य विभाग की सक्रियता दिखाई नहीं दी। ऐसे में त्योहार की मिठास के बीच लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की आशंका गहरा गई है। प्रखंड के कई दुकानों पर खुले में रखी मिठाइयां धूल और गंदगी के बीच बिक्री के लिए सजी नजर आ रही हैं। वहीं, कई दुकानदार स्वयं मिठाइयां तैयार करने के बजाय डुमरी, गोमिया, बाराचट्टी सहित अन्य क्षेत्रों से मिठाइयां मंगाकर बेच रहे हैं। बाहर से लाई जा रही इन मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले खोवा, छेना और अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।



मिठाइयों को आकर्षक दिखाने के लिए अत्यधिक कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल की आशंका भी लोगों को परेशान कर रही है। मिलावटी या खराब गुणवत्ता वाली मिठाइयों का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकता है। दूषित दूध, नकली खोवा या छेना से बनी मिठाइयां खाने से फूड पॉइजनिंग, उल्टी-दस्त, पेट दर्द और संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं, घटिया तेल, सिंथेटिक सामग्री या मानक से अधिक कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। त्योहार के दौरान बच्चों और बुजुर्गों को ऐसी मिठाइयों से विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। बावजूद इसके बाजार में बिक रही मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच नहीं होने से उपभोक्ताओं के सामने यह तय करना मुश्किल हो रहा है कि कौन-सी मिठाई सुरक्षित है और कौन-सी नहीं। बतादें कि रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्ते की मिठास बढ़ाने के लिए लोग बड़ी मात्रा में मिठाइयां खरीदते हैं। मांग बढ़ने के साथ मिठाइयों की बिक्री भी बढ़ जाती है। ऐसे समय में मिलावटखोरों पर निगरानी और खाद्य पदार्थों की नियमित जांच बेहद जरूरी हो जाती है। लोगों का कहना है कि त्योहार से पहले ही मिठाई दुकानों में इस्तेमाल होने वाले दूध, खोवा, घी, पनीर, छेना, खाद्य तेल और कृत्रिम रंगों के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जानी चाहिए। संदिग्ध मिठाइयों को जब्त कर दोषी दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन रक्षाबंधन के दिन तक भी विभाग की ओर से कोई प्रभावी जांच अभियान नजर नहीं आने से लोगों में सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल संबंधित विभाग की कार्यशैली को लेकर उठ रहा है। त्योहार के पहले बाजार में खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ने के बावजूद जांच अभियान नहीं चलाया गया। लोगों ने प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से बाजार में तत्काल छापेमारी, मिठाइयों के नमूने की जांच और मिलावट पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि त्योहार के बाद औपचारिक कार्रवाई करने के बजाय समय रहते जांच अभियान चलाना जरूरी था, ताकि रक्षाबंधन की मिठास किसी परिवार के लिए बीमारी की वजह न बन जाए। अब देखना यह है कि विभाग रक्षाबंधन के दिन या इसके बाद बाजार में सजी मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच करता है या नहीं और मिलावट करने वालों पर कितनी सख्ती बरती जाती है।

# 24 घंटे के हरिकीर्तन का समापन, विधायक ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को झुमाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बच्छई पंचायत स्थित ग्राम ओबरा में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन गुरुवार को भक्तिमय माहौल के बीच संपन्न हो गया। बुधवार सुबह 10 बजे शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन के साथ ही पूरा गांव और आसपास का क्षेत्र हरे राम, हरे कृष्ण के जयकारों से गुंजायमान रहा। हरिकीर्तन में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने भगवान हरि की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक ने स्वयं हरि भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया और वातावरण में उत्साह भर दिया। कीर्तन में लराही, चक, सेवई, हजारी व कोयली के कीर्तन मंडली अपनी प्रस्तुति से समां बांधा। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सहदेव प्रसाद



यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पंसस विजय मधेसिया, समाजसेवी देवल यादव, दिनेश यादव, शंकर दयाल साव, बिनोद साव उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में पुजारी सचिन शर्मा व सरिता देवी, धर्मदेव यादव, सोबरन यादव, सुरेश राणा, रामजीवन राणा, रामलाल शर्मा, कार्तिक यादव, मन्नू शर्मा,सुनील राणा, सुरेश यादव, विकास राणा, लोकनाथ राणा, नारायण राणा, सचिन्द्र साव, आलोक राणा, अमर यादव, अनिल शर्मा, सुरेन्द्र यादव समेत समस्त ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

# भाई-बहनों के असीम अनुराग भरा अनुपम उत्सव रक्षाबंधन को लेकर उत्साहपूर्ण तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया-पाकुड़ झारखंडः-** सांस्कृतिक मूल्यों में धर्म (कर्तव्य) एवं प्रेम को विश्व की आधारशिला कहा गया है। उक्त सारगर्भित शब्द शाश्वत होने के साथ कालजयी हैं जिसका क्षय कदापि नहीं हो सकता। ऐसे पावन व शाश्वत शब्दों का भले ही अज्ञानतावश विकृत अर्थों में प्रयोग किया जाता रहा हो पर इसकी सारगर्भिता व विश्वव्यापी महत्ता कभी प्रभावित नहीं की जा सकती। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहनों का स्नेह भरा त्योहार होने का आशय ही नहीं है अपितु यह उत्सव भी है। त्योहार में हर्षोल्लास है लेकिन उत्सव में प्रेम की असीम गहराई होती है। कहते हैं रक्षाबंधन का अतीत बड़ा ही मार्मिक है। एक समय दैत्यराज हिरण्यकश्यप के सुपुत्र विष्णु भक्त प्रह्लाद के पौत्र वीरोजन पुत्र राक्षसराज बलि



से प्रसन्न होकर भगवान उनके यहां दरबान बन बैठे थे। भगवान को वापस लाने हेतु माता लक्ष्मी जी ने बहन बनकर बलि की कलाई पर प्रेम के धागे बांधे और पारितोषिक के रूप में भगवान को बलि से मांग लिया। इसके अलावा रक्षाबंधन के स्वर्णिम अतीत की गहराइयों में कई ऐसे उल्लेख मिलते हैं जिससे रक्षाबंधन उत्सव की प्रासंगिकता देखी जा सकती है। रक्षाबंधन का उल्लासपूर्ण उत्सव पाकुड़िया के अलावा विभिन्न सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। बहनें उत्साहित होकर अपने प्रिय भाई की सुंदर कोमल कलाई में अनुराग भरी राखी बांधने की पूरी तैयारी में जुटी हैं। वहीं दूसरी ओर भाई भी अपनी स्नेही बहना से अपनी कलाई में रक्षासूत्र बंधवाने की प्रतीक्षा में पलकें बिछाए बैठे हैं। इधर पाकुड़िया बाजार की स्टेशनरी दुकानों में रंग-बिरंगी राखियां अपनी मनमोहक छटा बिखेरकर बहनों को रिझाती दिख रही हैं। रक्षाबंधन का उत्सव 28 अगस्त को उत्साहपूर्वक मनाने की तैयारी बड़े ही मनोयोग से बहनें कर रही हैं। रक्षाबंधन को लेकर पाकुड़िया की रौनक में चार चांद लगता देखा जा रहा है और बहनें भी अपनी पसंद के अनुरूप राखियां खरीद रही हैं। रक्षाबंधन उत्सव को लेकर बालक-बालिकाओं में उमंग उछालें ले रही है। रक्षाबंधन को लेकर राधानगर, नूनाडंगाल, बनोग्राम, श्रीधरपाड़ा, और तालवा-लागडुम गांवों में उत्साह की हिलोरें लेती दिख रही हैं।

# एसआईआर के दावा-आपत्ति को लेकर बीडीओ ने पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष में गुरुवार को एसआईआर के तहत चल रहे दावा-आपत्ति आवेदनों एवं जनसुनवाई की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेश कुमार दास ने की। बैठक में एसआईआर कार्य से जुड़े पर्यवेक्षकों के साथ अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि जिन मतदाताओं को दावा-आपत्ति के लिए नोटिस निर्गत कर बुलाया गया है, उनके द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले वैध दस्तावेजों की विधिवत जांच की जाए। योग्य पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बरकरार रखना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम अनावश्यक रूप से मतदाता सूची से नहीं हटाया जाना चाहिए। बीडीओ एवं सीओ ने कहा कि एसआईआर का कार्य अब तक पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया गया है। आगे भी इसी प्रकार नियमों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से कार्य जारी रखना है। अधिकारियों ने पर्यवेक्षकों को दावा-आपत्ति एवं जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से जांच करने तथा पात्र मतदाताओं के हितों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। बैठक में एसआईआर कार्य से संबंधित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और अधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्य पूरा करने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### बोलेरो गाड़ी सवार 2 बदमाश नाजायज असले खंजर समेत गिरफ्तार



**लुधियाना:** थाना साहनेवाल अधीन आती ग्यासपुरा चौकी की पुलिस पार्टी ने बोलेरो गाड़ी सवार 2 बदमाश को काबू करके उनके कब्जे से एक मोबाइल, नाजायज पिस्तौल, 2 जिंदा कारतूस और एक अन्य सामान बरामद किया है। थाना साहनेवाल के मुखी दलवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्यासपुरा चौकी के प्रभारी गुरचरणजीत सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि बोलेरो गाड़ी में सवार लुटेरा गिरोह के सदस्य उनके इलाके में कोई वारदात को अंजाम देने की ताक में घूम रहे हैं और उनके पास नाजायज असला भी है। पुलिस ने तुरंत अपनी टीम सहित इलाके में ट्रैप लगाकर उक्त लुटेरा गिरोह के 2 सदस्यों को काबू कर लिया। उनके कब्जे से नाजायज असला तथा लूटा हुआ मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान ग्यासपुरा महादेव नगर निवासी अजीत उर्फ भूमिया तथा ग्यासपुरा गुरु तेग बहादुर नगर निवासी सनी कुमार उर्फ सनी के रूप में हुई है।

### 5 किलो अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**लुधियाना-** कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत स्पेशल सेल, लुधियाना की टीम ने ब्रेजा कार सवार एक नशा तस्कर को 5 किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। डीसीपी इन्वेस्टिगेशन हरपाल सिंह की अगुवाई में एडीसीपी/इन्वेस्टिगेशन रूपिंदर कौर भट्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसीपीबी लुधियाना की निगरानी में जोन इंचार्ज हरप्रीत सिंह दहेल, इंचार्ज स्पेशल सेल लुधियाना की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। 25 अगस्त को एएसआई बलजीत सिंह नंबर 2011/लुधियाना सहित पुलिस पार्टी द्वारा हबास चौक, थाना मेहरबान, लुधियाना में गगन दंग संदीप सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव मेहरबान, जिला लुधियाना को काबू किया गया। कानूनी प्रक्रिया के अनुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। इसके अलावा उसके पास से ब्रेजा कार नंबर PB-10- KK -3791, सफेद रंग, भी बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ मुकदमा नंबर 136, दिनांक 25 अगस्त, धारा 18/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना मेहरबान, लुधियाना में मामला दर्ज किया गया है।

# 78 इंच की बंद सीवर लाइन की सफाई शुरू, पुराने शहर के निचले इलाकों को जलभराव से मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लुधियाना।** लुधियाना नगर निगम ने पुराने शहर में लंबे समय से बंद पड़ी 78 इंच चौड़ी मुख्य सीवर लाइन की सफाई का काम शुरू कर दिया है। गऊघाट गुरुद्वारा साहिब के पास स्थित इस महत्वपूर्ण सीवर लाइन की सफाई के लिए स्विस-जर्मन तकनीक वाली आधुनिक सुपर-सक्शन मशीनों और रोबोटिक निरीक्षण कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीवर लाइन की सफाई से धोका मोहल्ला और बुड्ढा नदी से सटे निचले इलाकों में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम की ओर से चल रहे कार्य का जायजा लेने बुधवार को मेयर इंदरजीत कौर मौके पर पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों से सफाई कार्य की प्रगति की जानकारी ली। मेयर ने कहा कि मुख्य सीवर लाइन के लंबे समय से बंद होने के कारण क्षेत्र के लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। आधुनिक तकनीक की मदद से अब इस लाइन की गहराई से सफाई की जा रही है, जिससे सीवेज के बहाव को सुचारु करने में मदद मिलेगी। मेयर ने बताया कि पुरानी सीवर लाइन के मैनहोल तलाशना भी एक चुनौती था। गऊघाट गुरुद्वारा साहिब परिसर के अंदर एक महत्वपूर्ण मैनहोल मिलने के बाद सफाई कार्य को आगे बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है।

**भट्टियां संयंत्र तक बढ़ेगा सीवेज का प्रवाह**

नगर निगम के अनुसार, मुख्य सीवर लाइन बंद होने के कारण 161 एमएलडी क्षमता वाले भट्टियां सीवेज शोधन संयंत्र में अपेक्षाकृत कम मात्रा में सीवेज पहुंच रहा था, जबकि बड़ी मात्रा में सीवेज जमालपुर संयंत्र की ओर जा रहा था। सीवर लाइन की सफाई और अस्थायी मार्ग तैयार होने के बाद करीब 20 से 30 एमएलडी अतिरिक्त सीवेज को सीधे भट्टियां संयंत्र की ओर भेजने की योजना है। इससे जमालपुर प्रणाली के साथ-साथ शिंगार सिनेमा और ट्रांसपोर्ट नगर डिस्पोजल पर दबाव तथा अतिप्रवाह का खतरा कम होने की उम्मीद है।

**11 दिन में अस्थायी मार्ग तैयार करने की योजना**

नगर निगम की ओर से तत्काल राहत के लिए अस्थायी 'टी-आकार' का डायवर्जन सिस्टम भी तैयार किया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, इसे करीब 11 दिनों में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, मुख्य सीवर लाइन की पूरी सफाई का काम अगले एक से दो महीने में पूरा किए जाने की उम्मीद है। मेयर इंदरजीत कौर के निरीक्षण के दौरान पनग्रेन के चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल, नगर निगम के अधीक्षण अभियंता एकजोत सिंह, संचालन एवं अनुरक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी कमल राम, पीडब्ल्यूएसएसबी के कार्यकारी अभियंता बलराज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन से वंचित आदर्श कृष्णनगर, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि।** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के आदर्श कृष्णनगर गांव के निवासी लंबे समय से जल जीवन मिशन की सुविधा से वंचित हैं। गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को रोजाना पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) परियोजना स्थापित करने के उद्देश्य से सर्वेक्षण कराया गया था, लेकिन सर्वेक्षण के बाद अब तक धरातल पर कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार, पेयजल की समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। इसके चलते ग्रामीणों को विभिन्न स्रोतों से पानी जुटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से गांव के प्रत्येक परिवार तक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुंचाने की उम्मीद थी, लेकिन लंबे समय से पीएचई सुविधा शुरू नहीं होने के कारण लोगों में निराशा बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि सर्वेक्षण पूरा होने के बावजूद परियोजना के कार्य में कोई प्रगति नहीं होना चिंता का विषय है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम सरकार के पीएचई मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कृष्णनगर गांव में जल्द से जल्द पेयजल परियोजना शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र परियोजना का कार्य शुरू करेगा और आदर्श कृष्णनगर के प्रत्येक परिवार को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सिलापथार में हरियाली तीज मिलन समारोह हर्षोल्लास से संपन्न



**असम, धेमाजी।** मारवाड़ी सम्मेलन महिला शाखा, सिलापथार की ओर से हरियाली तीज मिलन समारोह पारंपरिक रीति-रिवाज और सावन की उमंग के बीच हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। समिति की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मुंधड़ा एवं प्रिया चांडक, वरिष्ठ सदस्य चंदा देवी जैन, चंदा देवी तातेड, शांता देवी तातेड, चंपा देवी मुंधड़ा और सुलोचना झुनझुनवाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रज्ञा लोहिया और मुस्कान तोषनीवाल ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। वहीं गौरवी शर्मा के स्वागत नृत्य ने समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ज्योति शर्मा एवं मधु तातेड, पूजा मुंधड़ा एवं विनीता भट्टड़ के नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। रत्ना देवी तोषनीवाल, सीमा जैन, पूनम जैन एवं झूमा देवी मालू ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। सोनू संचेती, अनीशा जैन, रीतु डागा, मोनिका संचेती, आरती संचेती, मीनाक्षी संचेती, रिंकू मालू और शिल्पा आंचलिया की सामूहिक प्रस्तुति को भी खूब सराहना मिली। सुजाता मालू के एकल नृत्य ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। कंचन चांडक एवं प्रिया चांडक द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक एवं हास्य नाटक ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। दर्शकों ने नाटक की जमकर सराहना की। पूरे कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन मिली जैन ने किया। समारोह के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा लगाए गए खाद्य स्टॉलों पर स्वादिष्ट व्यंजनों और पेय पदार्थों का लोगों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में करीब 80 लोगों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। समारोह को सफल बनाने में अध्यक्षा रीतु डागा, उपाध्यक्षा गुड्डी जैन, सचिव रत्ना देवी तोषनीवाल, सह सचिव कंचन चांडक एवं ज्योति शर्मा, कोषाध्यक्ष मधु तातेड तथा कार्यकारिणी सदस्य पूनम सिंघानिया और जयश्री बांठिया ने सक्रिय भूमिका निभाई। महिला शाखा की सभी सदस्यों का भी सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम की जानकारी शाखा की सचिव रत्ना देवी तोषनीवाल ने दी।

# इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के अधिकारियों ने वेटेरिनरी यूनिवर्सिटी का दौरा किया- सुविधाओं की तारीफ़ की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता








**लुधियाना-** इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के अधिकारियों की एक टीम ने गुरु अंगद देव वेटेरिनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना का दौरा किया। उन्हें यूनिवर्सिटी की वेटेरिनरी हेल्थकेयर, एनिमल हसबैंड्री प्रोडक्शन, एक्सटेंशन एजुकेशन, डेयरी प्रोसेसिंग, वन हेल्थ और रिसर्च से जुड़ी सुविधाओं के बारे में बताया गया। इस दौरे के दौरान, अधिकारियों ने मल्टी-स्पेशलिटी वेटेरिनरी हॉस्पिटल का दौरा किया, जहाँ उन्होंने टीचिंग वेटेरिनरी क्लिनिक कॉम्प्लेक्स के टीचरों से बातचीत की और यूनिवर्सिटी में मौजूद क्लिनिकल ऑब्ज़र्वेशन और ट्रीटमेंट सुविधाओं के बारे में जाना। टीम ने यूनिवर्सिटी के लाइवस्टॉक फार्म का भी दौरा किया, जहाँ उन्हें साइंटिफिक लाइवस्टॉक प्रोडक्शन, मैनेजमेंट और ब्रीडिंग प्रैक्टिस के बारे में जानकारी मिली। वन हेल्थ सेंटर में, अधिकारियों को जानवरों, इंसानों और एनवायरनमेंटल हेल्थ के प्रति यूनिवर्सिटी के मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच के बारे में बताया गया। एक्सपेरिमेंटल मिल्क प्लांट में, उन्होंने डेयरी प्रोसेसिंग, क्वालिटी मिल्क प्रोडक्ट्स और उससे जुड़ी रिसर्च एक्टिविटीज़ के बारे में जानकारी हासिल की। वाइस-चांसलर डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल ने कहा कि इस तरह के दौरे यूनिवर्सिटी की एक्सपर्टाइज़ और सुविधाओं को दिखाने के लिए एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के इंस्टीट्यूशनल लिंकेज साइंटिफिक जानकारी को बड़े पैमाने पर फैलाने में मदद करते हैं और किसानों, पशुपालकों और समाज की सेवा करने के लिए यूनिवर्सिटी की कोशिशों को मज़बूत करते हैं। एक्सटेंशन एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. रविंदर सिंह ग्रेवाल ने उन्हें किसानों और पशुपालकों के फ़ायदे के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे अलग-अलग एक्सटेंशन कामों के बारे में जानकारी दी। इस दौरे को डॉ. रवदीप सिंह और डॉ. प्रतीक सिंह धालीवाल ने कोऑर्डिनेट किया। आने वाले अधिकारियों ने इंस्टीट्यूशन की स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट सुविधाओं और मल्टीडिसिप्लिनरी इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ़ की। उन्होंने खास तौर पर किसानों और पशुपालकों को अच्छी क्वालिटी की वेटेरिनरी सर्विस देने, साइंटिफिक पशु उत्पादन को बढ़ावा देने, ज़रूरत के हिसाब से रिसर्च करने और किसान समुदाय को बेहतर टेक्नोलॉजी देने के लिए यूनिवर्सिटी की कोशिशों की तारीफ़ की।

# आदर्श कृष्णनगर में लंबे समय से जियो सेवा ठप, ग्रामीण परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि।** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित आदर्श कृष्णनगर गांव में लंबे समय से जियो मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव के कई हिस्सों में जियो का नेटवर्क बेहद कमजोर है, जबकि कुछ स्थानों पर नेटवर्क पूरी तरह गायब रहता है। नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को मोबाइल फोन से बातचीत करने में दिक्कत होती है। वहीं इंटरनेट सेवा प्रभावित होने से विद्यार्थियों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और अन्य नागरिकों के रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल लेन-देन और जरूरी ऑनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल करने में भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क की समस्या का असर आपातकालीन परिस्थितियों में भी पड़ सकता है। जरूरत के समय मोबाइल से संपर्क नहीं हो पाने को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से समस्या की ओर ध्यान दिलाए जाने के बावजूद अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने श्रीभूमि के उपायुक्त (डीसी) समेत संबंधित उच्चाधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की तत्काल जांच कराने तथा दूरसंचार कंपनी के अधिकारियों से बातचीत कर मोबाइल और इंटरनेट सेवा को सुचारु कराने की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से लंबे समय से चली आ रही नेटवर्क समस्या का शीघ्र समाधान होगा और आदर्श कृष्णनगर गांव में निर्बाध मोबाइल एवं इंटरनेट सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

# मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर 27 अगस्त को फ़रीदकोट में होगा 'राष्ट्रीय खेल दिवस' कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**फरीदकोट।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर हर वर्ष मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के तहत 27 अगस्त 2026 को सरकारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फरीदकोट में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट-स्पोर्ट्स एडिशन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, राष्ट्र निर्माण और 'विकसित भारत' के विजन से जोड़ना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी वीरदीप कौर संधू और लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक अधिकारी फरीदकोट मनजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन देश भगत पंडित चेतन देव सरकारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फरीदकोट के प्राचार्य डॉ. राजेश मोहन, सरकारी बृजिंदरा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पूजा भल्ला, जिला युवा अधिकारी वीरदीप कौर संधू तथा एस. मनजीत सिंह भुल्लर के नेतृत्व में किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, राष्ट्र निर्माण और 'विकसित भारत' के विजन से जोड़ना है। खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को खेलों को अपनी दिनचर्या का सक्रिय हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री से सीधा संवाद करेंगे युवा**

कार्यक्रम के दौरान देशभर में 1,600 से अधिक स्थानों पर 9 लाख से अधिक युवाओं के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद में शामिल होने का प्रस्ताव है। इसके बाद प्रधानमंत्री युवाओं को आभासी संबोधन भी देंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय युवाओं के साथ चयनित प्रतिनिधि, खिलाड़ी तथा विभिन्न युवा संगठनों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। युवाओं को खेलों से जुड़ने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. करमजीत सिंह, सरकारी बृजिंदरा कॉलेज से प्रो. रणजीत सिंह बाजवा, प्रो. बिरिंदरजीत सिंह, प्रो. मनविंदर कौर, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. हिमांशु नागपाल सहित अन्य शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहेंगे। एस. मनजीत सिंह भुल्लर ने शहरवासियों, युवाओं, खिलाड़ियों और युवा संगठनों से अपील की कि वे 27 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की भावना को मजबूत करें।

# असम विश्वविद्यालय में 'खेल की बात' का सीधा प्रसारण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर असम विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) सेल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विश्वविद्यालय के बिपिन चंद्र पाल सभागार में 'खेलो इंडिया संवाद 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रो. श्याम रंजन कुमार, प्रो. वेणु पंत तथा पूर्व राज्य स्तरीय खिलाड़ी सुमंत कुमार दास को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर असम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत ने स्वस्थ शरीर, सजग मन और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ-साथ मानसिक सजगता और सकारात्मक दृष्टिकोण भी आवश्यक है। अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत विकास एवं उत्कृष्टता के लिए खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'खेलो इंडिया संवाद 2026 खेल की बात, पीएम के साथ' का सीधा प्रसारण रहा। प्रधानमंत्री के साथ संवाद के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसमें छात्रों ने खेल, शारीरिक क्षमता, युवा विकास तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से जुड़े सवाल पूछे और अपने विचार साझा किए। प्रत्यक्ष संवाद और प्रश्नोत्तर सत्र ने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत एवं सहभागितापूर्ण बना दिया।

# बंदी सिंहों की रिहाई को लेकर दोहरे मापदंड अपनाना अनुचित एवं अव्यवहारिक:नागेंद्र बेनीपाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।**शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता नागेंद्र बेनीपाल ने बंदी सिंहों की रिहाई के मुद्दे पर सरकारों से समानता के आधार पर निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिन सिख बंदियों ने अपनी निर्धारित सजा पूरी कर ली है,उनकी रिहाई के मामले में सरकारों को मानवीय और कानूनी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। नागेंद्र बेनीपाल ने कहा कि बंदी सिंहों के मामले में लंबे समय से अलग-अलग स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में सजा पूरी होने के बावजूद बंदियों को रिहाई क्यू नहीं हो रही हैं,जबकि अन्य मामलों में सरकारों द्वारा अलग मापदंड लिए गए हैं। उनका कहना हैं कि कानून का पालन सभी नागरिकों के साथ समान रूप से होना चाहिए और किसी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं होनी चाहिए।उन्होंने बंदी सिंहों की रिहाई से संबंधित पूर्व में जारी सरकारी अधिसूचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि किसी स्तर पर रिहाई का निर्णय या घोषणा की गई थी,तो उसके क्रियान्वयन पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। बेनीपाल ने कहा कि इस पूरे विषय को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने के बजाय कानून और मानवीय आधार पर समाधान तलाशने की आवश्यकता है।बलवंत सिंह राजोआणा के मामले पर बेनीपाल ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया चल रही है।उन्होंने कहा कि इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को कानूनी पैरवी के लिए शामिल किया गया है। उनके अनुसार, हाल की सुनवाई में मामले पर आगे विचार के लिए बड़ी पीठ गठित करने की आवश्यकता पर चर्चा हुई है।

# जिले के दुल्लभछड़ा में सर्किल कार्यालय स्थापित करने की मांग तेज, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा में नया सर्किल कार्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। गत 26 अगस्त को श्रीभूमि जिला उपायुक्त के माध्यम से भेजे गए इस ज्ञापन पर विधायक विजय मालाकार, सांसद कृपानाथ मालाह , विभिन्न ग्राम पंचायतों के अध्यक्षों, चाय बागान मालिकों तथा स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि परिसीमन के बाद रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र का भौगोलिक क्षेत्र एवं जनसंख्या दोनों बढ़े हैं, लेकिन पूरे क्षेत्र में केवल एक ही सर्किल कार्यालय है। भूमि संबंधी कार्यों के लिए दूर-दराज के लोगों को रामकृष्णनगर जाना पड़ता है। इससे दैनिक मजदूरी पर निर्भर लोगों को एक दिन की मजदूरी गंवाने के साथ ही आने-जाने में करीब 250-300 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुल्लभछड़ा भौगोलिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां चाय उद्योग, रेल संपर्क, सब-पोस्ट ऑफिस, विद्युत सब-स्टेशन, बैंक तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। सरकारी कार्यालय स्थापित करने के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध होने के साथ ही स्थानीय लोग निजी स्तर पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए भी तैयार हैं। दुल्लभछड़ा के सेवानिवृत्त एडीसी नीलमणि दास लंबे समय से क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों से क्षेत्र में रेल सेवा और एसबीआई शाखा स्थापित होने का उल्लेख करते हुए स्थानीय लोगों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। वर्तमान में वे दुल्लभछड़ा में सर्किल कार्यालय की स्थापना के लिए भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में सेवानिवृत्त एडीसी नीलमणि दास, समाज चिंतक भाग्य सिंह, रवीन्द्र सिन्हा एवं सेवानिवृत्त शिक्षक माणिक लाल विश्वास सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से जनहित में दुल्लभछड़ा में सर्किल कार्यालय की स्थापना शीघ्र करने की जोरदार अपील की है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं की प्रगति की डीएम ने समीक्षा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मातृ स्वास्थ्य, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, टीकाकरण, RCH पोर्टल, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। जननी सुरक्षा योजना में जुलाई 2026 तक 77,848 के लक्ष्य के सापेक्ष 17,412 संस्थागत प्रसव हुए हैं, जो 22.37 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने जनपद की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर उन्हें सरकारी चिकित्सालयों में सुरक्षित प्रसव हेतु प्रेरित किया जाए। वहीं रामनगर, बहादुरपुर, सैदाबाद, मांडा, भगवतपुर, बहरिया, धनुपुर एवं होलागढ़ में जनपद के औसत के सापेक्ष कम प्रसव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ऐसे आशा कार्यकर्ताओं को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए, जिनके द्वारा विगत कई माह से शून्य प्रसव कराए गए हैं। ऐसे आशाओं को नोटिस जारी कर उनके कार्यों की निरंतर समीक्षा की करने तथा अपेक्षित सुधार न होने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। फर्स्ट रेफरल यूनिट (FRU) सीएचसी, कोरांव की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सीएचसी कोरांव के चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि क्षेत्र की सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (HRP) को समय से चिन्हित कर आवश्यकतानुसार उनका सिजेरियन प्रसव सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में बताया गया कि माह जुलाई में मात्र 10 सिजेरियन प्रसव हुए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जरूरतमंद HRP महिलाओं को चिन्हित कर सीएचसी कोरांव में गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सिजेरियन सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के भुगतान की समीक्षा में वर्तमान भुगतान प्रगति 79.43 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रत्येक दशा में कम से कम 90 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले इस कार्यक्रम में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा में निजी चिकित्सालयों में विशेष कैंप आयोजित कर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निजी चिकित्सालयों में कार्ड निर्माण की साप्ताहिक समीक्षा करने तथा प्रत्येक निजी चिकित्सालय द्वारा प्रतिदिन कम से कम एक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। आवश्यकता के अनुसार निजी चिकित्सालयों को प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाय। ABHA ID निर्माण की समीक्षा में रामनगर, बहरिया, चाका, सैदाबाद, भगवतपुर एवं बहादुरपुर सहित कम प्रगति वाले क्षेत्रों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह की 10 तारीख को राशन वितरण के दौरान कोटेदारों के सहयोग एवं समन्वय से पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड एवं ABHA ID बनाने की कार्यवाही की जाए।

# लापता नाबालिग बालक सकुशल बरामद

## दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना उतरांव पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालक को तकनीकी माध्यमों की मदद से सकुशल बरामद कर लिया। वहीं, थाना नवाबगंज पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एक नाबालिग बालक 25 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे स्कूल से घर आने के बाद सामान लेने के लिए बाजार गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना उतरांव में मु0अ0सं0-192/2026, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। बालक की तलाश और सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी माध्यमों की सहायता से तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना उतरांव क्षेत्र के देवनीपुर तिराहा के पास से बालक को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने नियमानुसार आगे की कार्रवाई की। बरामदगी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव और आरक्षी सुब्रत प्रसाद शामिल रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

दूसरे मामले में थाना नवाबगंज पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और धमकी देने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 21 अगस्त 2026 को उनकी नाबालिग बेटी निमंत्रण से घर लौट रही थी। इसी दौरान गांव के ही अरुण कुमार गौतम ने उसके साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर नवाबगंज थाने में मु0अ0सं0-365/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और पॉक्सो अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 26 अगस्त 2026 को बरौडा रेलवे क्रॉसिंग के पास से अभियुक्त अरुण कुमार गौतम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों मामलों में उपलब्ध साक्ष्यों और संबंधित लोगों से पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## ट्रेन से गिरकर 16 वर्षीय किशोर की मौत

**नैनी, प्रयागराज ।** नैनी रेलवे स्टेशन यार्ड में गुरुवार सुबह ट्रेन से गिरकर 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसा किलोमीटर संख्या 818/09-11 के पास हुआ।प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अगस्त की सुबह ट्रेन संख्या 11055 गोदान एक्सप्रेस से यात्रा के दौरान एक किशोर अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विशाल पुत्र रामपाल, निवासी ऊंचाहार सावापुर, मजरे नेवादा, रायबरेली, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 16 वर्ष बताई गई है।घटना की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।वहीं, नैनी जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

## प्लॉट को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** प्लॉट के विवाद को लेकर मारपीट कर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के मोहल्ला खानकाह निवासी सुम्बुल खान पत्नी यासीन खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका प्लॉट मोहल्ला गणेशगंज वार्ड नंबर 06 में स्थित है, जिसका विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि 22 अगस्त की शाम करीब सात बजे अशरफ खान, असजद खान, सुबहान खान और उवैस खान प्लॉट पर पहुंचे और कब्जे के इरादे से साफ-सफाई कर तिरपाल डालने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति यासीन खान के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी धक्का-मुक्की की गई। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** आबादी के करीब तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। तेंदुए के गांव के पास विचरण करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई में लगातार तेंदुए की चहलकदमी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव के आस-पास तेंदुए के दिखाई देने और उसकी चहलकदमी से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी थी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने गांव के समीप तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। बताया जा रहा है कि पिंजरा लगाए हुए लगभग तीन दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उसके आस-पास तेंदुए की कोई गतिविधि दिखाई नहीं दी है। इससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीण खेतों की ओर जाने में भय महसूस कर रहे हैं। गुरुवार ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ पिजरे के पास नहीं पहुंच रहा इसको लेकर वह परेशान हैं।

# सर्वोदय विद्यालय की छह छात्राओं ने जुडो में जीते स्वर्ण पदक

## जनपद एवं मंडलीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया वालीफाई।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कौड़िहार स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय (बालिका) विद्यालय की छात्राओं ने जनपद एवं मंडलीय जुडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छह छात्राओं ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किए। स्वर्ण पदक जीतने वाली सभी छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय की अंतिमा सरोज (कक्षा 10), आस्था तिवारी (कक्षा 11), दीपांजलि (कक्षा 9), अनुराधा (कक्षा 9), सुहानी (कक्षा 8) और सन्नो (कक्षा 6) ने अपने-अपने मुकाबलों में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। अब ये सभी छह छात्राएं राज्य स्तरीय जुडो प्रतियोगिता में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एक से 24 सितंबर तक सहारनपुर में आयोजित की जाएगी।

## फ्लॉवर वैली पीपुल्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**नैनी, प्रयागराज।** फ्लॉवर वैली पीपुल्स स्कूल, मडौका रोड में रक्षाबंधन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए राखी थाली डेकोरेशन एवं कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा चौबे जी ने की। कार्यक्रम के संयोजक अमरदीप यादव रहे।बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर-सुंदर राखियां बनाई और राखी की थालियों को फूल, कुमकुम, चावल, दीया और रंगों से आकर्षक रूप से सजाया। बच्चों ने रक्षाबंधन के महत्व पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए।कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण रहा जब ह्लह्वह्यद्गह्म्4, चत्र और क्क्रद्गश्च की नन्हीं बच्चियों ने नन्हें-मुन्ने लड़कों को राखी बांधकर भाई-बहन के अटूट प्रेम को जीवंत कर दिया। इस मनमोहक दृश्य को देखकर पूरा परिसर भावुक हो उठा।

# बारावफात के जुलूस में बेकाबू घोड़े का कहर,कई दर्जन लोग घायल

## व्यापारी को रौंदते हुए बाजार में घुसा घोड़ा, दुकानों में भी हुई तोड़फोड़; व्यापारियों में आक्रोश।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** बारावफात के जुलूस के दौरान मेवालाल बगिया चौराहे के पास एक घोड़ा अचानक बेकाबू हो गया। बेकाबू घोड़े ने हनुमान नगर के व्यापारी फतेह बहादुर कुशवाहा को रौंद दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बेकाबू घोड़े की चपेट में आने से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घोड़ा बेकाबू होकर बाजार की ओर दौड़ पड़ा और इस दौरान कई लोगों को चोटें आईं। घोड़े ने कुछ दुकानों में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल फतेह बहादुर कुशवाहा को मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई।घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारी नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर घायल फतेह बहादुर कुशवाहा का हालचाल जाना और घटना पर गहरा आक्रोश जताया। व्यापारियों ने जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की।इस घटना की व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल, नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल, धर्मराज पटेल, अमर बहादुर कुशवाहा, राजेश जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, नरेंद्र चौरसिया, राजेश शर्मा, रामबाबू केसरवानी और माधव विश्वकर्मा ने कड़ी निंदा की। व्यापारी नेताओं ने घायल व्यापारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए घटना को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

# नवाबगंज पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** मुकदमा वादी अमर सिंह पुत्र राम चन्द्र निवासी-277, 1बी भाटिया मोड़ जयप्रकाश नगर गाजियाबाद उ0प्र0 द्वारा दिनांक-23.08.2026 को थाना नवाबगंज पर तहरीर दी गयी कि प्रार्थी के पास टाटा मोटर्स के एक ट्रक वाहन सं0-यू0पी0 78 एफ0एन0 4041 का वास्तविक मालिक है । दिनांक-20.08.2026 को मुकदमा वादी के जरिये दूरभाष जानकारी प्राप्त हुई कि उसके ट्रक के रजिस्ट्रेशन नम्बर का कूटरचना कर प्रयागराज के थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत 01 ट्रक द्वारा किया जा रहा है जिसका उपयोग किसी आपराधिक गतिविधियों में किया जा सकता है । प्रकरण में मुकदमा वादी अमर सिंह पुत्र राम चन्द्र निवासी-277, 1बी भाटिया मोड़ जयप्रकाश नगर गाजियाबाद उ0प्र0 द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दिनांक-23.08.2026 को थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-361/2026 धारा-319(2)/318(4)/336(3)/338/340(2) भा0न्या0सं0 बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया । थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-361/2026 धारा-319(2)/318(4)/336(3)/338/340(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुनील पुत्र नानू निवासी प्लाट एवं खसरा नं0- 7/14/2,15/2 त्न/स्न पपरावत एक्सेंसन नजफगढ़ नई दिल्ली को थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-28.08.2026 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत श्रंगवेरपुर स्थित हाईवे के पास गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित 01 ट्रक कूटरचित नम्बर प्लेट सं0-UP78FN4041 के साथ बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवा दल ने दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** तत्कालीन हिंदुस्तानी सेवा दल और मौजूदा कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के स्वयंसेवकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने गऊघाट स्थित मलिन बस्ती में पहुंचकर वहां के बच्चों को बिस्कुट सहित अन्य खाद्य सामग्री वितरित की।इस दौरान कांग्रेस सेवा दल के शहर मुख्य संगठक अभिनीत कुशवाहा ने डॉ. हार्डीकर के योगदान को याद करते हुए बताया कि सन 1920 में असहयोग आंदोलन के बाद अंग्रेज सरकार ने बड़ी संख्या में क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था और भयंकर दमन किया था। इस दमन के कारण कई क्रांतिकारी टूट गए और क्रांति से किनारा कर लिया। ऐसी परिस्थिति को डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर ने भली-भांति समझा और सैन्य प्रशिक्षण के माध्यम से अहिंसक युद्ध लड़ने के लिए एक संगठन तैयार किया। वही संगठन उस दौर में हिंदुस्तानी सेवा दल के रूप में स्थापित हुआ, जो आगे चलकर कांग्रेस सेवा दल के रूप में जाना गया।इस अवसर पर जिला मुख्य संगठक अनुपम श्रीवास्तव, शहर उपाध्यक्ष गुलेरेज हैदर, जिला उपाध्यक्ष भास्कर सिंह, शहर उपाध्यक्ष अनुज यादव, मनोज पटेल, मोहम्मद आरिफ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाइक के विवाद में घर में घुसकर मारपीट मामलें में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** बाइक को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी प्रवीन भारती पुत्र वासदेव भारती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अगस्त 2026 की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के गुरवचन पुत्र रामदीन, राजपाल पुत्र रामदीन, रामआसरे पुत्र रामदीन, इन्द्रजीत पुत्र रामदीन और आशीष पुत्र गुरवचन मोटरसाइकिल की बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे ।प्रवीन भारती के अनुसार, जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपी उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# आम के पेड़ पर फन्दे से लटका हुआ मिला महिला का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** गांव से कुछ दूर खड़े आम के पेड़ पर महिला का फंदे से लटका हुआ शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि घरेलू कलर और प्रताड़ना के चलते महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मृतका का शव पीएम हेतु भेजने के बाद मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव ककरौआ में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव से करीब 100 मीटर दूर आम के पेड़ पर 40 वर्षीय महिला का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतका की पहचान लज्जा देवी पत्नी लालजीत के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, लज्जा देवी की शादी वर्ष 2001 में लालजीत से हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा अभिजीत विवाहित है, जबकि दूसरा बेटा गुरजीत इंटर कॉलेज में पढ़ता है। नौ वर्षीय बेटी कोमलप्रीत अभी छोटी है।बताया गया कि मृतका का देवर अनिल करीब आठ वर्ष पहले अपनी पत्नी को छोड़ चुका है और तभी से परिवार के साथ रह रहा है। परिजनों के अनुसार, अनिल अपने हिस्से की करीब दो बीघा जमीन अपने नाम कराने को लेकर पिता हीरालाल और परिवार के अन्य सदस्यों से आए दिन विवाद करता था। आरोप है कि मंगलवार को भी जमीन के विवाद को लेकर घर में कहासुनी के बाद मारपीट हुई और लज्जा देवी के साथ भी मारपीट की गई। आशंका जताई जा रही है कि घरेलू कलह और कथित प्रताड़ना से आहत होकर लज्जा देवी रात में घर से निकल गईं और गांव के बाहर आम के पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह शव लटका मिलने की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।सूचना पर माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना प्रभारी अशोक पाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया अटूट बंधन का त्योहार रक्षाबंधन

पूरनपुर (पीलीभीत) । मोहन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भाई बहन के अटूट बंधन का त्योहार रक्षाबंधन बड़े धूमधाम के साथ बनाया गया। बृहस्पतिवार को वंदना सत्र में विद्यालय के आचार्य खेमकरन लाल ने भैया बहनों को रक्षाबंधन के पर्व के बारे में जानकारी प्रदान की तथा विद्यालय की बहनों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ भाइयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधा व मिठाई खिलाई। प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने सभी भैया बहनों व विद्यालय के समस्त स्टाफ को रक्षाबंधन की शुभकामना दी। रक्षाबंधन के कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य महिपाल गंगवार, बलराम सिंह, गेंदन लाल, मनीष दिवाकर, शिल्पी श्रीवास्तव, सुबोध कुमार अग्निहोत्री, अर्चना सक्सेना व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# महिला अस्पताल में पर्चा बनाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** महिला अस्पताल आने वाली गर्भवती महिलाओं से पर्चा बनाने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। नगर पंचायत पूरनपुर देहात में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के समीप स्थित 50 शैय्या युक्त महिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं की पर्ची बनाने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में वार्ड ब्वाय और सफाई कर्मचारियों को पर्ची बनाने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे अस्पताल की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश सरकार की जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की पर्ची नि:शुल्क बनाए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद अस्पताल में तैनात कर्मचारी महिलाओं से पर्ची के नाम पर रुपये लिए जाने का आरोप लगा है। आरोप के अनुसार वार्ड ब्वाय सहित चार कर्मचारियों को पर्ची बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक रुपये की पर्ची के लिए कई बार खुले पैसे लाने का दबाव बनाया जाता है। खुले पैसे न होने की स्थिति में कुछ महिलाएं पांच से दस रुपये तक देकर पर्ची बनवाने को मजबूर हो जाती हैं। इस संबंध में एक कर्मचारी से जानकारी ली गई तो उसने सभी से रुपये लिए जाने और किसी को छूट न दिए जाने की बात कही। मामले में गुरुवार दोपहर पूरनपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा ने बताया कि जेएसवाई के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की पर्ची नि:शुल्क है। उन्होंने कहा कि यदि पर्ची के नाम पर अवैध वसूली हो रही है तो मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में भ्रष्टाचार या अवैध वसूली किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लोगों पर हमलावर होने वाला सांड चार दिनों से भूखा-प्यासा बंधा

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** लोगों पर हमलावर होने वाले आवारा सांड को कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने पकड़कर एक स्थान पर बांध दिया। बताया जाता है जानकारी के बावजूद अभी तक जिम्मेदारों ने सांड को गौशाला नहीं भिजवाया। चार दिन से भूखा प्यासा सांड एक ही स्थान पर बंधा हुआ है। किसान नेता के हस्तक्षेप पर उपजिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सांड को तत्काल गौशाला भिजवाया जाये। तहसील क्षेत्र के गांव नवाजपुर तालुके चांदपुर में एक आवारा सांड के करीब चार दिनों से भूखा-प्यासा बंधे होने का मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बरेली मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने खंड विकास अधिकारी पर उच्च अधिकारियों के निर्देश के बावजूद सांड को गौशाला न भिजवाने का आरोप लगाया है। किसान नेता लालू मिश्रा ने गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बताया कि उक्त सांड गांव के कई लोगों पर हमला कर चुका है। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सांड को पकड़कर एक स्थान पर बांध दिया। आरोप है कि सांड को गौशाला भेजने के लिए तत्काल खंड विकास अधिकारी को सूचना दी गई, लेकिन इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।इसके बाद किसान नेता ने एसडीएम मयंक गोस्वामी को फोन कर मामले की जानकारी दी। एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी को सांड को कजरी निरंजनपुर गौशाला भिजवाने के निर्देश दिए। किसान नेता का कहना है कि एसडीएम करीब तीन बार निर्देश दे चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। लालू मिश्रा ने बताया कि सांड के हमलावर होने के कारण ग्रामीण उसके पास जाने से डर रहे हैं, जिससे उसे चारा और पानी भी नहीं दिया जा पा रहा है। एसडीएम मयंक गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने खंड विकास अधिकारी को सांड को तत्काल गौशाला भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरा काम नहीं है, गुरुवार को भी मामले की जानकारी मिलने पर खंड विकास अधिकारी को सांड को आज ही गौशाला भिजवाने के लिए कहा गया है।

# नौनिहालों ने घर की सामग्री से गढ़ीं खूबसूरत राखियां, जन्माष्टमी की तैयारियों में भी दिखा उत्साह

## .......पीएम श्री कंपोजिट माध्यमिक विद्यालय निगोहां में बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों के जरिए दिखाई प्रतिभा, श्रीकृष्ण झांकी की तैयारियां शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पीएम श्री कंपोजिट माध्यमिक विद्यालय निगोहां में इन दिनों उत्साह का माहौल है। पढ़ाई के साथ बच्चों के कौशल विकास और भारतीय संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं ने घर में आसानी से उपलब्ध सामग्री से रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां तैयार कीं। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए झांकी और विद्यालय परिसर की सजावट की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

**रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और ऊन से सजाई राखियां**

राखी निर्माण गतिविधि में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, कागज, ऊन और अन्य सजावटी सामग्री का प्रयोग कर अपनी पसंद की राखियां बनाईं। किसी ने पारंपरिक डिजाइन को अपनाया तो किसी ने अपनी कल्पनाशीलता से अलग और आकर्षक डिजाइन तैयार किए। शिक्षकों ने बच्चों को बाजार से महंगी सामग्री खरीदने के बजाय घर में उपलब्ध अथवा अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इससे बच्चों को 'वेस्ट से बेस्ट' की अवधारणा समझने का अवसर मिला, वहीं उनके हस्तकौशल, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिला।

**जन्माष्टमी की झांकी और सजावट की तैयारी शुरू**

रक्षाबंधन के साथ ही विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। छात्र-छात्राएं भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप पर आधारित झांकी तैयार करने में जुटे हैं। विद्यालय परिसर को आकर्षक बनाने के लिए बच्चे स्वनिर्मित सजावटी सामग्री भी तैयार कर रहे हैं। बच्चे श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ी झांकी के लिए सामग्री तैयार करने के साथ रंगीन कागज और अन्य वस्तुओं से सजावट कर रहे हैं। इन गतिविधियों से विद्यालय परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिल रहा है।

**गतिविधियों से निखर रहा बच्चों का हुनर**

विद्यालय की प्रधानाध्यापक ममता ने बताया कि बच्चों के स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्योहारों की तैयारियां करीब एक सप्ताह पहले से शुरू करा दी जाती हैं। उनका कहना है कि बच्चों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय गतिविधि आधारित शिक्षा का अवसर दिया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि त्योहारों से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी मिलती है। साथ ही उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच, कला-कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है।

**भारतीय संस्कृति और परंपराओं से हो रहे परिचित**

विद्यालय में आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है। राखी निर्माण के माध्यम से जहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं जन्माष्टमी की तैयारियों के जरिए उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और बाल लीलाओं से परिचित कराया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होते, बल्कि बच्चों को व्यवहारिक रूप से सीखने का अवसर भी देते हैं। स्वयं राखी बनाना, झांकी तैयार करना और सजावट में भाग लेना बच्चों को योजना बनाने, सामग्री का चयन करने और मिल-जुलकर काम करने की सीख देता है। बच्चों द्वारा तैयार की गई रंग-बिरंगी राखियां विद्यालय में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। कम लागत और घर में उपलब्ध सामग्री से सुंदर राखियां बनाकर बच्चों ने यह संदेश दिया कि रचनात्मकता के लिए महंगी सामग्री की जरूरत नहीं होती। वहीं जन्माष्टमी की झांकी को लेकर भी विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

# नेपाल में हृदय विदारक घटना से द्रवित होकर सिख समुदाय ने गुरूद्वारे मे विशेष अरदास की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नेपाल में आए भीषण जलप्रलय ने संपूर्ण विश्व को झकझोर कर रख दिया है। इस त्रासदी में अनगिनत लोगों की मौत हो चुकी है जबकि कई सौ लोग लापता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री से बात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिया है।भारत ने कई टन राहत सामग्री,जरूरी दवाएं,भारतीय वायुसेना का विमान नेपाल भेजा है।भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने गुरूद्वारे मे अरदास कर वाहेगुरु से हताहत हुए लोगों की आत्मा की शांति, लापता लोगों की सकुशल वापसी और घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पाठ के उपरांत सतनाम वाहेगुरु के नाम का जप कर हताहत लोगों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि तबाही का वह मंजर देखकर हृदय कांप उठता है यह संपूर्ण मानवता की पीड़ा है।दु:ख की घड़ी में भारत नेपाल के भाई-बहनों के साथ खड़ा है। वाहे गुरू से अरदास है कि दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और प्रभावित परिवारों को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।हरिंदर सिंह,परविंदर सिंह, लखविंदर सिंह,नवाजोत सिंह, कुलभूषण सिंह,कुलदीप सिंह हरकिशन सिंह,हरमनजी सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दो सड़क दुर्घटनाओं के मामलें में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना गजरौला क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत के मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला 20 अगस्त का है। बरेली के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गांव उरला जागीर निवासी सायरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति अमर खां अल्टो कार से बरेली से पूरनपुर जा रहे थे।दोपहर करीब पौने दो बजे आरटीओ कार्यालय के समीप पूरनपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में अमर खां गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## तथ्यों को छुपाकर दो पासपोर्ट बनवाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर (पीलीभीत)। तथ्यों को छुपा कर दो पासपोर्ट बनवाने के आरोप में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय बरेली की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ व्यक्तिगत विवरण बदलकर और तथ्य छिपाकर दो अलग-अलग पासपोर्ट प्राप्त करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय बरेली की ओर से पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को भेजे गए पत्र के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया वीजा प्रोसेसिंग के दौरान बायोमेट्रिक जांच में मामला सामने आया है। आरोप है कि थाना घुघंचिहाई क्षेत्र के ग्राम अभयपुर माधौपुर निवासी गुरजंट सिंह पुत्र ताजेन्द्र सिंह ने अलग अलग व्यक्तिगत विवरणों का इस्तेमाल कर दो पासपोर्ट प्राप्त किए। पत्र में बताया गया कि पासपोर्ट संख्या आर0219825 गुरजंट सिंह के नाम से जारी किया गया था। जबकि बाद में व्यक्तिगत विवरण में बदलाव कर पासपोर्ट संख्या एस8068510 कुलदीप सिंह के नाम से प्राप्त किए जाने की बात सामने आई।

# विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ को फोन पर धमकी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कुतुबनगर ( सीतापुर ) विद्युत उपकेंद्र देवगवा पर तैनात एसएसओ आशीष कुमार गौतम को बुधवार शाम फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विद्युत प्रवाह को लेकर कुसैला निवासी राहुल कुमार वर्मा ने एसएसओ को फोन किया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। जानकारी के अनुसार घटना के बाद एसएसओ आशीष कुमार गौतम ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। घटना को लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों में भी नाराजगी बताई जा रही है। बताया गया कि विद्युत आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं और विभागीय कर्मचारियों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बन जाती है। पुलिस मामले की सूचना के आधार पर जांच कर रही है। पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है। वहीं देवगवा विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता जगदीश प्रसाद ने बताया मामला संज्ञान में आया है इस बाबत में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# मंडला युक्त ने कल्चरल कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण ऋषिराज एवं नगर आयुक्त साईं तेजा के साथ प्रयागराज स्मार्ट सिटी से वित्तपोषित एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे कल्चरल कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 1,500 लोगों की क्षमता वाले निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यों को सितंबर अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑडिटोरियम में पीवीआर स्तर की सुविधाएं विकसित करने पर जोर देते हुए मार्किंग स्ट्रिप्स एवं रो की नंबरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, यदि संभव हो तो फ्रंट की दो पंक्तियों में फोल्डिंग सीट्स तथा हॉल में बेहतर गुणवत्ता के पर्दों की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। उन्होंने बेस्ट क्वालिटी के कैमरा, लाइट एवं साउंड सिस्टम लगवाने तथा कैमरा रूम को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए।

# काटलीछड़ा एस.के. रॉय कॉलेज में 'खेलो इंडिया संवाद खेल की बात पीएम मोदी के साथ' का भव्य आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि।** असम के काटलीछड़ा स्थित एस.के. रॉय कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माई भारत के सहयोग से 'खेलो इंडिया संवाद—खेल की बात पीएम मोदी के साथ' कार्यक्रम का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पारंपरिक तिलक एवं स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कॉलेज परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं माई भारत स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सीधे प्रसारण को एक साथ देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों एवं विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। खेल प्रशिक्षक राजा दास तथा प्रसिद्ध खिलाड़ी तापस पाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, अनुशासन, परिश्रम, आत्मविश्वास एवं टीम भावना पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं से खेलों को केवल प्रतियोगिता के रूप में नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने खिलाड़ियों एवं अतिथियों के साथ सीधा संवाद किया तथा खेल एवं युवा विकास से संबंधित अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। स्वयंसेवकों ने माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण किया और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के ऑनलाइन क्विज में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, माई भारत पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, युवा सहभागिता एवं खेलों के विकास से संबंधित अपने सुझाव भी ऑनलाइन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। वक्ताओं ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य के. राजेन सिंघा, उप-प्राचार्य सुप्रियो मजूमदार, खेल प्रशिक्षक राजा दास, प्रसिद्ध खिलाड़ी तापस पाल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिमान भट्टाचार्य, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. उदय शंकर चक्रवर्ती, डॉ. मानिक गुप्ता, सोमा डे तथा सामाजिक कार्यकर्ता राघव चंद्र नाथ सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, माई भारत स्वयंसेवक एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

